फाल्गुन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 11 मार्च 2024
वर्ष 34, अंक 46, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

कतर में दुनिया की पहली एआई एयर होस्टेस लांच 16

फिल्म बड़े घर की बेटी में अंजना और यामिनी 15

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. वन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

यूपी पहले देश की राजनीति तय करता था, अब विकास की दिशा भी तय कर रहा : मोदी

पूर्वांचल में खत्म हुआ माफियाराज

- प्रधानमंत्री ने आजमगढ़, श्रावस्ती, मुरादाबाद, चित्रकूट व अलीगढ़ को दिया एयरपोर्ट का तोहफा
- लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नवीन टर्मिनल का भी हुआ लोकार्पण
- आजमगढ़ से 34700 करोड़ की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश में अपने दौरे के दूसरे दिन रविवार को आजमगढ़ से प्रदेश में पांच नए एयरपोर्ट और लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नवीन टर्मिनल का लोकार्पण करते हुए इंडी गठबंधन को जातिवाद, परिवारवाद, भ्रष्टाचार, माफियाराज, तुष्टिकरण और कट्टरपंथ का पोषक ठहराया। कहा कि अब उप्र. से माफियाराज और कट्टरपंथ खत्म हो गया है। मुख्यमंत्री योगी की तारीफ करते कहा कि उत्तर प्रदेश पहले देश की राजनीति तय करता था, अब विकास की दिशा भी तय कर रहा है।

मोदी ने प्रदेश के पांच जिलों में नए एयरपोर्ट और लखनऊ एयरपोर्ट के नवीन टर्मिनल के लोकार्पण के साथ ही 34700 करोड़ की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों का प्यार और विकास से जातिवाद, परिवारवाद और वोटबैंक के भरोसे बैठे इंडी गठबंधन की नींद उड़ गई है। पीएम ने कहा कि प्रदेश में जबसे डबल इंजन सरकार आई है, तबसे यूपी की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली है। यूपी केंद्र की योजनाओं को लागू करने में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्यों में है। ये आंकड़े और जमीनी हकीकत बोल रहे हैं। यूपी पहले देश की राजनीति तय करता था, मगर अब विकास की दिशा भी तय कर रहा है। मोदी ने कहा कि यूपी जैसे-जैसे विकास की बुलंदियों को छू रहा है, तुष्टिकरण का जहर भी कमजोर पड़ रहा है।

उन्होंने भोजपुरी में कहा कि ...आजमगढ़ जौन चाह जाला ऊ कर लेवेला...। पिछले चुनाव में लोगों ने दिखा दिया कि परिवारवादी लोग जिसे अपना गढ़ समझते थे उसे दिनेश जैसे एक नौजवान ने ढहा दिया। इसलिए बौखलाए हुए हैं, आए दिन मोदी को गाली दे रहे हैं। कह रहे हैं कि मोदी का अपना परिवार नहीं है। वो ये भूल जाते हैं कि मोदी का परिवार देश की 140 करोड़ जनता है। हिन्दुस्तान के हर कोने से आवाज आ रही है, हर कोई कह रहा है कि 'मैं हूं मोदी का परिवार'।

आजमगढ़ में जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री को प्रतीक चिन्ह देते मुख्यमंत्री योगी।

प्रधानमंत्री ने प्रदेशवासियों को दिया तोहफा

प्रधानमंत्री मोदी ने 3,628 करोड़ से प्रदेश के आजमगढ़, श्रावस्ती, मुरादाबाद, चित्रकूट एवं अलीगढ़ एयरपोर्ट तथा चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट, लखनऊ के नवीन टर्मिनल का लोकार्पण किया। 108 करोड़ से महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय के लोकार्पण के साथ 11,500 करोड़ की 5 एनएच परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जबलपुर, ग्वालियर, पुणे, कोल्हापुर, दिल्ली और आदमपुर एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। 8,176 करोड़ की 12 रेल परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास हुआ। 131 करोड़ से चार टावर लाइट हाउस परियोजना के अंतर्गत लखनऊ में 1,040 फ्लैट का भी लोकार्पण हुआ।

रिकॉर्ड निवेश, ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से यूपी की पहचान

प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि बीते वर्षों में डबल इंजन सरकार ने यूपी में लाखों करोड़ के विकास कार्य कराए हैं। इससे न सिर्फ इन्फ्रास्ट्रक्चर बदला है बल्कि युवाओं के लिए लाखों नए अवसर बने हैं। यूपी की पहचान रिकॉर्ड निवेश और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से हो रही है। यूपी की चर्चा एक्सप्रेस वे, बेहतर कानून व्यवस्था से हो रही है। अयोध्या में राम मंदिर का इंतजार भी खत्म हो गया है। काशी, मथुरा, कुशीनगर के विकास से यूपी में पर्यटन तेजी से बढ़ा है। यह गारंटी 10 साल पहले दी थी, जो आज पूरी हो रही है।

मुख्यमंत्री बोले- माफिया के गढ़ में अब अपराध नहीं, मनी की हो रही बौछार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज से सात साल पहले जो आजमगढ़ अपराध व माफिया गतिविधियों का गढ़ था, आज प्रधानमंत्री मनी की बौछार कर रहे हैं। उन्होंने डबल इंजन की सरकार में केवल सुरक्षा का बेहतर वातावरण ही नहीं, बल्कि विकास, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर व लोक कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए पीएम का आभार जताया। विश्वास दिलाया कि 2024 में फिर एक बार-मोदी सरकार की आवाज के साथ पूरा प्रदेश जुड़ेगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, मंत्री सूर्य प्रताप शाही, एके शर्मा, ओमप्रकाश राजभर, योगेंद्र उपाध्याय, दारा सिंह चौहान, सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' आदि मौजूद रहे।

राज्यकर्मियों का डीए 4% बढ़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 12 लाख पेंशनरों को भी मिलेगा वृद्धि का लाभ

अमृत विचार : राज्य कर्मियों और पेंशनरों को जनवरी 2024 से चार प्रतिशत की डीए बढ़ोतरी को स्वीकृत दी गई है। राज्य के खजाने पर लगभग 314 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा।

वित्त विभाग की ओर से यह स्वीकृति दे दी गई है और संभवत सोमवार को इस संबंध में औपचारिक आदेश जारी कर दिया जाएगा। ऐसे में 10 लाख राज्यकर्मियों और आठ लाख शिक्षकों का वेतन बढ़ जाएगा। साथ ही 12 लाख पेंशनरों की महंगाई राहत में भी चार प्रतिशत की बढ़ोत्तरी होगी।

इस संबंध में केंद्र सरकार की ओर से केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की घोषणा शनिवार को कर दी गई थी। वित्त विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया की स्वीकृति मिलने के बाद इस संबंध में बस आदेश जारी होने की औपचारिकता ही बाकी है।

पटरियों पर बैठे किसान ट्रेनें थमीं, यात्री परेशान

चंडीगढ़, एजेंसी

रेल रोको आंदोलन

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को पूरा करने को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के आह्वान पर 'रेल रोको' आंदोलन के तहत रविवार को पंजाब के विभिन्न इलाकों में किसान रेल पटरियों पर धरने पर बैठे। किसानों ने अपनी मांग पूरी नहीं करने पर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। ट्रेन सेवाएं बाधित होने की वजह से यात्रियों को असुविधा हुई। धरना-प्रदर्शन दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक चला।

पंजाब-हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 27 दिन से अपनी मांगों को लेकर डटे किसानों ने देश भर में रेल रोको आंदोलन चलाया। पंजाब में 52 और हरियाणा में तीन स्थानों पर ट्रेनों को रोका गया। हरियाणा के सिरसा में रेलवे ट्रैक को बाधित करने जा रहे तकरीबन 45 किसानों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पंजाब में किसानों ने अमृतसर, लुधियाना, तरनतारन, होशियारपुर, फिरोजपुर, फजिल्का, संगरूर, मनसा, मोगा और बठिंडा समेत 22 जिलों में 52 स्थानों पर रेल पटरियों पर धरना दिया। जालंधर कैंट और पटियाला स्टेशन के ट्रैक पर भी किसानों ने धरना-प्रदर्शन किया। रेलवे की ओर से कुछ गाड़ियों को व्यास व लुधियाना से ही वापस भेज दिया।

एक नजर

सऊदी में दिखा रमजान का चांद

दुबई, एजेंसी। सऊदी अरब में रविवार को इस्लाम के मुकद्दस (पवित्र) महीने रमज़ान का चांद नज़र आ गया। इसी के साथ पश्चिम एशिया के कई देशों में सोमवार को पहला रोज़ा (व्रत) रखा जाएगा। सऊदी अरब के सरकारी टीवी ने खबर दी है कि अधिकारियों ने चांद देख लिया है। इसके बाद अरब के कई देशों और इराक व सीरिया ने भी सोमवार से रमज़ान का महीना शुरू होने का ऐलान कर दिया। हालांकि, दक्षिण और पूर्वी एशिया के कई देशों में आम तौर पर रमज़ान का महीना सऊदी अरब से एक दिन बाद शुरू होता है यानी इन देशों में मंगलवार से पवित्र महीने का आगाज़ होगा।

न्यायमूर्ति खानविलकर बने लोकपाल अध्यक्ष

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अजय माणिकराव खानविलकर को रविवार को राष्ट्रपति भवन में लोकपाल अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति खानविलकर (66) ने 13 मई, 2016 से 29 जुलाई, 2022 तक शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में सेवा दी। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, राष्ट्रपति ने रविवार शाम राष्ट्रपति भवन में एक समारोह के दौरान खानविलकर को लोकपाल अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति खानविलकर को पिछले महीने लोकपाल अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था।

सीआईएसएफ को दी स्थापना दिवस की बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को उसके स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा में उनका समर्पण और सतर्कता अद्वितीय है। भारत के केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में शामिल सीआईएसएफ की स्थापना 1969 में की गई थी तथा इसे अहम सरकारी तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को गौरवशाली स्थापना दिवस की बधाई।

मादक पदार्थ गिरोह की जांच को मामला दर्ज

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने द्रमुक के पूर्व पदाधिकारी से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोह की जांच के लिए धनशोधन का मामला दर्ज किया है। एजेंसी ने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की प्राथमिकी समेत विभिन्न प्राथमिकियों पर संज्ञान लेते हुए धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। एनसीबी ने लगभग 2,000 करोड़ रुपये की 3,500 किलोग्राम 'स्यूडोएफेड्रिन' की तस्करी में कथित संलिप्तता के लिए शनिवार को 36 वर्षीय जाफर सादिक को गिरफ्तार किया था।

टीएमसी ने बंगाल में सभी सीटों पर उतारे प्रत्याशी

कोलकाता, एजेंसी

लोकसभा चुनाव

- इंडिया गठबंधन को लगा झटका कांग्रेस को अभी भी उम्मीद

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने रविवार को राज्य की सभी 42 लोकसभा सीट के लिए पार्टी उम्मीदवारों की सूची जारी की। पार्टी ने सात सांसदों को टिकट नहीं दिया है और कुछ नये चेहरों को मैदान में उतारा है जिनमें पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान का नाम भी शामिल है। पश्चिम बंगाल से लोकसभा की सभी सीटों पर टीएमसी द्वारा प्रत्याशी उतारे जाने से विपक्षी इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस नेताओं को अभी भी सीटों के बंटवारे पर समझौता होने की उम्मीद है।

अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को असानसोल से फिर से चुनाव मैदान में उतारा गया है। बसीरहाट सीट से पूर्व सांसद हाजी नुरुल इस्लाम को मैदान में उतारा है। हाल ही में चर्चा में रहा संदेशखालि इसी लोकसभा क्षेत्र में स्थित है। पार्टी ने 23 सांसदों में से 16 पर भरोसा जताया है। तृणमूल कांग्रेस ने सात मौजूदा सांसदों को टिकट नहीं दिया है जिनमें बैरकपुर से सांसद अर्जुन सिंह भी शामिल हैं। नए चेहरों में 12 महिला और 26 पुरुष शामिल हैं। पश्चिम बंगाल कैबिनेट के दो मंत्रियों

शत्रुघ्न सिन्हा

यूसुफ पठान

-पार्थ भौमिक और बिप्लब मित्रा-सहित नौ विधायकों को लोकसभा का टिकट दिया गया है। कोलकाता में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी ने कहा जिन लोगों को दोबारा नामांकित नहीं किया गया है, उन्हें विधानसभा चुनाव के दौरान समायोजित किया जाएगा। पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान को बहरामपुर लोकसभा सीट से नामांकित किया गया है, जो ऐतिहासिक रूप से राज्य कांग्रेस प्रमुख और पांच बार के सांसद अधीर रंजन चौधरी का गढ़ है। तृणमूल नेता महुआ मोइत्रा को कृष्णानगर सीट से जबकि पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद को बर्धमान-दुर्गापुर निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है।

लालू यादव के करीबी सुभाष को ईडी ने किया गिरफ्तार

पटना, एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार में अवैध रेत खनन से संबंधित धनशोधन मामले की जांच के तहत राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से जुड़े सुभाष यादव को पटना से गिरफ्तार किया है। सुभाष यादव को राजद प्रमुख लालू यादव का करीबी बताया जाता है।

- अवैध रेत खनन केस में दर्जनों जगह पर हुई छापेमारी

केंद्रीय एजेंसी ने शनिवार को राज्य की राजधानी में यादव और उनके सहयोगियों के आधा दर्जन परिसरों पर छापे मारे। यादव को शनिवार देर रात गिरफ्तार किया और जिन विभिन्न परिसरों पर छापेमारी की गई, वहां से लगभग 2.3 करोड़ नकद और कई कागजात जब्त किए। रेत खनन गिरोह के अहम सिंडिकेट सदस्य होने के आरोपी यादव को सोमवार को पटना में धन शोधन निवारण अधिनियम मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत में पेश करने की संभावना है।

भाषा विवि के पूर्व कुलपति समेत 10 की सेवा समाप्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कार्यपरिषद की बैठक में लिया गया निर्णय, जांच में चार दोषमुक्त, एक मामला अटका

अमृत विचार : ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति महरूख मिर्जा समेत 10 को पदमुक्त कर दिया गया है। यह निर्णय रविवार को हुई कार्यपरिषद की बैठक में लिया गया है। बैठक में कुलपति प्रो. एनबी सिंह, कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा, प्रो. सुधांशु पांड्या कार्यपरिषद सदस्य सहित अन्य लोग शामिल थे।

कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा ने बताया कि राजनीति शास्त्र विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. तबिंदा सुल्ताना को बीते दिनों निलंबित किया गया था। जिस पर हाईकोर्ट ने उनको राहत दे दी थी। उन्होंने सोलन यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश की फर्जी परास्नातक की डिग्री लगाकर नौकरी पाई थी। इसी के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के आचार्य प्रो. संजीव कुमार त्रिवेदी, गणित विभाग के सह आचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार त्रिपाठी, बायोटेक्नोलॉजी की सह आचार्य डॉ. ममता शुक्ला, इसी विभाग के आचार्य डॉ. मानवेंद्र सिंह, सहायक आचार्य डॉ. नदीम अहमद अंसारी, प्रबंधन विभाग की डॉ. निधि सोनकर, भूगोल के सह आचार्य डॉ. प्रवीण कुमार राय, उर्दू विभाग के सह आचार्य डॉ. जमाल शब्बीर रिजवी और वाणिज्य विभाग के प्रो. माहरूख मिर्जा को भी पदमुक्त किया गया है। इनमें कई ने अहर्ता पूरी नहीं की थी। तो कुछ ने अपने प्रमाण पत्र ही उपलब्ध नहीं कराए थे। वहीं, चार आचार्य को दोषमुक्त और एक के मामले को अगली कार्यपरिषद की बैठक में पेश करने का निर्णय लिया गया है।

मादक पदार्थ गिरोह की जांच को मामला दर्ज

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने द्रमुक के पूर्व पदाधिकारी से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोह की जांच के लिए धनशोधन का मामला दर्ज किया है। एजेंसी ने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की प्राथमिकी पर संज्ञान लेते हुए धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। एनसीबी ने लगभग 2,000 करोड़ रुपये की 3,500 किलोग्राम 'स्यूडोएफेड्रिन' की तस्करी में कथित संलिप्तता के लिए शनिवार को 36 वर्षीय जाफर सादिक को गिरफ्तार किया था।

कूनो में 5 चीता शावकों का जन्म

भोपाल। मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीता 'गामिनी' ने रविवार को पांच शावकों को जन्म दिया, जिसके साथ देश में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 26 हो गई।

केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि पांच शावक, कूनो! दक्षिण अफ्रीका के त्वालु कालाहारी रिजर्व से लाई गई लगभग पांच वर्ष की मादा चीता गामिनी ने आज पांच शावकों को जन्म दिया। मंत्री ने कहा कि भारत में पैदा होने वाले चीते के शावकों की संख्या अब 13 हो गई है। यह चौथी बार है जब भारत में किसी चीता ने शावकों को जन्म दिया है।

- अब देश में चीतों की संख्या बढ़कर 26 हुई

35 हजार में बिका एक नींबू

इरोड (तमिलनाडु)। तमिलनाडु में इरोड के एक गांव स्थित मंदिर में हुई नीलामी में एक नींबू 35 हजार रुपये में बिका। इरोड से 35 किमी की दूरी पर स्थित शिवगिरि गांव के पास पझापूसियन मंदिर में महाशिवरात्रि पर भगवान शिव को नींबू और फल सहित अन्य वस्तुएं चढ़ाई जाती हैं। बाद में इनकी नीलामी की जाती है। मंदिर प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि नीलामी में कम से कम 15 श्रद्धालुओं ने भाग लिया और इरोड के एक श्रद्धालु को एक नींबू 35 हजार रुपये में बेचा गया। मंदिर के पुजारी ने नीलाम किए गए नींबू को सबसे अधिक बोली लगाने वाले व्यक्ति को सौंपा।

- तमिलनाडु के इरोड गांव स्थित एक मंदिर में हुई थी नीलामी

सुभासपा प्रदेश सचिव की धारदार हथियार से हत्या

संवाददाता, संतकबीरनगर

- रविवार शाम भाजपा कार्यालय में हुई बैठक से लौटी थीं घर
- चेहरे और गर्दन पर किए गए कई वार, लोगों में आक्रोश

अमृत विचार : सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव की रविवार शाम उनके बेडरूम में हत्या कर दी गई। धारदार हथियार से उनके चेहरे और गर्दन पर कई वार किए जाने के निशान मिले हैं।

सुभासपा की प्रदेश सचिव नंदिनी राजभर (30) पत्नी अच्छेलाल राजभर कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के डीघा मोहल्ले की निवासी थीं। वे रविवार को भाजपा कार्यालय में एक बैठक में शामिल होने के बाद शाम लगभग 4 बजे घर लौटी थीं। उनके पति काम पर गए थे, जबकि बेटा खेलने गया था। शाम लगभग 5.30 बजे मोहल्ले की एक महिला उनके घर किसी काम से गई। दरवाजा खुला से वह नंदिनी के कमरे में पहुंची तो फर्श पर उनकी खून से लथपथ लाश पड़ी थी। महिला के शोर मचाने पर मोहल्ले के लोग पहुंचे। घटना की सूचना पर कोतवाली प्रभारी बृजेन्द्र पटेल मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम और पुलिस बल के साथ एएसपी शशि शेखर सिंह ने भी मौका मुआयना किया। घटना को लेकर सुभासपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश है।

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति

चयन समिति की बैठक 15 को होगी

नई दिल्ली। नए निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए नामों को अंतिम रूप देने के वास्ते प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक 15 मार्च को होगी। उच्च पदस्थ सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय की पिछले महीने सेवानिवृत्ति और अरुण गोयल के अचानक इस्तीफे से चुनाव आयुक्तों के दो पद रिक्त हो गए हैं। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली चयन समिति में एक केंद्रीय मंत्री और लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी शामिल होंगे। समिति की बैठक 15 मार्च को होगी और निर्वाचन आयुक्त के रूप में नियुक्ति के लिए नामों को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके बाद निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी।

दुधवा : खतरे में डॉल्फिन, जांच वाली फाइल ही गायब

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार : राष्ट्रीय जलीय जीव डॉल्फिन खतरे में है। 2010 में राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित होने के बाद से दुधवा में कई डॉल्फिन की मौत हो चुकी है लेकिन मौत की वजह जानने को लेकर अधिकारी संजीदा नजर नहीं आ रहे। 24 फरवरी 2024 को भी एक डॉल्फिन का शव गिरजा बैराज में मिला था। डॉल्फिन की मौत कैसे हुई इसकी जांच फाइल ही गायब हो गई है। फील्ड डायरेक्टर ललित वर्मा ने 16 दिन बाद भी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत न किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई है और एक सप्ताह में संपूर्ण रिपोर्ट मांगी है।

दुधवा टाइगर रिजर्व के कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग स्थित चौधरी चरण सिंह गिरजा बैराज के गेट नंबर वन में 22 फरवरी 2024 को डॉल्फिन का शव मिला था। वन विभाग की टीम ने दो चिकित्सकों डॉ. दयाशंकर और डॉ. दीपक से पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉल्फिन की मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी तो विसरा आईवीआरआई बरेली भेजने के लिए सुरक्षित कर लिया गया था। हैरानी की बात है कि 16 दिन बाद भी विसरा आईवीआरआई नहीं भेजा जा सका। आशंका जताई जा रही थी कि अवैध रूप से मछली का शिकार होने के चलते डॉल्फिन की मौत हुई है तो यह बड़ा मामला होगा। बहरहाल इससे संबंधित जांच रिपोर्ट ही गायब हो गई है। प्रतिबंध के बाद भी गेरुआ और घाघरा नदी से मछली के शिकार की सच्चाई सामने आने से जिम्मेदारों की न सिर्फ पोल खुल जाएगी, बल्कि कई पर कार्रवाई भी हो सकती है। कार्रवाई से बचने को जांच रिपोर्ट गायब कर देने की चर्चा हो रही है।

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नहीं खुला मौत का राज तो किया था विसरा सुरक्षित
- फील्ड डायरेक्टर ने बिठाई थी जांच लेकिन अब फाइल का ही पता नहीं

डॉल्फिन के कारण प्रतिबंधित है मछली का शिकार

डॉल्फिन को वर्ष 2010 में राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया गया था। दुधवा टाइगर रिजर्व से होकर बहने वाली गेरुआ और घाघरा नदी में बड़ी संख्या में डॉल्फिन पाई जाती हैं। डॉल्फिन की सुरक्षा के लिए इन नदियों में मछली का शिकार प्रतिबंधित है फिर भी चोरी-छिपे मछलियों का शिकार होता है। कई बार डॉल्फिन भी इनके जाल में फंस जाती है। माना जा रहा है की मछलियों के अवैध शिकार के दौरान ही डॉल्फिन की मौत हुई है।

गिरिजा बैराज में डॉल्फिन की मौत की जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट अभी नहीं मिल पाई है। फाइल किस स्तर पर है, इसका भी पता लगा रहे हैं। वैसे विसरा जांच के बाद भी काफी हद तक हकीकत सामने आ जाएगी। जांच रिपोर्ट को एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। - **ललित वर्मा**, फील्ड डायरेक्टर, दुधवा टाइगर रिजर्व।

पहले भी जान गवां चुकी हैं चार डॉल्फिन

कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाव स्थित चौधरी चरण सिंह गिरजा बैराज में अब तक चार डॉल्फिन के शव मिल चुके हैं। मौतें और भी हुई होंगी लेकिन जिनके शव मिल गए, उन्हीं की जानकारी सामने आ पाई। वर्ष 2014 में एक डॉल्फिन का शव उतराता मिला। कुछ दिन बाद एक और डॉल्फिन का शव मिला। इसके आठ साल बाद नवंबर 2022 में महीने भर के अंदर दो डॉल्फिन के शव क्रमशः गेट नंबर एक और तीन में मिले थे।

एक नजर

सपा ने बनवाया था आजमगढ़-मुरादाबाद एयरपोर्ट : अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आजमगढ़ और मुरादाबाद का एयरपोर्ट नेताजी और समाजवादी पार्टी ने बनाया था, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को किया। सपा प्रमुख ने कहा कि डबल इंजन की सरकार एयरपोर्ट नहीं बना पा रही। रसूलाबाद में एक हवाई पट्टी बनाई थी, सरकार बनते ही उस पर हवाई जहाज उतार दिया। आज वहां पूरी हवाई पट्टी पर बबूल उग गया है। ये केवल दिखावा है। चुनाव आ गया है तो दिखाना है कि हमने कुछ काम किया है।

स्वामी प्रसाद मौर्य हो सकते हैं इंडिया गठबंधन का हिस्सा

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी से हाल ही में निकलकर राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी बनाने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य से रविवार को कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी ने मुलाकात की। इस दौरान दोनों में लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को लेकर चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि स्वामी प्रसाद मौर्य भी इंडिया गठबंधन का हिस्सा हो सकते हैं। सपा भी इंडिया गठबंधन का हिस्सा है। सपा ने कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में 17 सीटें देने की घोषणा की है। स्वामी प्रसाद मौर्य के इंडिया गठबंधन में आने की स्थिति में सीटों के बंटवारें को लेकर पेंच फंस सकता है। सूत्रों का कहना है कि सपा द्वारा स्वामी प्रसाद मौर्य को एक भी सीट न दिए जाने की स्थिति में कांग्रेस अपने हिस्से की एक सीट दे सकती है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय रविवार को लखनऊ स्थित स्वामी प्रसाद मौर्य के आवास पर पहुंचे। मौर्य ने स्वयं सोशल मीडिया 'एक्स' पर फोटो पोस्ट करते हुए इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि दोनों ने औपचारिक भेंट वार्ता में इंडिया गठबंधन के विस्तार पर सकारात्मक चर्चा की।

पिछली सरकारों ने चीनी मिलों को औने-पौने दामों पर बेचा : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर, देवरिया व कुशीनगर में अरबों रुपये की विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने औने-पौने दाम पर चीनी मिली बेच दिया। लेकिन डबल इंजन की सरकार ने पिपराइच और मुंडेरवा चीनी मिल को चलाने के साथ औद्योगिकरण, विश्वविद्यालय, कॉलेज, सड़कें-पुल आदि तमाम सौगात दी। गोरखपुर समेत शहरों को इज ऑफ लिविंग के लिए ऐसा स्मार्ट बनाने का निर्देश दिया कि दुनिया सीखे।

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर नगर निगम की 482 करोड़ रुपये की 253 विकास परियोजनाओं, देवरिया को 679 करोड़ रुपये की 673 विकास परियोजनाओं और कुशीनगर में 2,134 करोड़ की 483 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार 50 साल की गारंटी वाली सड़कें बनवा रही है। गोरखपुर शहर की सुंदरता में रामगढ़ताल की चर्चा करते हुए कहा कि जो रामगढ़ताल 7 साल पहले गंदगी और अपराध का गढ़ था, जिसके समीप सर्किट हाउस में किसी वीआईपी को ठहराने से पहले पीएसी लगानी पड़ती थी, वह आज सेल्फी और शूटिंग का केंद्र बन गया है। कहा कि आज गोरखपुर के पास सबकुछ है। इसे संजोने और संवारने का काम नगर निगम का है।

देवरिया में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। आम जनमानस 'फिर एक बार मोदी सरकार' का संकल्प ले चुकी है। अबकी बार एनडीए चार सौ से ज्यादा सीटें जीतने जा रही है।

कुशीनगर में योगी ने कहा कि भारत आज किसी के सामने झुकता नहीं और न तो अपने लक्ष्य से हटता है। ये आपके वोट की ही ताकत है कि पांच सदी का इंतजार खत्म हुआ और अयोध्या में भव्य श्रीराम लला का मंदिर बनकर तैयार हुआ। योगी ने सवाल भी पूछा कि क्या सपा, बसपा या कांग्रेस की सरकार होती तो राम मंदिर का निर्माण हो पाता। उन्होंने कहा कि आज देश की आवाज है, 'फिर एक बार मोदी सरकार।' अगर विकास और समृद्धि चाहिए तो इसके लिए लक्ष्मी जी की कृपा भी चाहिए और लक्ष्मी जी कमल पर बैठकर ही आती हैं।

रविवार को देवरिया में कार्यक्रम के दौरान लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी, मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मंत्री दया शंकर सिंह, मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, साथ में अन्य। अमृत विचार

▸▸ **इज ऑफ लिविंग के लिए शहरों को स्मार्ट बनाने की जरूरत : मुख्यमंत्री**

ये भी रहे उपस्थित

कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह, ग्राम्य विकास की राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा, सांसद सांसद रविकिशन शुक्ला, सांसद विजय कुमार दुबे, राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह, सांसद डॉ रमापति राम त्रिपाठी, सांसद रविंद्र कुशवाहा, विधायक सादर डॉ शलभ मणि त्रिपाठी, विधायक विवेकानंद पांडेय आदि मौजूद रहे।

उपेक्षित पिछड़ी जातियों को 2.57 लाख सीएम आवास

अमृत विचार, लखनऊ: राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सात साल में कुल 2.57 लाख आवासों का आवंटन किया। खास बात ये है कि बड़ी संख्या में उपेक्षित मुसहर, कोल, वनटांगिया, थारू, सहरिया, चेरो, बैगा, नट और बोक्सा जातियों से जुड़े लोगों को आवास दिए गए हैं।

दिव्यांग और दैवीय आपदा से प्रभावित लोगों को भी योजना का भरपूर लाभ मिला है, जबकि कुष्ठ रोग, कालाजार और जापानी इंसेफेलाइटिस/एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम जैसी बीमारियो से ग्रसित लोगो को भी आवास उपलब्ध कराए गए हैं। शासन के मुताबिक मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सरकार ने 2018-19 से 2023-24 तक मुसहर जाति से जुड़े लोगों को 47,795 आवास, कोल को 29,923, वनटांगिया को 4,838, थारू को 3,233, सहरिया को 6,979, चेरो को 5,367, बैगा को 1,584, नट को 2,220, बोक्सा को 164, और पछइया लोहार को 17 व गढ़इया लोहार को 11 आवास प्रदान किए गए हैं।

वहीं, 71,257 आवास दिव्यागंजन को प्रदान किए गए हैं तो दैवीय आपदा से अपना मकान गंवाने वालों को भी 78,101 आवास प्रदान किए गए हैं। इसके अलावा कुष्ठ रोग से पीड़ित 5,021, जेई/ एईएस को 674 और कालाजार पीड़ितों को 249 आवास आवंटित किए गए।

भाजपा सरकार ने शिक्षकों को अपमानित किया : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **कहा, नई शिक्षा नीति गरीबों को शिक्षा से करेगी दूर**

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में शिक्षा का स्तर गिरा है। नई शिक्षा नीति गरीबों को शिक्षा से दूर करेगी। प्राथमिक, माध्यमिक, पॉलिटेक्निक और आईटीआई में छात्रों का एडमिशन कम हो रहे हैं। परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं। छात्रों की परीक्षाएं रद्द करनी पड़ रही है। भाजपा सरकार ने शिक्षकों को अपमानित करने का काम किया है।

अखिलेश रविवार को सपा मुख्यालय में राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारियों और शिक्षक सभा की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र को खत्म कर रही है। लोकतंत्र बचाने में शिक्षकों की बड़ी जिम्मेदारी है। शिक्षक, बेरोजगार, नौजवान और किसान इस बार भाजपा को सत्ता से हटाएंगे। भाजपा और आरएसएस सबसे बड़ी परिवारवादी है। इनका कोई सिद्धांत नहीं है।

उन्होंने कहा कि मोहम्मद आजम खां ने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ा काम किया है। उन्होंने विश्वविद्यालय बनवाया। समाजवादी सरकार ने वित्तविहीन शिक्षकों के लिए 200 करोड़ रुपये का बजट दिया था। भाजपा सरकार ने इसे भी रोक दिया। समाजवादी सरकार ने शिक्षामित्र को समायोजित किया था, जिससे उन्हें अन्य शिक्षकों की तरह सम्मान मिल सके। शिक्षामित्र को समायोजित करने का वही रास्ता है जो समाजवादी सरकार ने किया था। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीयत छात्रों को नौकरी देने की नहीं है। नौकरियों के फार्म दिखावा करने के लिए निकाला जाता है। बैठक में शिक्षक सभा ने लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन को जिताने का संकल्प लिया। शिक्षक सभा ने तय किया है कि लोकसभा चुनाव में शिक्षक सभा के प्रतिनिधि क्षेत्र में जाकर पार्टी प्रत्याशियों का प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की मांग पुरानी पेंशन बहाल होनी चाहिए, वित्त विहीन शिक्षकों को मानदेय मिलना चाहिए, शिक्षा का स्तर सुधारना चाहिए।

बैठक की अध्यक्षता समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्वकुलपति प्रो. बी पांडेय ने की। बैठक से पहले अखिलेश ने सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

दबाव में पद छोड़ रहे अधिकारी

अखिलेश यादव ने चुनाव आयुक्त द्वारा इस्तीफा दिए जाने के सवाल पर कहा कि भाजपा सरकार में कई बार संवैधानिक संस्थाओं पर बैठे अधिकारियों को दबाव में पद छोड़ना पड़ा है। आखिर संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव किसका है।

अमेठी से राहुल और रायबरेली से प्रियंका के नाम पर रहा फोकस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : इंडिया गठबंधन के तहत प्रदेश कांग्रेस को मिलीं 17 सीटों को लेकर रविवार को प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में अमेठी से कांग्रेस नेता राहुल गांधी व रायबरेली से प्रियंका गांधी वाड्रा को चुनाव मैदान में उतारे जाने पर जोर दिया गया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुई बैठक में बाकी सीटों पर भी प्रत्याशियों के नाम पर मंथन हुआ।

पार्टी सूत्रों के अनुसार पार्टी की पहली सूची में वायनाड से प्रत्याशी बनाए गए राहुल गांधी को अमेठी से भी चुनाव मैदान में उतारने पर जोर दिया गया। जब पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के अस्वस्थ रहने व स्थानीय लोगों की मांग के अनुरूप रायबरेली से प्रियंका गांधी को प्रत्याशी बनाने पर चर्चा हुई। इसी तरह, वाराणसी से प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को फिर से प्रत्याशी बनाने की चर्चा हुई। वह पहले भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ चुके हैं। 2019 के चुनाव में उन्हें 14.44 फीसदी वोट मिले थे।

राहुल गांधी प्रियंका गांधी

▸▸ **प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में प्रत्याशियों के नाम पर चर्चा**

सहारनपुर में 2019 के चुनाव में तीसरे नंबर पर रहे इमरान मसूद को इस बार फिर प्रत्याशी बनाने की चर्चा हुई। सूत्रो ने बताया कि अमरोहा से बसपा सांसद दानिश अली को उतारने की तैयारी है। वे बसपा से निष्कासित किए जा चुके हैं।

सीतापुर में भाजपा से इस्तीफा देकर सपा व बाद मे कांग्रेस में आए पूर्व विधायक राकेश राठौर को प्रत्याशी बनाने की तैयारी है। इसी प्रकार, बाराबंकी से तनुज पुनिया, झांसी से पूर्व सांसद प्रदीप जैन, गाजियाबाद से डॉली शर्मा, महराजगंज से विधायक वीरेंद्र चौधरी व अमनमणि त्रिपाठी व फतेहपुर सीकरी से रामनाथ सिकरवार प्रत्याशी हो सकते हैं।

कानपुर से आलोक मिश्र, अजय कपूर व विकास अवस्थी के नाम पर विचार चल रहा है। मथुरा से पूर्व विधायक प्रदीप माथुर व पंडित राजकुमार रावत, देवरिया से अखिलेश प्रताप सिंह और अजय कुमार लल्लू, बांसगांव से कमल किशोर व अनूप प्रसाद, बुलंदशहर में बंशी सिंह के नाम पर विचार चल रहा है। प्रयागराज सीट पर पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह व कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव के नाम पर विचार चल रहा है। सूत्रों का कहना है कि बैठक में चुनाव अधिसूचना जारी होने के बाद बसपा के इंडिया गठबंधन में शामिल होने की संभावना को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी, विधायक आराधना मिश्रा मोना आदि शामिल हुए।

भाजपा-लोकदल के नेताओं ने समर्थकों के साथ ली कांग्रेस की सदस्यता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर हरदोई से भाजपा नेता पूर्व विधायक ओमेन्द्र वर्मा के साथ आये उनके समर्थकों ने रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इसी क्रम में जनपद बहराइच के राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष डॉ. अजीमुल्ला खान के साथ आये लोगों ने भी कांग्रेस का दामन थामा।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, डॉ. सीपी राय, मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, अंशू अवस्थी, सचिन रावत, विक्रम पांडेय मौजूद रहे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में रामनाथ वर्मा, साजिद हुसैन मंसूरी, शिवराज वर्मा, हरी सिंह, सईद अहमद, आरिफ बेग, अब्दुल अजीज, सगीर अहमद, समीर खान, आरए सिद्दीकी, अलिफ सिद्दीकी, मो. जैद, मो. आसिफ पूर्व बीडीसी सदस्यों के साथ सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

व्यापारियों की बदौलत देश की अर्थ व्यवस्था हुई मजबूत : नितिन अग्रवाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन अपने कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को राजनीति में भागीदारी की बात करता है। देश व प्रदेश की राजनीति में व्यापारियों के आने से मजबूती मिलेगी। यही वर्ग देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्तमान परिस्थितियों में देश को विश्व पटल पर आगे बढ़ाने में सक्षम हैं। ये बातें संगठन के अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कही।

वे मैरियाड बैंक्वेट्स में आयोजित उप्र उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश और देश के विकास में व्यापारियों के योगदान को भूलाया नही जा सकता है। व्यापारियों की जी तोड़ मेहनत की बदौलत हमारी अर्थ व्यवस्था में मजबूती आती है। हमारा रुपया विश्व की अर्थव्यवस्था में 15वें नम्बर पर पहुंच गया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री/पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल ने कहा कि जिस तरह हमारी जीडीपी बढ़ रही है। व्यापारियों के सहयोग से हम जल्द ही 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था के पार हो जाएंगे।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते मंत्री नितिन अग्रवाल। अमृत विचार

सपा-बसपा सरकारों में व्यापारियों का होता था शोषण

यह हमें नहीं भूलना चाहिए कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनी हो या बहुजन समाज पार्टी की सरकार हो व्यापारियों पर फर्जी मुकदमें, व्यापारियों को जेल में डाला गया,और व्यापारियों का उत्पीड़न हुआ है। आज भाजपा की सरकार में व्यापारी अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहा है।

विकसित भारत
विकसित उत्तर प्रदेश

₹3,666 करोड़ की 206 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के रक्षा प्रौद्योगिकी एवं परीक्षण केंद्र

अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय

उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

का

लोकार्पण

राजनाथ सिंह
मंत्री, रक्षा, भारत सरकार

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

केशव प्रसाद मौर्य
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

ब्रजेश पाठक
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

सुरेश कुमार खन्ना
मंत्री, वित्त एवं संसदीय कार्य, उत्तर प्रदेश

कौशल किशोर
राज्य मंत्री, आवासन एवं शहरी कार्य, भारत सरकार

स्वतंत्र देव सिंह
मंत्री, जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण उत्तर प्रदेश

जितिन प्रसाद
मंत्री, लोक निर्माण उत्तर प्रदेश

ए.के. शर्मा
मंत्री, नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत, उत्तर प्रदेश

सत्यदेव पचौरी
सांसद, कानपुर

देवेन्द्र सिंह 'भोले'
सांसद, अकबरपुर

डॉ. दिनेश शर्मा
सदस्य, राज्यसभा

सुषमा खर्कवाल
महापौर, लखनऊ

डॉ. नीरज बोरा
विधायक, लखनऊ उत्तर

योगेश शुक्ल
विधायक, बक्शी का तालाब

डॉ. राजेश्वर सिंह
विधायक, सरोजनी नगर

जय देवी
विधायक, मलिहाबाद

अमरेश कुमार
विधायक, मोहनलालगंज

डॉ. महेन्द्र सिंह, सदस्य, विधान परिषद | मुकेश शर्मा, सदस्य, विधान परिषद | राम चन्द्र सिंह प्रधान, सदस्य, विधान परिषद | डॉ. लालजी प्रसाद 'निर्मल', सदस्य, विधान परिषद | मोहसिन रजा, सदस्य, विधान परिषद | उमेश द्विवेदी, सदस्य, विधान परिषद | बुक्कल नवाब, सदस्य, विधान परिषद

लोकार्पित होने वाली प्रमुख परियोजनाएं

• मोहनलालगंज में इंट्रास्टेट ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट • वसंत कुंज योजना के सेक्टर-आई में 3,800 प्रधानमंत्री आवास • ग्रीन कॉरिडोर के अंतर्गत गऊघाट पर सेतु, आई.आई.एम. रोड से हार्डिंग ब्रिज तक बंधा एवं सड़क • यूपी दर्शन पार्क (वेस्ट टू वंडर) • के.जी.एम.यू. में सेंटर फॉर आर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी • एस.जी.पी.जी.आई. में एडवांस्ड ऑप्थेमेलॉजी भवन एवं एडवांस्ड डायबिटिक सेंटर, मेडिकल टेक्नोलॉजी के छात्रों हेतु 200 बेड का छात्रावास, द्वितीय मेन गेट, रोड एवं पार्किंग • कल्ली पश्चिम स्थित नवीन पुलिस लाइन में 4 ब्लॉक का ट्रांजिट हॉस्टल • हर घर नल योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु 34 परियोजनाएं • वरिष्ठ नागरिकों हेतु सामुदायिक मनोरंजन केंद्र • एबीडी एरिया में 11 स्मार्ट मार्ग का निर्माण एवं विकास • 75 पब्लिक हेल्थ एटीएम सेंटर • कलेक्ट्रेट परिसर में भूमिगत मल्टीलेवल पार्किंग • जनेश्वर मिश्र पार्क में मल्टीमीडिया लेजर शो • बिजनौर-माती-परवर मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण • उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद का कार्यालय भवन • कैरन मनोज पांडेय उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल में महिला छात्रावास • बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में 200 बेड का सावित्री भाई फुले महिला छात्रावास • एनएच-56 से गंगागंज-नगराम रोड

शिलान्यास होने वाली प्रमुख परियोजनाएं

• अवध चौराहे पर अंडरपास • गोसाईंगंज-बनी-मोहन मार्ग पर अनूपगंज में रेलवे क्रॉसिंग संख्या-188 स्पेशल पर 4 लेन रेल उपरिगामी सेतु • किसान पथ से भटगांव डिफेंस नोड पार्सल संपर्क मार्ग • पक्का पुल से डालीगंज एवं गोमती नदी के ब्रिज तक 2 लेन आर.ओ.बी. कम फ्लाईओवर • हनुमान सेतु से समतामूलक चौराहे तक सीधे रोड कनेक्टिविटी के लिए निशातगंज बंधा का चौड़ीकरण • हनुमान सेतु पर दो नए पुल • सरोजनीनगर में 100 बेड क्रिटिकल केयर ब्लॉक • एस.जी.पी.जी.आई. में 500 बेड का एडवांस्ड पीडियाट्रिक सेंटर (फेज-एक) • ग्रीन कॉरिडोर के अंतर्गत निशातगंज में सेतु

दिनांक : 11 मार्च, 2024 | समय : पूर्वाह्न 11:00 बजे | स्थान : इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमतीनगर, लखनऊ

लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

शहर में आज

- समाज कल्याण निदेशालय के सभागार में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए नीति संवाद - 11:00 बजे।
- प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रेस वार्ता का आयोजन - 1:00 बजे।
- विश्व शान्ति के लिए इंदिरा नगर के अपूर्वा बिहार में संत प्रमोद दास द्वारा श्री राम कथा का आयोजन - 5.30 बजे।
- वाल्मीकि रंगशाला गोमती नगर में सवेरा फाउंडेशन की तरफ से सवासेर गेहूं की नाट्य प्रस्तुति - 7:00 बजे।

एक नजर

अहाना एन्क्लेव व पार्किंग का लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री

अमृत विचार, लखनऊ : औरंगाबाद खालसा स्थित नगर निगम के आवासीय प्रोजेक्ट 'अहाना एन्क्लेव' का मुख्यमंत्री और रक्षामंत्री सोमवार को लोकार्पण करेंगे। नगर निगम ने बिजनौर रोड स्थित अहाना एन्क्लेव में 276 करोड़ की लागत से विभिन्न श्रेणी के 576 फ्लैट बनाए हैं। नगर निगम ने आवंटियों की रजिस्ट्री भी शुरू कर दी है। कलेक्ट्रेट स्थित भूमिगत मल्टीलेवल पार्किंग का भी लोकार्पण किया जाएगा। इसके अलावा नगर निगम विभिन्न वार्डों में कराए जा रहे विकास कार्य जैसे सड़क, नालियां, इंटरलाकिंग टाइल्स, पार्क आदि का भी लोकार्पण कराएगा।

मुख्यमंत्री आज करेंगे एलडीए की 950 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एलडीए की करीब 950 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। एलडीए की 530 .19 करोड़ की 40 परियोजनाओं का शिलान्यास और 419 .31 करोड़ की 11 परियोजनाओं का लोकार्पण होगा। इसमें प्रमुख रूप से हनुमान सेतु से समता मूलक चौराहे तक सीधे रोड कनेक्टिविटी के लिए नदी के ऊपर चार लेन ब्रिज, निशातगंज से कुकरेल नदी के मध्य बंधा चौड़ीकरण, हनुमान सेतु पर दो नए पुल का निर्माण, बसंत कुंज नगरिया नाला, गोमती नगर विस्तार, जी 20 रोड, स्टॉर्मवॉटर ड्रेनेज के लिए एक-एक नग फ्लड पंपिंग स्टेशन, बसंत कुंज योजना में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के सामने सड़क का निर्माण, बसंत कुंज के सेक्टर ए में विकसित भूखंडों भवनों तथा सेक्टर जी के मध्य विद्युत उपकेंद्र, सीजी सिटी योजना के गोल चौराहे से फुट ओवर ब्रिज के नीचे फूड कोर्ट, पार्किंग, किड्स जोन का विकास, हैदर कैनाल के बाएं बंधे पर 1090 चौराहे के समीप पूर्व डीजीपी ऑफिस तक सड़क का निर्माण आदि कार्य शामिल है।

चार मंजिला कॉमर्शियल बिल्डिंग गिरते ही होने लगा पथराव, जान बचाकर भागे अफसर

अकबर नगर : कुछ मकानों की बाउंड्री गिरी, अफवाह ने बिगाड़ा माहौल, कई थानों की पुलिस मौके पर रही मौजूद

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : अकबरनगर में रविवार को एलडीए ने चार मंजिला कॉमर्शियल भवन को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू की। अचानक से भवन भरभराकर गिर गया। इसके कारण आसपास के कुछ मकानों की दीवारें भी साथ में गिर गईं। इसी बीच, अफवाह फैल गई कि मलबे में कुछ लोग दब गए हैं। लोगों के दबने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग उग्र हो गए। एलडीए व पुलिस टीम पर पथराव करने लगे।

कार्रवाई के दौरान एलडीए और पुलिस के कुछ अधिकारी बगल की इमारत की छत पर खड़े थे। लगभग 50 से अधिक लोग एक साथ घरों की छतों से पत्थरबाजी करने लगे। अचानक शुरू हुई पत्थरबाजी के बीच अधिकारी किसी तरह भागकर व जान बचाकर मुख्य मार्ग तक पहुंचे। इस दौरान अकबर नगर प्रथम और द्वितीय से रुक-रुककर पत्थरबाजी होती रही। अतिरिक्त पुलिस बल बुलाने के बाद स्थिति पर नियंत्रण पाया गया। मौके पर मौजूद एलडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। कॉमर्शियल गोदाम तोड़ा जा रहा था। इस दौरान बिल्डिंग भरभराकर गिर गयी। आस-पास के कुछ लोगों की बाउंड्री गिर गयी थी। उन्हें प्रधानमंत्री आवास आवंटित कर दिया गया है।

अकबर नगर में पथराव के बाद स्थानीय लोगों को समझाते अधिकारी। अमृत विचार

अकबर नगर में पथराव के दौरान उपद्रवियों को रोकते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

सीसीटीवी तोड़े, ड्रोन भी नहीं लगाए

कार्रवाई के दौरान स्थिति बदतर हो जाएगी यह प्रशासन और एलडीए की टीम ने नहीं सोचा था। इस घटना के लिए पुलिस-प्रशासन तैयार नहीं था। आक्रोशित निवासी मुख्य मार्ग तक पहुंच गए। उन्होंने सीसीटीवी भी तोड़ डाले। इस बीच अकबर नगर के लोग गुरिल्ला तरीके से पत्थरबाजी करते रहे। टीम एक को खदेड़ती तो दूसरी तरफ से पत्थरबाजी शुरू होने लगती। इस पूरी घटना को रिकार्ड करने के लिए ड्रोन भी नहीं चलाए जा सके।

तीन जवानों के फंसे होने की सूचना से अधिकारी परेशान

पथराव शुरू होते ही भगदड़ में पीएसी के तीन जवानों के अंदर फंसे होने की सूचना पर पुलिस अफसरों के हाथ-पैर फूल गए। इसके बाद अफसरों ने दोबारा घुसकर पीएसी के जवानों को निकाला। इस दौरान एलडीए के अफसर और एडीसीपी सेंट्रल से बहस हो गई। इस बीच तीनों जवान खुद ही दूसरी तरफ से निकल आये। बताया जा रहा है कि कुछ लोगों ने उनसे मारपीट की।

छतों से भी पथराव, ईंट-पत्थरों से पट गई सड़क

शुरुआत में गली में पथराव हुआ। जब फोर्स सड़क पर आ गई तो वहां भी पथराव किया गया। छतों से भारी पथराव हुआ। पॉलिटेक्निक से बादशाहनगर की तरफ जाने वाली सड़क (दोनों तरफ की) ईंट-पत्थरों से पट गई। पहले पुलिस बल कम था, इसलिए भीड़ हावी हो रही थी लेकिन चंद मिनटों में पुलिस बल पहुंचा तब लोगों को खदेड़ दिया गया। पुलिस की एक-दो बाइकें भी टूटने की सूचना है।

अफवाह ने बिगाड़ा माहौल

अकबर नगर में अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण के दौरान रविवार को मलबे में दबकर युवक की मौत की अफवाह ने माहौल खराब कर दिया। भड़के लोगों ने पुलिस और एलडीए कर्मियों पर पथराव कर दिया। इसमें आधा दर्जन से अधिक लोगों के चोटिल हो गए और पुलिस की गाड़ियों के शीशे टूट गए। मौके पर पहुंची कई थानों की पुलिस व पीएसी ने डंडे फटकार कर स्थिति पर काबू किया। पुलिस फोर्स व पीएसी ने डेरा डाल दिया है। एहतियातन बिजली आपूर्ति रोक दी गई है। जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने लोगों से घरों में रहने व शांति बनाए रखने की अपील की है। मौके पर डीसीपी मध्य रवीना त्यागी समेत कई अधिकारी, महानगर, हजरतगंज, वजीरगंज, कैसरबाग, अमीनाबाद समेत कई थानों की पुलिस फोर्स और पीएसी पहुंची। पुलिस टीम ने सड़क पर लाठी पटककर लोगों को खदेड़ा।

आउटर रिंग रोड का आज लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री और रक्षा मंत्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा कार्यक्रम, प्रधानमंत्री वर्चुअली जुड़ेंगे

अमृत विचार : 104 किलोमीटर लंबे आउटर रिंग रोड का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को लोकार्पण करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री वर्चुअली रूप से कार्यक्रम से जुड़ेंगे। आउटर रिंग रोड का शिलान्यास 2016 में राजनाथ सिंह और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने किया था।

आउटर रिंग रोड के चालू हो जाने से लखनऊ में जाम की समस्या दूर होगी। इससे लोग शहर के अंदर प्रवेश किये बिना गंतव्य तक जा सकेंगे। आउटर रिंग रोड चालू हो जाने से बाराबंकी, सीतापुर, अयोध्या, गोरखपुर, गोंडा, हरदोई, कानपुर, वाराणसी, सुल्तानपुर, रायबरेली सहित अन्य जिलों के लोगों को फायदा होगा।

चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट के नए इंटीग्रेटेड टर्मिनल के उद्घाटन मौके पर मौजूद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विस अध्यक्ष सतीश महाना, महापौर सुषमा खर्कवाल व अन्य। अमृत विचार

एयरपोर्ट के नए इंटीग्रेटेड टर्मिनल की प्रधानमंत्री ने की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- क्षेत्रीय कनेक्टिविटी स्कीम 'उड़ान' से पाटी गई गरीब-अमीर के बीच की खाई

अमृत विचार : चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट के नए इंटीग्रेटेड टर्मिनल भवन का रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजमगढ़ से वर्चुअली उद्घाटन किया। नए टर्मिनल के निर्माण में 2400 करोड़ रुपये की लागत आई है। लखनऊ एयरपोर्ट की क्षमता 43 लाख से बढ़कर 80 लाख प्रतिवर्ष यात्री हैंडलिंग की हो गई है। क्षेत्रफल भी 30000 वर्गमीटर से बढ़कर 117000 वर्गमीटर हो गया है।

चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर आयोजित उद्घाटन समारोह में रक्षामंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि दूसरे चरण में इस एयरपोर्ट की यात्री हैंडलिंग क्षमता बढ़कर एक करोड़ 37 लाख प्रतिवर्ष हो जाएगी। इसके लिए 10700 करोड़ रुपये की लागत की परियोजना स्वीकृत की गई है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केन्द्रीय राज्यमंत्री नगर विकास कौशल किशोर, महापौर सुषमा खर्कवाल, सरोजनी नगर के विधायक राजेश्वर सिंह, बक्शी का तालाब के योगेश शुक्ल एवं लखनऊ उत्तरी के डॉ0 नीरज बोरा, एमएलसी, अडानी एयपोर्ट्स के प्रबंध निदेशक करण अडानी व एयरपोर्ट के सीईओ सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

नए टर्मिनल में 72 चेकइन और 62 इमीग्रेशन काउंटर हैं। इसके अलावा 17 सेल्फ बैगेज ड्रॉप काउंटर हैं। यहां यात्री बिना कतार लगाए कम्प्यूटर स्क्रीन पर विवरण दर्ज कर बैगेज चेकइन खुद पूरी कर सकते हैं। विदेशी यात्रियों को इमिग्रेशन प्रक्रिया के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जगह-जगह लाउंज हैं। एप्रन यात्री बोर्डिंग गेट की संख्या 13 होगी। वर्तमान में लखनऊ एयरपोर्ट से सीधी 24 घरेलू और आठ अन्तरराष्ट्रीय उड़ानें हैं। दूसरी ओर नए टर्मिनल की दीवारों व गलियारों में लखनऊ की कला व संस्कृति के साथ तहजीब की झलक उकेरी गई है। सुंदर अंदाज में लखनऊ की चिकनकारी, संस्कृति को पेंटिंग से दर्शाया गया है। नए टर्मिनल की छत से लेकर भीतरी साज सज्जा भी विश्वस्तरीय है। वहीं, एयरपोर्ट के नए टर्मिनल से परिचालन इसी माह से शुरू हो जाएगा। अभी कुछ निर्माण बाकी है। जो आने वाले समय में पूरा होगा। मौजूदा अन्तरराष्ट्रीय टर्मिनल-1 को ध्वस्त कर शेष निर्माण किया जाना है।

चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे का अब तक का सफर

- वर्ष 1986- सरकारी विमानों के लिए अमौसी में हवाई पट्टी की शुरुआत
- वर्ष 1996- तत्कालीन नागरिक उड्डयन मंत्री ने टर्मिनल-1 शुरू किया गया
- वर्ष 2008- हवाई अड्डे को चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट का नाम मिला
- वर्ष 2012- एयरपोर्ट को अन्तरराष्ट्रीय दर्जा मिला, कस्टम की स्थायी तैनाती
- वर्ष 2012- एयरपोर्ट का आधुनिक घरेलू टर्मिनल-2 का लोकार्पण हुआ
- वर्ष 2016- नए टर्मिनल-3 के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया
- वर्ष 2018- केन्द्र सरकार ने नया टर्मिनल-3 के निर्माण को मंजूरी दी थी

1040 परिवारों को मिला सपनों का आवास, सौंपी गई चाबी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आजमगढ़ से राजधानी के लाइट हाउस प्रोजेक्ट का वीडियो कांफ्रेंसिंग से लोकार्पण कर 1040 परिवार को सपनों के आवास दिए। कार्यक्रम का आयोजन अवध विहार योजना में राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) ने किया। इसका सजीव प्रसारण हुआ। लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का संबोधन सुना। मंच पर विशिष्ट अतिथि मलिहाबाद विधायक जया देवी ने निदेशक सूडा डॉ. अनिल कुमार के साथ 10 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की चाबी बांटी। विधायक ने कहा कि सरकार एक ओर युवाओं के लिए रोजगार के नवीन अवसर सृजित कर रही तो दूसरी तरफ दुर्बल आय वर्ग को उनके घर का सपना भी साकार कर रही है।

डॉ. अनिल ने कहा कि सूडा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत लाइट हाउस प्रोजेक्ट का निर्माण कराया गया है। इसमें 1040 आवास नवीनतम तकनीक से बने हैं। जो आपदारोधी व पर्यावरण के अनुकूल हैं। देश में पीवीसी स्टे इन प्लेस फॉमवर्क तकनीकी का प्रयोग लखनऊ समेत छह अन्य शहर में किया गया है। लखनऊ का यह लाइट हाउस प्रोजेक्ट प्रदेश ही नहीं, देश के निर्माण क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। जल्द शिविर लगाकर आगे की प्रक्रिया कर आवासों पर कब्जा देंगे। कार्यक्रम में सिटी मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ, वित्त नियंत्रक सूडा संजीव गुप्ता रहे।

मिली चाबी तो खिले चेहरे

कार्यक्रम के दौरान मंच पर विधायक और निदेशक ने लाभार्थी रामपाल यादव, रुकैया बानो, कमला श्रीवास्तव, राहुल राय, पूनम, पूजा देवी, मिश्रीलाल, लक्ष्मी सोनी, कामिनी द्विवेदी व आकांक्षा सिंह को उनके आवास की चाबी सौंपी। जिसे पाकर इनके चेहरे खिल उठे।

2021 में शुरू हुआ था निर्माण, कम समय में तैयार आवास

शहर के अवध विहार योजना, सेक्टर-5 में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चैलेन्ज- इंडिया के तहत लाइट हाउस प्रोजेक्ट दो हेक्टेयर में निर्मित किया गया है। इसका शिलान्यास प्रधानमंत्री ने 1 जनवरी 2021 में किया था और 4 जनवरी 2021 से निर्माण शुरू हुआ था। निर्माण में पीवीसी स्टे इन प्लेस फॉमवर्क तकनीकी का प्रयोग किया गया है। जो चुनिंदा देशों में होती है। इससे बेहद कम समय में निर्माण पूरा होता है। साथ ही मकान टिकाऊ, पर्यावरण के अनुकूल व आपदारोधी होते हैं। यह तकनीक कनाडा जैसे देशों में प्रयोग होती है।

प्रति आवास लागत 12.59 लाख रुपये

अवस्थापना समेत प्रति आवास लागत 12.59 लाख रुपये है। परियोजना के लिए केन्द्रांश 1.50 लाख रुपये के अतिरिक्त केन्द्रीय टीआईजी के रूप में चार लाख रुपये अतिरिक्त दिया गया है। इसी तरह राज्यांश एक लाख रुपये के अतिरिक्त राज्य टीआईजी के रूप में 1.33 लाख रुपये राज्य सरकार द्वारा दिया गया है। इस प्रकार परियोजना में कुल 7.83 लाख रुपये प्रति आवास का शासकीय अनुदान दिया गया है। अवशेष धनराशि 5.26 लाख रुपये लाभार्थी द्वारा वहन की गयी है।

अवध विहार योजना में लाइट हाउस प्रोजेक्ट के आवास की लाभार्थी को चाबी देतीं विधायक जया देवी व साथ में निदेशक सूडा डॉ. अनिल कुमार। अमृत विचार

- प्रधानमंत्री ने आजमगढ़ से अवध विहार योजना के लाइट हाउस प्रोजेक्ट का किया लोकार्पण
- विधायक जया ने कहा, दुर्बल वर्ग के लिए घर का सपना भी साकार कर रही सरकार
- देश के निर्माण क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा लाइट हाउस प्रोजेक्ट : डॉ. अनिल

लाइट हाउस प्रोजेक्ट के लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थी व अन्य।

लाइट हाउस में ये सुविधा

- स्टिल्ट प्लस 13 प्रकार के चार बहुमंजिला ब्लाक
- कम्यूनिटी सेंटर व कॉमर्शियल सेंटर
- सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, पेयजल, ड्रेनेज
- आंतरिक सड़कें, रेन वाटर हार्वेस्टिंग
- सोलर लाइट, खुले हरित क्षेत्र व पार्किंग

ये भी जानें

- 34 .50 वर्गमी कारपेट एरिया के 1040 भवन
- निर्माण लागत 130 .90 करोड़ रुपये

होली पर कीजिए मीठा अहसास

नीरज मिश्र, लखनऊ

- ठोस चांदी के लड्डू, गुझिया-मिष्ठान व मेवा पैकिंग में उपलब्ध
- शगुन वाली सोने-चांदी की पिचकारी की सर्राफा बाजार में धूम

अमृत विचार : होलिकोत्सव को तो अभी करीब एक पखवारा बाकी है, लेकिन बाजारों में इस पर्व की धीमी-धीमी सुगंध अभी से आने लगी है। सर्राफा बाजार भी इससे अछूता नहीं है। भले ही चांदी और सोने के भाव सिर चढ़कर बोल रहे हों, लेकिन फिर भी बाजार में उत्साह बना हुआ है। सर्राफा बाजार में होली के पर्व को लेकर तमाम आइटम आ गए हैं। शोरूम चांदी के मिष्ठान से सज गए हैं। ठोस चांदी के बने लड्डू, बर्फी, गुझिया, मेवा आदि ऐसे-ऐसे गिफ्ट आइटम बाजारों में आए हैं जिनका स्वाद तो नहीं लिया जा सकता, लेकिन इन्हें देख मिष्ठान का अहसास जरूर हो जाएगा। रंग खेलने वाली चांदी-सोने की पिचकारी और बाल्टी भी बाजार में है।

बस आपको अपनी जेब देखनी है कि किस वजन की पिचकारी और बाल्टी आपके बजट में है। जहां आमजनों की रेंज से यह महंगे आइटम बाहर हैं, लेकिन बड़ी संख्या में इनके खरीदार भी हैं। संपन्न घरानों के लोग शगुन और गिफ्ट के रूप में देने के लिए इसे खरीदते हैं। इनका भी एक अलग बाजार है।

चांदी की पिचकारी और बाल्टी से खेलें रंग

सर्राफा व्यापारी विनोद महेश्वरी बताते हैं कि चांदी की प्रति बाल्टी की कीमत 2,000 से 30,000 तक है। वहीं एक पिचकारी की कीमत करीब 1,000से 25,000 रुपये तक है। होली स्पेशल ये पिचकारियां बाजार में खूब बिक रही हैं। इस सिगमेंट के खरीदार अलग हैं। चांदी की गुजिया और चांदी के ड्राइफ्रूट भी लोग गिफ्ट देने के लिए खरीद रहे हैं।

चांदी के मिष्ठान खाएं नहीं, गिफ्ट करें

चौक सर्राफा के व्यापारी आदीश जैन और एक अन्य कारोबारी सिद्धार्थ जैन के मुताबिक सोने की बाल्टी और पिचकारी के लिए वजन के हिसाब से लोग अपने आर्डर कर रहे हैं। वहीं चांदी की बाल्टी, पिचकारी और ठोस चांदी के मिष्ठान और मेवा लोग शोरूम से सीधे ले रहे हैं। शगुन के तौर पर अभी 68,000 रुपये की सोने की पिचकारी एक घराने ने खरीदी है वहीं, इसी के इर्द-गिर्द कीमत की छोटी स्वर्ण बाल्टी पर खरीदी गई है। बाल्टी में रंग की क्षमता एक बार में करीब एक से डेढ़ लीटर तक है। चांदी के लड्डू और गुझिया की चार और दो की पैकिंग है। इनकी कीमत तीन हजार रुपये है। वहीं, काजू समेत मेवा की पैकिंग भी पांच हजार तक की कीमत में मौजूद है।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा
गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

एक नजर

दो दिनों में हो सकती है बारिश

अमृत विचार, लखनऊ : मौसम एक बार फिर बिगड़ सकता है। मौसम वैज्ञानिकों ने संभावना जताई है कि दो दिनों में एक बार फिर बारिश हो सकती है। ऐसे में वैज्ञानिकों की ओर से अलर्ट घोषित किया गया है। मौसम वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ के असर के कारण एक बार फिर मौसम में बदलाव आने के संकेत मिल रहे हैं।

लविवि : रोजगार के साथ शोध की सुविधा

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट में 27 छात्रों का चयन हुआ है। सभी छात्रों को सेंट्रल प्लेसमेंट सेल द्वारा स्थान दिलाया गया है। सेंट्रल प्लेसमेंट प्रभारी प्रोफेसर मधुरिमा लाल ने बताया कि इस वर्ष पांच सैकड़ा से अधिक छात्रों को अलग - अलग कंपनियों में रोजगार मिल चुका है। इसी कड़ी में रविवार को भी कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन हुआ। जिसमें कंपनी के अधिकारियों द्वारा साक्षात्कार किया गया। एक-एक कर 27 छात्रों का चयन हुआ। जिसमें उन्हें चार और छह लाख से अधिक सालाना पैकेज के रूप में सुनिश्चित किये गए।

राजनाथ ने 6300 युवाओं को बांटे जॉब ऑफर लेटर

लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कौशल महोत्सव रोजगार मेले का समापन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने 6300 युवकों को जॉब ऑफर लेटर प्रदान किया। लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के सहयोग से भाजपा के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने दो दिवसीय कौशल महोत्सव रोजगार मेले का आयोजन किया था। युवकों को सर्टिफिकेट वितरण के साथ इसका समापन कर दिया गया।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में देश के युवाओं की शिक्षा और स्वावलंबी योजनाओं को बढ़ावा मिला है। सरकार युवाओं के इनोवेशन को वेल्थ क्रिएशन में बदलने के लिए स्टार्टअप योजना, स्टैंड अप योजना और मुद्रा जैसी अनेक योजनाएं शुरू की है। 9 साल में मुद्रा योजना के तहत लगभग 23 लाख करोड रुपये से ज्यादा देश के नौजवानों को दिए हैं। इससे नौजवानों ने कारोबार शुरू किया।

लविवि में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा आयोजित मेले में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से जॉब ऑफर लेटर प्राप्त करतीं युवती, साथ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल व अन्य। अमृत विचार

▸▸ राष्ट्रीय कौशल विकास निगम ने किया था दो दिवसीय मेले का आयोजन

केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री का कहना है कि आप भारत को बनाइये और भारत दुनिया को बनाने का कार्य करेगा। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि रोजगार मेले में भी हजारों युवाओं को रोजगार मिल रहे हैं। लखनऊ नगर निगम भी 10,000 से अधिक नौजवानों को नौकरी देने जा रहा है।

संयोजक नीरज सिंह ने कहा कि लखनऊ कौशल महोत्सव युवाओं को पंख देने का काम कर रहा है। पिछली साल 5,760 को रोजगार मिला । इस बार 8 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार मिला है। मेले में 97 कंपनियां शामिल हुईं।

कार्यक्रम को राज्यसभा सांसद बृजलाल, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी मुकेश शर्मा, विधायक डॉ नीरज बोरा, योगेश शुक्ला, एमएलसी रामचंद्र प्रधान और एनएसडीसी के सीईओ वेदमणि तिवारी ने संबोधित किया। इस दौरान कई लोग मौजूद थे।

लखनऊ के इन युवाओं को मिला रोजगार

रोजगार मेले में डालीगंज के रंजीत कुमार को ग्रीन कोर्ट टेक्नोलॉजी, मोहिबुल्लापुर के संविदा सिंह, अखिलेश वर्मा, प्रवीण सिंह को सौभाग्य फाउंडेशन, बालागंज के हैदर रहमान, रणजीत सिंह चौहान, अंकिता, स्वप्निल वाजपेयी को सेंचुरियन कंपनी की तरफ से जॉब ऑफर लेटर दिया गया।

रक्षा मंत्री का कायस्थ परिवार ने किया अभिनंदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ राजनाथ बोले- अब ब्रह्मोस मिसाइल लखनऊ की धरती पर बनेगी

अमृत विचार : केंद्रीय रक्षामंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह का कायस्थ परिवार ने रविवार को एक समारोह में अभिनंदन किया। चौक के अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में समारोह का आयोजन किया गया था। कायस्थ समाज के लोगों ने कुकरैल फ्लाई ओवर का नाम भगवान चित्रगुप्त महाराज पर करने का अभार ज्ञापित किया।

इस दौरान रक्षामंत्री ने कहा कि कायस्थ समाज को खुश करने के लिए भगवान चित्रगुप्त नामकरण नहीं किया है। बड़ा ब्रिज था, मेरी आस्था की अभिव्यक्ति थी इसलिए भगवान चित्रगुप्त के नाम पर किया गया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश क्या उत्तर भारत में यह कल्पना भी नहीं कर सकता था कि कभी यहां पर ब्रह्मोस मिसाइल बनेगी। आपको यह जानकर खुशी होगी कि ब्रह्मास्त्र मिसाइल का कारखाना आधे से अधिक तैयार हो चुका है एक भाग का मैं कल उद्घाटन करने जा रहा हूं। अब ब्रह्मोस मिसाइल लखनऊ की धरती पर बनेगी।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, हृदय नारायण श्रीवास्तव, उमेश श्रीवास्तव, ओपी श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव अज्जू भैया, संतोष श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, अभिषेक खरे सहित कई लोग मौजूद थे।

नवयुग में लैपटॉप और रेफ्रिजरेटर की सौगात

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नवयुग कन्या महाविद्याल में पूर्व छात्र संघ स्मृतिका द्वारा पूर्व छात्रा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने की।

पूर्व छात्र संघ स्मृतिका कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रथम बैच 1963 की छात्रा प्रोफेसर उषा सिन्हा,1987 बैच की वंदना गुप्ता, 1989 से मुक्त, नेहा, 1990 बैच की शर्मिला सिंह, अभिलाषा, डॉ. लीना, 1996 से लता तिवारी, 2001 बैच की दीप्ति, निधि, दीपा, समेत बड़ी संख्या में पूर्व छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में पूर्व छात्रा डॉ. आभा दुबे, प्रो. अर्चना, रजनी सक्सेना, रिचा पांडे, लता तिवारी, अर्चना सरकार, रितिका शुक्ला द्वारा सहयोगी की भूमिका निभाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं। अनुभवों के साथ छात्रों के बीच पूर्व छात्रों द्वारा विचार भी साझा किये गए। महाविद्यालय की पूर्व छात्रा व मनोविज्ञान की प्रवक्ता डॉ. सुनीता द्विवेदी ने स्मार्ट क्लास रूम के लिए लैपटॉप तथा पुस्तकालय के लिए एक रेफ्रिजरेटर प्रदान किया।

कार्यक्रम के दौरान फन गेम्स, म्यूजिकल चेयर आदि का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान कुछ पूर्व छात्राओं द्वारा मधुबनी पेंटिंग, कुर्ती, हैंडमेड इयररिंग्स आदि के स्टॉल भी लगाए गए।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पूर्व छात्राएं व प्राचार्य। अमृत विचार

▸▸ पूर्व छात्राओं ने साझा किए अनुभव, किया सहयोग

कड़ी सुरक्षा में मूल्यांकन के लिए रवाना होंगी कॉपियां

16 मार्च से शुरू होना है मूल्यांकन, राजधानी में 5 और पूरे प्रदेश में बनाए गए 260 केंद्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटमीडिएट परीक्षा समाप्त होने के बाद अब मूल्यांकन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं को मूल्यांकन केन्द्र तक पहुंचाने की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो जायेगी। बेहद गोपनीय ढंग से कॉपियों को एक जनपद से दूसरे जनपद में भेजा जायेगा। इस दौरान संकलन केन्द्र से लेकर मूल्यांकन केन्द्र तक कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गये हैं। किस जिले की कॉपियां किस जिले में भेजी जायेंगी इसकी जानकारी सुरक्षा के मद्देनजर जिला विद्यालय निरीक्षक को भी नहीं दी गई है।

जिला विद्यालय निरीक्षक केवल अपनी निगरानी में उत्तर पुस्तिकाओं से लोड गाड़ियों को रवाना करेंगे। जिस समय कापियां के बंडल ट्रकों पर लोड होंगे उस समय विभाग के अलावा किसी अन्य व्यक्ति की मौजदूगी भी नहीं रहेगी। वाहनों प्रत्येक वाहन पर एक पुलिस कर्मी की भी तैनाती रहेगी। माध्यमिक शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के मुताबिक कॉपियों को भेजने की प्रक्रिया अगले तीन से चार दिनों में पूरी कर ली जायेगी। उसके बाद मूल्यांकन की प्रक्रिया 16 मार्च तक चलेगी। मूल्यांकन पूरा करने का समय 31 मार्च निर्धारित किया गया है। राजधानी में 5 और पूरे प्रदेश में 260 केन्द्रों पर मूल्यांकन होगा।

सचिव परिषद दिव्यकांत शुक्ला ने बताया कि मूल्यांकन केन्द्रों पर कॉपियां कड़ी सुरक्षा में रखी जायेंगी। कॉपियों की बंडल सीसी टीवी की निगरानी रहेंगे। इसके अलावा केन्द्रों के बाहर भी कड़ी सुरक्षा रहेंगी। सचिव ने बताया कि जिलेवार मूल्यांकन केंद्रों का निर्धारण कर दिया गया है। हाईस्कूल के लिए 131 एवं इंटर की उत्तरपुस्तिकाओं के लिए 116 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। 13 मूल्यांकन केंद्र मिश्रित बनाए गए हैं। यहां हाईस्कूल एवं इंटर दोनों की कापियां जांची जाएंगी। बोर्ड ने कुल 260 मूल्याकंन केंद्र बनाए हैं। इनमें 83 राजकीय तथा 177 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं।

▸▸ मूल्यांकन केंद्रों पर भी बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था

▸▸ सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में 24 घंटे रहेंगे बंडल

राजधानी में 6 लाख, प्रदेश में 3.1 करोड़ कॉपियां होंगी चेक

इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में 29,47,311 एवं इंटर में 25,77,997 समेत कुल 55,25,308 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। हाईस्कूल परीक्षा की 1.76 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 94,802 एवं इंटर परीक्षा की 1.25 कापियों के मूल्यांकन के लिए 52,295 परीक्षकों की नियुक्ति की गई है। इस प्रकार कुल 3 .01 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं के लिए 1,47,097 परीक्षकों को तैनात किया गया है।

जीपीओ में पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : जीपीओ में यूपीयू अंतराष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन चीफ पोस्ट मास्टर सुशील कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें आर्मी पब्लिक स्कूल, जीडी गोयनका स्कूल, नवयुग विद्यालय तथा सीएमएस गोमती नगर स्कूल के लगभग 67 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर डिप्टी चीफ पोस्टमास्टर राजेश कुमार व अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे। सुशील कुमार तिवारी ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

सार-संक्षेप

कालीदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन करते शिक्षक अभ्यर्थी।

शिक्षक अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री आवास घेरने की कोशिश की

अमृत विचार, लखनऊ : 69000 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत चयनित 6800 आरक्षित वर्ग के शिक्षक अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास का घेराव करने की कोशिश की और प्रदर्शन किया। इस दौरान अभ्यर्थियों ने जोरदार नारेबाजी भी की। मुख्यमंत्री के आवास पर भारी पुलिस बल तैनात थी। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों का कहना है की बेसिक शिक्षा विभाग और प्रशासन के लोग वादाखिलाफी कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने अभ्यर्थियों की मुलाकात मुख्यमंत्री से कराने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक उनकी मुलाक़ात नहीं हो पायी इसी बात से नाराज अभ्यर्थी एक बार फिर मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर नारेबाजी करने लगे। मौके पर तैनात पुलिस ने अभ्यर्थियों को बस में बैठाकर इको गार्डन भेज दिया।

राज्यपाल करेंगी गेट और इमारतों का लोकार्पण

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश की राज्यपाल मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के नवनिर्मित गेट और इमारतों का लोकार्पण करेंगी। कार्यक्रम के दौरान छात्रों से संवाद स्थापित किये जाने की बात भी सामने आई है। लविवि परिसर में गेट का नवनिर्माण किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से गोमती अपार्टमेंट और सरयू अपार्टमेंट का भी निर्माण किया जा चुका है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल नवनिर्मित इमारतों और गेट का लोकार्पण करने के लिए मंगलवार को आएंगी। प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्रों के साथ संवाद किये जाने के बात भी सामने आई है। कार्यक्रम को लेकर रविवार को कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने एक बैठक की। इसमें कार्यक्रम से जुड़े विषयों पर वार्ता हुई। राज्यपाल के कार्यक्रम से जुड़े हर बिन्दुओं पर भी जानकारियां साझा की गईं। इस दौरान रजिस्ट्रार सहित संकायाध्यक्ष शामिल रहे।

विधानभवन घेरने पर निर्णय आज की बैठक के बाद

अमृत विचार, लखनऊ : पुरानी पेंशन सहित अपनी चार मांगों को लेकर संयुक्त संघर्ष संचालन समिति (एस-4) की ओर से 12 मार्च को विधानभवन घेराव के कार्यक्रम की रणनीति सोमवार को शासन से होने वाली वार्ता के बाद तय होगी। इस संबंध में रविवार को कार्य समिति की ओर से बुलाई गई। बैठक में एस-4 के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, महासचिव आरके निगम एंव उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि उनकी मांगों को लेकर शासन स्तर पर सोमवार एक बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में जो भी निर्णय लिया उसके बाद आगे की रणनीति तय की जायेगी। विनय सिंह ने बताया कि अभी विधानभवन घेरने के जिए जो 12 मार्च की तिथि निर्धारित है उसके लिए उनकी पूरी तैयारी है। सिचाई भवन में आयोजित बैठक के दौरान सह-सयोंजक कृतार्थ सिंह, जेके सचान, आशुतोष मिश्रा, मुकेश कुमार द्विवेदी, मण्डल अध्यक्ष मंयक सक्सेना, जनपद लखनऊ के जनपदीय संयोजक द्वारिका प्रसाद पाण्डेय, कुंदन सैनी, प्रीति सैनी मीडिया प्रभारी मनोज कुमार यादव आदि कर्मचारी नेता उपस्थित रहे।

डिवाइन एजुकेशन कॉन्फ्रेन्स में सम्मानित हुए छात्र

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल अशर्फाबाद कैम्पस द्वारा डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स का आयोजन विद्यालय के ऑडिटोरियम में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने ईश्वर भक्ति से परिपूर्ण शिक्षात्मक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया। छात्रों ने अपने अभिभावकों के समक्ष विद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही सर्वांगीण विकास की शिक्षा पद्धति का भरपूर प्रदर्शन करते हुए जीवन मूल्यों, विश्वव्यापी चिंतन, विश्व समाज की सेवा एवं उत्कृष्टता की अनूठी झलक दिखाई। इस अवसर पर विद्यालय के प्री-प्राइमरी व प्राइमरी के मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिन्होंने वर्ष भर में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, साँस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद की प्रतियोगिताओं एवं वार्षिक परीक्षा में टॉप कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। निदेशिक डॉ .भारती गांधी ने कहा कि घर, स्कूल व समाज का वातावरण बालक के ज्ञान प्राप्त करने के प्रमुख स्त्रोत हैं, जिनका बालकों के मन और बुद्धि पर व्यापक असर पड़ता है। ऐसे में यह जरूरी है कि घर व विद्यालय में नैतिक एवं आध्यात्मिक गुणो का वातावरण सदैव बना रहे, जिससे भावी पीढ़ी का संतुलित एवं सर्वांगीण विकास संभव हो।

डीबीटी के जरिए 100 फीसद बजट अप्रैल में देने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सरकारी विद्यालय में बच्चे समय से खरीद सकेंगे यूनिफॉर्म

▸▸ 1 अप्रैल से स्कूलों में नया शैक्षिक सत्र होगा शुरू

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर संचालित प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे समय से यूनिफॉर्म, जूता मोजा, बैग व स्टेशनरी खरीद सकें इसके लिए विभाग ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है।

इस बार विभाग का लक्ष्य है कि डीबीटी के जारिए अभिभावकों को मिलने वाला बजट अप्रैल माह में ही मिल जाये ताकि वह अपने बच्चों के लिए समय से सामान की खरीदारी कर सकें। इसके लिए स्कूलों के सभी शिक्षकों को निर्देश दिए गये हैं कि जिन बच्चों का डाटा फीडिंग नहीं हुआ है उसे पूरा कर लिया जाये। ताकि कोई भी बच्चा सुविधाओं से वंचित न होने पाये।

विभाग की ओर से हर साल डीबीटी के जरिए सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों के खाते में 1200 रुपये सहायता राशि भेजी जाती है। इस रशि में दो जोड़ी यूनिफॉर्म, जूता मोजा, स्टेशनरी खरीदना होता है।

सरकारी स्कूलो में शैक्षिक सत्र 2023-24 में 1.92 करोड़ बच्चों के नामांकन तो इसी आधार पर इस साल भी बजट भेजने की तैयारी है। हालांकि 1 अप्रैल से स्कूलो में नया शैक्षिक सत्र शुरू होगा इस दौरान नये बच्चो का भी नामांकन शुरू होगा। ऐसे में जो संख्या बाद में बढ़ेगी उनको बाद में बजट जारी किया जायेगा।

देश-दुनिया के मुख्य अभियोजनों पर बल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में 10 वें अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों के छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य वाद एवं मुकदमों से हटकर मध्यस्थता के माध्यम से विवाद को सुलझाना रहा।

कार्यक्रम में विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने मध्यस्थता के लाभों को विस्तार दिया। जरूरी जानकारियां भी साझा की गईं। कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा सवाल हुए, तो जवाब भी मिले। इस अवसर पर मुख्य अतिथि की ओर से छात्र -छात्राओं को विधान सभा दर्शन का आमंत्रण भी मिला। समापन समारोह में विश्वविधालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. संजय सिंह, टेंपल गार्डन (ब्रिटिश लॉ फर्म) के पार्टनर एंड्रयू मिलर (किंग्स काउंसल), कैथलीन रुआन लीडी, लीगल एड कमिटी के अध्यक्ष डॉ. कुमार असकंद पाण्डेय, फैकल्टी कॉर्डिनेटर लीगल एड कमिटी प्रेम कुमार गौतम, आशीष वर्मा, अभ्युदय जायसवाल, सुशांत वर्मा, अभिषेक कुमार, उत्कर्ष साहू, शगुन पाठक, सताक्षी आर्य, अर्पण कुशवाहा, वंश टंडन उपस्थित रहे।

मुकदमों से हटकर मध्यस्ता पर बल : प्रतियोगिता के दौरान मुकदमों से हटकर मध्यस्ता पर बल दिया गया। बढ़ रहे मुकदमों के बोझ में कमी लाने के तरीके भी बताए गए। ऐसे में विशेषज्ञों की ओर तार्किक अर्थ भी बताए गए।

विजयी टीम की छात्रा को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि व अन्य। अमृत विचार

▸▸ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विधान सभा अध्यक्ष

सिंगापुर की टीम रही सर्वश्रेष्ठ

कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिताओं के आयोजन हुए। इसमें दो पक्षों को शामिल किया गया। जिसमे मध्यस्थता प्रतियोगिता में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय हैदराबाद की टीम अव्वल रही। वहीं सर्वश्रेष्ठ टीम राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय कोलकाता रही। सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय टीम नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर रही।

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है:- **क्र.सं.: 1- ई-निविदा संख्या:** NER-LJN-2024-20, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल-समइ/पश्चिम/गोरखपुर के अधीन 24 माह के लिए छोटी ट्रैक मशीन (Small Track Machine)/वेल्डिंग मशीन/पी.वे सामग्री और मल्टी यूटिलिटी के परिवहन का प्रावधान, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 37,85,884.40, **अग्रिम धन (₹):** ₹ 75,700.00, **समापन अवधि:** 24 माह, **क्र.सं.: 2- ई-निविदा संख्या:** NER-LJN-2024-21, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल-समइ/पश्चिम/गोरखपुर के अधिकार क्षेत्र में गोरखपुर यांत्रिक कार्यशाला एवं स्टोर डिपों में सी.टी. आर. (एस.), टी.आर.आर. (एस) एवं टी.एस.आर. (एस) का कार्य, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 1,52,18,802.09, **अग्रिम धन (₹):** ₹ 2,26,100.00, **समापन अवधि:** 12 माह, **क्र.सं.: 3- ई-निविदा संख्या:** NER-LJN-2024-22, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल-वरिष्ठ मंडल इन्जीनियर/प्रथम के अधिकार क्षेत्र में बस्ती, मनकापुर यार्ड और अन्य यार्ड के लूप लाइन में डीप स्क्रीनिंग का कार्य, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 2,96,87,348.28, **अग्रिम धन (₹):** ₹ 2,98,400.00, **समापन अवधि:** 15 माह। **नोट (1)** उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2024-20-22 के लिये ई-निविदा दिनांक **01.04.2024** को **15:00** बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय **15:00** बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेगी। **(2)** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।
मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग लखनऊ
मुजाधि/डब्लू-576
"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

झोपड़पट्टी में पहचान पत्र बनाने की दी सलाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने दीं जानकारियां

अमृत विचार : झोपड़पट्टियों में रहने वालों को पहचान पत्र बनाए जाने की सलाह दी गई। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने उपयोगी जानकारियां देते हुए सुझाव भी बताए। लविवि के छात्रों ने राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट के स्पेशल कैंप का आयोजन किया। कैंप का उद्घाटन प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. अलका मिश्रा ने किया। कैंप के पहले दिन सभी एनएसएस वॉलंटियर्स को उपयोगी पत्र दिये गए, ताकि जागरूकता गतिविधियों को विस्तार दिया जा सके। कैंप से जानकारियां मिलने के बाद छात्र-छात्राएं लखनऊ के कई क्षेत्रों में स्थित झोपड़पट्टियों में गए। यहां महिलाओं और पुरुषों दोनों से बातचीत की गई। उन्हें अपना मतदाता पहचान पत्र बनवाने की सलाह दी गई। वॉलंटियर्स ने समस्या भी सुनीं और उनके निस्तारण के उपाय भी बताए गए। चिकित्सा के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाना, सभी बच्चों को स्कूल भेजना, अपने आसपास साफ सफाई का ध्यान रखना आदि विषयों से जुड़ी जानकारियां भी साझा की गईं।

सांस्कृतिक उत्सव में दिखी सैन्य छात्राओं की प्रतिभा

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय सेना के मध्य कमान स्थित कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने प्रतिभाओं और सौहार्द के शानदार प्रदर्शन के साथ अपना वार्षिक दिवस 'स्पंदन' मनाया। इस कार्यक्रम ने सांस्कृतिक उत्सव की एक शाम में उभरती सैन्य नर्सों के भीतर पाठ्येतर गतिविधियों के प्रति गहरे जुनून को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर मध्य कमान के चीफ ऑफ स्टाफ (सीओएस) एवं एएससी के कर्नल कमांडेंट समेत अन्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

नियुक्तियों के लिफाफों ने खोले विवि के राज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ भाषा विश्वविद्यालय में देर शाम तक चली बैठक

▸▸ 8 शिक्षक किए गए सूचीबद्ध, उच्च प्रशासन को भी किया गया सूचित

अमृत विचार : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में उन नियुक्तियों के लिफाफे खुल गए हैं, जिनमें गहरे दाग थे। ऐसे में एक एककर 8 शिक्षकों को सूचीबद्ध किया गया है। ठोस कार्रवाई को लेकर रविवार देर शाम तक बैठकों का दौर जारी रहा।

भाषा विश्वविद्यालय में पूर्व कुलपति के कार्यकाल में कई नियुक्तियां की गई थीं। बताते हैं कि इन नियुक्तियों के द्वारा मानकों की अनदेखी की गई। सूत्रों की मानें तो इसकी जानकारी उच्च प्रशासन को तब लगी, जब इसकी गोपनीय शिकायतें की जानें लगीं। लेखा परीक्षा विभाग प्रयागराज की एक रिपोर्ट के बाद कुलाधिपति कार्यालय से पूछे गए सवालों पर विवि प्रशासन में हड़कंप मच गया। लिफाफे खोजे गए तो 14 शिक्षक नियमों से इतर मिले। ऐसे में कुलपति नरेन्द्र बहादुर सिंह ने एक कमेटी गठित की। जिसमें रजिस्ट्रार डॉ. भावना मिश्रा को शामिल किया गया।

बंद लिफाफे से निकले साक्ष्यों को जांच करने का क्रम बीस दिनों से जारी था। रविवार को तथ्यों से मिले इनपुट के बाद निर्णय को लेकर एक बैठक की गई। जिसमें रजिस्ट्रार डॉ. भावना मिश्रा शामिल हुईं। देर शाम तक उच्च प्रशासन को जानकारी दी जाती रही। बताते हैं कि कड़ी कार्रवाई को लेकर निर्णय ले लिया गया है। इसमें असिस्टेंड प्रोफेसर से लेकर कई अन्य शामिल हैं।

असिस्टेंट बन गए प्रोफेसर

प्रकरण 10 वर्षों से लंबित है। बताते हैं वर्ष 2013 में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद की भर्ती हुई थी। इसको लेकर जिम्मेदारों द्वारा उन्हें सीधे प्रोफेसर ही नियुक्त कर दिया गया। इसमें भाषा विवि के कई बड़े पदों पर आसीन भी शामिल रहे। वहीं भाषा विश्वविद्यालय में जांचोपरांत आठ शिक्षकों पर बड़ी कार्रवाई किये जाने की बात सामने आई है। हालांकि इस बात को लेकर विवि के कुलपति और रजिस्ट्रार ने पुष्टि नहीं की है। लेकिन बताया जा रहा है कि कार्रवाई की जद में असिस्टेंट प्रोफेसर सहित कुल आठ शिक्षक शामिल किये गए हैं।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

एक नजर

पांच छोटे दलों ने दिया कांग्रेस को समर्थन

अमृत विचार, लखनऊ : लोक विधान पार्टी, मूलनिवासी समाज पार्टी, हिस्सेदारी घटक दल मोर्चा, समता समाज पार्टी और सत्य बहुमत पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपना समर्थन कांग्रेस को दिया है। मूलनिवासी समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भीमसेन भारशिव एवं हिस्सेदारी घटक दल मोर्चा के संयोजक दीपक साहनी, समता समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश मौर्या, सत्य बहुमत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखराम प्रसाद, लोक विधान पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रियतोष राव ने संयुक्त बयान में कहा कि वह कांग्रेस की नीतियों के पक्ष में हैं। कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि यह समय लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली सभी ताकतों को एकजुट होने का है। आज फायदा नुकसान सोचने का भी समय नहीं है। आज बात सिर्फ देश हित और संविधान हित की होनी चाहिए।

आरके अध्यक्ष और दिवाकर बने महासचिव

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र .टीबी कंट्रोल इम्प्लाइज एसोसिएशन की प्रांतीय कार्यकारिणी के द्विवार्षिक चुनाव रविवार को राजेंद्र नगर स्थित कीय टीबी क्लीनिक, राजेंद्र नगर में संपन्न हुआ। जिसमें आरके वर्मा को अध्यक्ष, दिवाकर वीवीए को निर्विरोध महासचिव के पद पर चुना गया। साथ ही उपाध्यक्ष महेंद्र प्रताप, कोषाध्यक्ष अश्वनी कुमार और सचिव के पद पर धर्मेंद्र कुमार को निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव अधिकारी डॉ आनंद कुमार सिंह और सहायक चुनाव अधिकारी अभय कुमार सिंह ने निर्वाचित अधिकारियों के पद व नाम की घोषणा की। इस मौके पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उप्र. के अध्यक्ष अरविंद वर्मा, महामंत्री आर के निगम, उपाध्यक्ष जेके सचान, जेपी मौर्या, नागेंद्र भूषण पाण्डेय प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

31 लोगों ने किया रक्तदान

अमृत विचार : एलईजेसी ग्रुप की तरफ से रविवार को निरालानगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। लखनऊ नर्सिंग होम एसोसिएशन ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित हुए इस शिविर में 31 लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर मेडिकल टीम ने लोगों के रक्तदान के प्रति जागरूक भी किया।

सड़कें उखड़ीं, घरों के सामने सीवर का पानी

गंदगी और दुर्गंध के बीच रहने को मजबूर हैं चिरौंदा पुरवा के लोग, क्षेत्र के ज्यादातर हैंडपंप पड़े हैं खराब

मालवीय नगर वार्ड के चिरौंदा पुरवा में लगा गंदगी का अंबार। अमृत विचार

नाली के बाहर बहते गंदे पानी को दिखाता स्थानीय निवासी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : टूटी सड़कें, दरवाजे पर बहता नाली और सीवरेज का गंदा का पानी, बदबू ऐसी की अपने घर में ही रहना दूभर है। परेशान लोग रिश्तेदारों को घर नहीं बुलाते। यह हाल है मालवीय नगर वार्ड के चिरौंदा पुरवा का है।

गंदगी व दुर्गंध के साथ पीने के लिए साफ पानी भी नहीं मिलता है। ज्यादातर हैंडपंप खराब पड़े हैं। वार्ड की दुश्वारियों की जानकारी लेने अमृत विचार की टीम रविवार दोपहर पहुंची, तो स्थानीय लोगों का दर्द जुबां पर आ गया। किसी ने जमीन पर कब्जे की बात कही, तो किसी ने सीवर जाम की समस्या उठाई। आरोप लगाया कि पार्षद और नगर निगम के अधिकारी से शिकायत करने का कोई फायदा नहीं हो रहा है।

मालवीय नगर वार्ड के चिरौंदा पुरवा में तारों के मकड़जाल से कभी भी हो सकता है हादसा।

क्षेत्र में खराब पड़ा हैंडपंप। अमृत विचार

▸▸ गंदे व पीले बदबूदार पानी की हो रही आपूर्ति

बदहाल हो चुकी है मोतीझील

क्षेत्र की मोती झील को संवारे जाने के साथ अवैध कब्जे हटाने की कई बार योजना बनी। पर, इसे हकीकत की धरातल पर निगम के अधिकारी नहीं ला सके। अवैध कब्जे के कारण यह झील नाले में तब्दील हो चुकी है। झील बचाओ समिति ने भी कई बार अधिकारियों से इसे संवारे जाने को गुहार लगाई लेकिन कुछ नहीं हुआ। कभी इलाके की पहचान रही मोती झील का अस्तित्व ही संकट में है।

बिजली के खंभों को तो घर में ही लगा दिया गया है। इसके साथ ही घरों से सटे बिजली के खंभे पर एबीसी लाइन डालकर कनेक्शन दिये गये है। यहां कभी भी कोई घटना हो सकती है। -मिथिलेश श्रीवास्तव

लोग बदबू के कारण मुंह पर कपड़ा रखकर चलने को मजबूर हैं। पार्षद कुछ जगह पर ही ध्यान दे रही हैं। जिस कारण यहां की स्थिति और भी खराब हो रही है। -उषा मौर्या

पूरे इलाके में गंदा, पीला और बदबूदार पानी सप्लाई हो रहा है। लोग आए दिन बीमार होते हैं। शिकायत के बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ। सभी गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। -अनिल आसेरी

यहां की सबसे बड़ी समस्या पानी, नाली और सफाई है। इन तीनों पर ही पार्षद ध्यान नही दे रही है। जिसके कारण क्षेत्र में चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ है। -चन्द्रिका प्रसाद

क्षेत्र में न तो नालियों की सफाई होती है और न ही सड़क पर झाड़ू लगती है। गंदगी का अंबार लगा है। पार्षद तो चिरौंदा पुरवा पर ध्यान ही नही दे रही हैं। -राम शंकर

बोले लोग



वार्ड में खराब हैंडपंपों को सही कराने की जरूरत है। अगर ऐसा हो जाए तो पूरे इलाके में पानी की समस्या को दूर किया जा सकता है। -वशिष्ठ उपाध्याय

नालियों का गंदा पानी घरों के बाहर बह रहा है। पार्षद से शिकायत के बाद भी यहां नालियों की सफाई पर कोई ध्यान नही दिया गया। हम लोग गंदगी में रहने का मजबूर हैं। -हरि बाबू

सीवर टूटा पड़ा है। जिसका गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। अधिकारियों समेत पार्षद से शिकायत भी की है। समस्या का समाधान आज तक नही हुआ। -किशन कनौजिया

यहां अतिक्रमण बहुत ज्यादा है। इस लिए सफाई नही हो पाती है। साथ ही पानी का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। मोतीझील पर काम करके इसे ठीक किया जा सकता है। पार्षद को इस समस्या को दूर करने के लिए ध्यान देना चाहिए। -बलदेव चौहान

यहां करीब 10 हजार की आबादी है। फिर भी पार्षद ने इस इलाके मे विकास का कोई काम आज तक नहीं कराया है। मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना पार्षद का पहला काम है। -परमानंद

पानी की लीकेज दिखाते वरिष्ठ पत्रकार सुशील दुबे। अमृत विचार

राजेन्द्र नगर में 10 दिनों से मुख्य मार्ग पर बह रहा पानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ जलकल विभाग की लापरवाही से पेयजल की बर्बादी
▸▸ वाटर लाइन में लीकेज, गड्ढा खोद कर छोड़ दिया
▸▸ पाइप बदलने में तीन दिन लगेंगे

अमृत विचार : शहर का भू-जल स्तर तेजी से गिर रहा है, इसके बावजूद जलकल विभाग पेयजल की बर्बादी कर रहा है। 10 दिनों से राजेन्द्र नगर में मुख्य मार्ग पर पाइप लाइन में लीकेज से लाखों लीटर पानी बह चुका है। जलकल विभाग के जिम्मेदार अभियंताओं ने 10 फिट चौड़ा और 8 फिट गहरा गड्ढा खोदकर छोड़ दिया है। आपूर्ति के दौरान लीकेज से रोज हजारों लीटर पेयजल सड़क पर बह रहा है।

विजन अपार्टमेंट निवासी वरिष्ठ पत्रकार सुशील दुबे ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, महापौर सुषमा खर्कवाल और जलकल महाप्रबंधक को ट्वीट करके पेयजल की बर्बादी की शिकायत की है। जलकल विभाग के अनुसार छह फिट नीचे एसी पाइप क्रैक हो गया है, जिससे आपूर्ति के दौरान पानी तेजी से बह रहा है। उनका कहना है कि सप्लाई बंद करनी पड़ेगी। विज्ञापन निकालकर सप्लाई बंद करने की जानकारी दी जाएगी। इसके बाद काम शुरू होगा। पाइप बदलने में अभी दो से तीन दिन और लग जाएंगे।

छह फिट नीचे एसी पाइप क्रैक हो गया है, जिससे पानी बह रहा है। पाइप बदलने के लिए सप्लाई बंद करनी पड़ेगी। लोगों को विज्ञापन के जरिये सप्लाई बंद करने की सूचना दी जाएगी। मरम्मत कार्य में एक से दो दिन लग जाएंगे।

-विश्वनाथ गुप्ता, अधिशासी अभियंता, जलकल विभाग जोन 2

पांच लाख की आबादी झेलेगी पेयजल संकट

ऐशबाग जलकल से राजेन्द्र नगर, केकेसी, हुसैनगंज, मोतीनगर, चारबाग, नाका, हुसैनगंज आदि क्षेत्रों की लगभग पांच लाख की आबादी को पेयजल की आपूर्ति होती है। पाइप बदलने के लिए सप्लाई रोकनी पड़ेगी। जिससे क्षेत्र की आबादी को दो दिन पेयजल का संकट झेलना पड़ेगा।

इमरजेंसी में भी इलाज के लिए इंतजार

अमृत विचार, लखनऊ : बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को भी इंतजार करना पड़ रहा है। जबकि, बीते साल उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने निरीक्षण के दौरान कहा था कि इमरजेंसी में आने वाले मरीजों की महज दस मिनट के भीतर फाइल बनाकर वार्ड में शिफ्ट करके इलाज मुहैया कराया जाए। इसके बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ। मरीज की फाइल बनने में आधा घंटे से अधिक का समय लग रहा है। एक मरीज के तीमारदार ने वीडियो बनाकर वायरल किया है। बलरामपुर अस्पताल 756 बेड की क्षमता वाला अस्पताल है। इमरजेंसी की सुविधा 24 घंटे संचालित होती है। इमरजेंसी में हर दिन करीब 100-120 मरीज भर्ती होते हैं। इमरजेंसी-ओपीडी महज इमरजेंसी मेडिकल अफसर के भरोसे रहती है। बाकी कॉलेजों से आने वाले इंटर्न डॉक्टर के निर्देश पर फाइल बनाने के साथ जरूरी दवाएं देते हैं। डॉक्टर व स्टॉफ कम होने से मरीजों को भर्ती होने में करीब आधे से एक घंटा लग जाता है। बाराबंकी टिकैतगंज के रहने वाले बुजुर्ग मरीज सोहन लाल को पेट में असहनीय दर्द होने पर परिजन एम्बुलेंस से शनिवार को इमरजेंसी लाए थे। परिजनों का आरोप है कि मरीज करीब आधे घंटे से अधिक समय तक स्ट्रेचर पर ही पड़ा तड़पता रहा कोई डॉक्टर देखने वाला नहीं था। परिजनों को फाइल बनवाने में व्यस्त कर दिया गया। अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण का कहना है कि इमरजेंसी में मरीजों को तत्काल इलाज मुहैया कराने के निर्देश हैं। यदि कुछ दिक्कत आ रही है तो सुधार कराया जाएगा।

आरोग्य मेले में मौजूद लोग व स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

आरोग्य मेले में 5696 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : जिले में रविवार को सभी शहरी एवं ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों(सीएचसी) एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों(पीएचसी) पर आरोग्य मेला आयोजित हुआ। मेले में आए कुल 5696 लोगों का स्वास्थ्य चेकअप कर दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। विशेषज्ञों ने उन्हें स्वस्थ रहने के सुझाव भी दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि आरोग्य मेले में गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन सेवाएं, पूर्ण टीकाकरण, बच्चों में डायरिया व निमोनिया के रोकथाम, बचाव और उपचार की जानकारी देने के साथ ही अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। कुपोषित बच्चों की पहचान और उनके उपचार के बारे में भी स्वास्थ्य कर्मियों ने जानकारी दी। वहीं, परिवार कल्याण कार्यक्रमों के तहत बास्केट ऑफ च्वाइस के बारे में मेले में आने वाले लोगों को बताया गया और इच्छुक लाभार्थियों को परिवार नियोजन के साधन भी मुहैया कराए गए। इसके अलावा ओपीडी की सेवाओं के साथ ही फाइलेरिया, दिमागी बुखार, टीबी, मलेरिया, डेंगू, एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार को लेकर जागरूक किया गया।

ग्लूकोमा के मरीजों का स्वास्थ्य केंद्रों पर होगा परीक्षण

विश्व ग्लूकोमा दिवस कल, मरीजों को चिन्हित कर ऑपरेशन के लिए अस्पतालों में भेजा जाएगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ग्लूकोमा के मरीजों का परीक्षण सभी सरकारी अस्पतालों के साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर होगा। ग्लूकोमा की पुष्टि होने पर इसकी रिपोर्ट सीएमओ कार्यालय भेजी जाएगी। जहां से इन मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किए गए निजी व सरकारी संस्थानों में भेजा जाएगा।

हर साल की तरह इस साल भी ''विश्व ग्लूकोमा दिवस'' 12 मार्च को मनाया जाएगा।



इसके मरीजों को चिन्हित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से 12 से 18 मार्च तक विश्व ग्लूकोमा सप्ताह आयोजित कर लोगों को जागरूक करेगा। सीएमओ मनोज अग्रवाल ने बताया कि ग्लूकोमा के मरीजों को चिन्हित करने के लिए सभी सीएचसी, पीएचसी, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों में शिविर लगाए जाएंगे। साथ ही निजी संस्थान टीएस मिश्रा मेडिकल कॉलेज, प्रसाद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और इंदिरागांधी नेत्र चिकित्सालय कैसरबाग में भी मरीजों का परीक्षण कर ऑपरेशन किए जाएंगे। इसके निर्देश सभी पर केंद्र के प्रभारियों जारी कर दिए गए हैं। इसके अलावा केजीएमयू और लोहिया संस्थान में भी ग्लूकोमा के ऑपरेशन होंगे।

प्रमुख लक्षण

- आंखों में लंबे समय तक दबाव और दर्द बने रहना।
- आंखों में दर्द के साथ साथ सिर में भी दर्द बना रहना।
- व्यक्ति को रोशनी के चारों तक इंद्रधनुष जैसी चीज नजर आना।
- आंखों में हर वक्त लाली दिखने लगती है।

क्या है ग्लूकोमा

ग्लूकोमा में आंख की तंत्रिका को नुकसान पहुंचने पर आंख की रोशनी कम होने लगती है। आंख से जुड़ी ये तंत्रिका हमारे दिमाग को दृश्य से जुड़ी सारी जानकारी भेजती है, और इसी के जरिए हम किसी चीज को पहचानने का काम कर पाते हैं। ऐसे में अगर कुछ वजहों से तंत्रिका पर दबाव पड़े और वो कमजोर या क्षतिग्रस्त हो जाए तो चीजें पहचानने की क्षमता कमजोर हो जाती है। इससे आंखों की रोशनी कम होने लगती है।

एक्स-रे में दिखने वाला हर धब्बा टीबी नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ केजीएमयू में फेफड़ों से जुड़ीं बीमारियों पर आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञों ने दी जानकारी

अमृत विचार : हर चमकती चीज जैसे सोना नहीं होती, उसी तरह से फेफड़ों के एक्स-रे में दिखने वाला हर धब्बा टीबी नहीं होता। टीबी की सटीक पहचान के लिए एक्स-रे की बारीकियों की जानकारी होना जरूरी है।

यह कहना है नार्थ जोन टीबी टास्क फोर्स के चेयरमैन, व केजीएमयू के रेस्परेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत का। वह किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के रेस्परेटरी मेडिसिन विभाग के तत्वावधान में आयोजित हुई दो दिवसीय कार्यशाला के आखिरी दिन रविवार को पीजी छात्रों को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यशाला में नौ राज्यों के करीब 250 पीजी छात्र शामिल हुए। डॉ. सूर्यकांत ने बताया फेफड़ों के एक्स-रे से केवल टीबी ही नहीं बल्कि कई अन्य बीमारियों के बारे में भी सावधानीपूर्वक पता लगाया जा सकता है। इनमें तो कई ऐसी बीमारियां भी होती हैं जो एक्स-रे में टीबी जैसी ही लगती हैं।

उन्होंने बताया कि इन बीमारियों में प्रमुख रूप से लंग कैंसर, इंटरशियल लंग डिजीज (आईएलडी), सीओपीडी, एक्यूट रेस्परेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम (एआरडीएस), निमोनिया, ट्रोपिकल पल्मोनरी ईओसिनोफीलिया (टीपीई), लंग फाइब्रोसिस, ब्रान्काइटिस शामिल हैं। कार्यशाला में पीजीआई चंडीगढ़ के डॉ. दिगंबर बेहरा ने लंग कैंसर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों को साझा किया। एम्स दिल्ली के डॉ. अनंत मोहन ने निमोनिया के इलाज की बारीकियां बताई तो म्स ऋषिकेश के डॉ. मयंक मिश्रा ने लंग ट्यूमर के उपचार में क्रायोथेरेपी की भूमिका पर प्रकाश डाला । एम्स जोधपुर के डॉ. नवीन दत्त ने इंटरशियल लंग डिजीज से जुड़ी बारीकियों के बारे में बताया। पीजीआई रोहतक के डॉ. पवन कुमार सिंह ने एक्यूट रेस्परेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम (एआरडीएस) के बारे में बताया।

51 परियोजनाओं से संवरेगा शहर

मुख्यमंत्री, रक्षामंत्री आज करेंगे परियोजनाओं का शिलान्यास- लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ ग्रीन कॉरिडोर व पीएम आवास की मिलेगी सौगात
▸▸ हनुमान सेतु पर नया फ्लाईओवर भी बनाया जाएगा

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण 949.51 करोड़ रुपये की 51 परियोजनाओं से शहर का विकास कराएगा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को एलडीए की इन परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। शहर को ग्रीन कॉरिडोर व पीएम आवास की सौगात मिलेगी।

ग्रीन कॉरिडोर के तहत आईआईएम रोड से गऊघाट तक काम पूरा हो चुका है। 33.98 करोड़ की लागत से गऊघाट पर सेतु निर्माण और 84 करोड़ से आईआईएम रोड से आर्डिंग ब्रिज तक बंधे और सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा 162 करोड़ रुपये की लागत से बसंतकुंज योजना में एलडीए ने 2,500 प्रधानमंत्री आवास बनाए हैं।

हनुमान सेतु से समतामूलक चौराहे तक सीधे कनेक्टिविटी के लिए निशातगंज से कुकरैल नदी के ऊपर फोर लेन ब्रिज बनाया जाएगा। निशातगंज से कुकरैल नदी के बीच निशातगंज बंधा का चौड़ीकरण एवं सड़क निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा हनुमान सेतु पर नया फ्लाईओवर बनेगा। हरदोई रोड से समतामूलक चौराहा होते हुए सीधे किसान पथ तक कनेक्टिवटी हो जाएगी। जिससे आने वाले दिनों में लोगों को जाम से राहत मिलेगी।

यूपी दर्शन पार्क व वेटलैंड का मिलेगा तोहफा

शहर को यूपी दर्शन पार्क व वेटलैंड का तोहफा मिलेगा। एलडीए ने स्मार्ट सिटी के तहत गोमती नगर में 10 एकड़ क्षेत्रफल में यूपी दर्शन पार्क बनाया है। लगभग 10 करोड़ की लागत से तैयार इस पार्क में वेस्ट मैटीरियल से मूर्तियां और स्मारक बनाए गए हैं। इसके अलावा सीजी सिटी में 37 एकड़ क्षेत्रफल में वेट लैंड का निर्माण किया जा रहा है। वेटलैंड में स्वदेशी व विदेशी पक्षियों के प्राकृतिक वास को बढ़ावा देने के लिए आकर्षक एवं रमणीक स्थल बनाया जाएगा।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

एक नजर

जीजा पर दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : नगराम इलाके में बहन को पीटने पर साले ने जीजा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रामपुर गांव निवासी महेंद्र कुमार ने बताया कि उसकी बहन की शादी नगराम के गौरिया खुर्द निवासी राम निवास के साथ हुई थी। चार दिन पहले बहन ने फोन पर बताया कि पति उसके साथ मारपीट की है। जब गांव पहुंच विरोध किया तो जीजा ने जान से मारने की धमकी देते हुए उसे भी पीट दिया। इंस्पेक्टर विवेक चौधरी ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दो युवकों पर नाबालिग को ले जाने का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : नगराम इलाके में दो युवकों पर नाबालिग को बहला फुसला कर ले जाने का मामला दर्ज किया गया है। पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार सुबह 15 वर्षीय बेटी बिना बताए घर से लापता हो गई थी। तलाश के दौरान पता चला कि सैदापुर निवासी भांजा अनिल व ललई खेड़ा गांव निवासी राम नरेश उसे बहला फुसलाकर ले गए हैं। इंस्पेक्टर विवेक चौधरी ने बताया आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

जंगल में लगी आग, मशक्कत से पाया काबू

अमृत विचार, काकोरी। पारा कोतवाली क्षेत्र के आगरा एक्सप्रेस वे के जीरो पॉइंट के पास जंगल में रविवार दोपहर को आग लग गई। इससे आसपास के लोगों में अफरा तफरी मच गई। कल्याण सिंह वार्ड के पार्षद पति सनी रावत की सूचना पर पुलिस और दमकल पहुंची। मशक्त के बाद आग पर काबू पाया गया।

वाजिदनगर के दो घरों में चोरी

अमृत विचार, मलिहाबाद : मलिहाबाद थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी कसमंडी कला के गांव वाजिदनगर निवासी अखिलेश सिंह के घर में शनिवार रात चोर घुस गए। चोर घर में रखे आलमारी से करीब 12 हजार मूल्य के गहने और 2 हजार रुपये ले गए। सजीवनलाल के घर से चोर एक मोबाइल फोन ले गए। तहरीर में अखिलेश ने बताया कि चोर उन्हें कमरे में बंद कर गए थे।

अकबर नगर : महिलाओं और युवाओं ने दो घंटे किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हालात को काबू करने में पुलिस को करनी पड़ी मशक्कत
- पथराव के बाद सड़क पर ईंट और पत्थर बिछे नजर आये

अमृत विचार : अकबर नगर में पथराव और हंगामा करीब दो घंटे चला। हालात पर काबू पाने में पुलिस फोर्स को मशक्कत करनी पड़ी। बैरिकेडिंग लगाकर अकबर नगर की तरफ सेआवाजाही रोक दी। इसके साथ ही एलआईयू, आईबी की टीम भीड़ के बीच सक्रिय हो गई।

अकबर नगर के स्थानीय लोगों के अनुसार फर्नीचर मालिक का चार मंजिला गोदाम करीब पांच बजे के आसपास ढहाया गया। इस दौरान कुछ लोगों ने एक युवक के दबकर मरने और कुछ लोगों ने मलबे की चपेट में आने से 5-6 लोगों के घायल होने की अफवाह उड़ा दी। इसके बाद कुछ युवक और महिलाएं घरों से बाहर निकल कर हंगामा करते हुए पुलिस और एलडीए कर्मियों पर पथराव करने लगे। हालत बिगड़ते देख मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने आला अधिकारियों को सूचना दी।

आनन-फानन भारी भरकम फोर्स के साथ पुलिस अधिकारी पहुंचे गए, पूरा इलाका छावनी में तब्दील हो गया। जगह-जगह बैरिकेडिंग लगा दी गई। जो भी सड़क पर नजर आया, उसे पूछताछ कर चलता किया गया। अफवाह कौन फैला रहा है इसकी जानकारी के लिये खुफिया तंत्र सक्रिय हो गया। देर शाम करीब सात बजे तक हालात पर काबू पा लिया गया। जेसीपी ने लोगों से अफवाह नहीं फैलाने की अपील की है। उन्होंने कहा जो भी अफवाह फैलाएगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उग्र महिलाओं ने पुलिस प्रशासन को कोशा, गाली गलौज भी की : अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण से स्थानीय लोगों में पुलिस और प्रशासन के प्रति काफी आक्रोश है। इसके चलते पथराव और हंगामा के बीच कई बुजुर्ग महिलाएं अपने-अपने घरों से निकल कर सड़क तक आ पहुंचीं। इस बीच पुलिस अफसरों ने उनसे घरों में जाने की अपील की तो कोशते हुये गाली गलौज करने लगीं। महिला पुलिसकर्मियों के सख्ती बरने के बाद वह घरों में गईं।

अकबर नगर में पथराव के बाद गश्त करती पुलिस। अमृत विचार

बख्तर बंद और हेलमेट लगाकर संभाला मोर्चा

पथराव कर रहे लोगों को खदेड़ने के लिये पुलिस अफसर और कर्मियों ने बख्तर बंद पहने हेलमेट लगा मोर्चा संभाल लिया। जो भी घरों से बाहर नजर आये उन्हें खदेड़ कर अंदर करते रहे। लेकिन गली में घूसने से पुलिस कर्मी भी बचते रहे। इस दौरान छतों पर नजर आये लोगों को भी घरों के अंदर भेज दिया गया।

पुलिसकर्मियों पर लगाया पथराव करने का आरोप

स्थानीय लोगों ने पुलिस कर्मियों पर भी पथराव करने का आरोप लगाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ लोगों ने ही पथराव किया होगा। जबकि पुलिसकर्मियों ने बिना देखे उन लोगों पर भी पथराव कर दिया। बताया जा रहा है कि पथराव के दौरान कर्मी जेसीबी और पोकलैंड मशीन छोड़ कर भाग निकले थे।

जान बचाकर भागी टीम : आक्रोशित लोगों ने पुलिस और प्रशासन की टीम पर पथराव किया, इतने पर भी मन नहीं भरा तो टीम को मौके से दौड़ा लिया। इसके साथ ही एसएचओ और पीएसी की गाड़ी तोड़ दी। पथराव में एसीपी की गाड़ी के भी शीशे टूटे हैं। रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरे भी लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। इससे अवैध निर्माण गिराने गई टीम को जान बचा मौके से भागना पड़ गया।

हाईकोर्ट में निजी सचिव से हड़पे 50 हजार

अमृत विचार, लखनऊ : विभूतिखंड स्थित हाईकोर्ट में निजी सचिव से 50 हजार रुपये उधार लेकर युवक ने हड़प लिए। निजी सचिव ने आरोपी पर जज से पहचान की बात कह कर नौकरी के नाम पर लोगों से ठगी का आरोप लगा एफआईआर दर्ज की है। चिनहट के अवध विहार निवासी विनय कुमार वर्मा हाईकोर्ट में निजी सचिव हैं। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2020 में ऋषभ शर्मा को 50 हजार रुपये उधार दिए थे। चार दिन बाद रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने आत्महत्या की धमकी दी। इससे रुपये मांगना छोड़ दिया। 19 फरवरी की शाम चार बजे उनके पास अंकित तिवारी नामक युवक की कॉल आई। उसने बताया कि आपके साले ऋषभ ने 70 हजार रुपये लेने की बात कही है। विनय ने इससे इनकार कर दिया। इसके बाद 29 फरवरी को विनय को पता चला कि ऋषभ जज का बेटा बन स्कार्ट लेकर आजमगढ़ किसी समारोह में शामिल होने गया है। वहां उसने खुद को निजी सचिव बताया। विनय का आरोप है कि ऋषभ खुद को सिविल जज, डॉक्टर, जज के नाम पर व पेशकार बताकर लोगों से नौकरी के नाम ठगी करता है। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

लोहा व्यापारी ने तमंचे से खुद को गोली से उड़ाया

ऊपरी मंजिल के कमरे में थी पत्नी और तीन बेटियां, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य, मौके पर मिला तमंचा

संवाददाता, लखनऊ/बीकेटी

अमृत विचार : बीकेटी थानाक्षेत्र अंतर्गत अचलामऊ गांव में रविवार को लोहा व्यापारी ने घर पर तमंचे से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया लाखों रुपये का कर्ज और घरेलू कलह के कारण खुदकुशी की बात सामने आ रही है।

एसीपी सुजीत दुबे के मुताबिक, अचरामऊ गांव निवासी लोहा व्यापारी अतुल विश्वकर्मा उर्फ बंटी (38) लोहा व्यापारी थे। उनकी कुर्सी रोड स्थित बेहटा गांव के पास दुकान है। रविवार को वह दुकान बंदकर घर के कमरे में चारपाई पर लेटकर आराम कर रहे थे। दोपहर करीब एक बजे देशी तमंचे से गर्दन पर गोली मारकर खुदकुशी कर ली।

पत्नी खुशबू घर पर दूसरी मंजिल पर बने कमरे में बेटी सिद्धि, युक्ता और गार्गी के साथ थी। गोली चलने की आवाज सुनकर सिद्धि नीचे पहुंची। पिता को लहूलुहान देख वह जोर-जोर से रोने-चिल्लाने लगी। शोर सुनकर खुशबू भी कमरे में पहुंची। चारपाई पर तमंचा भी पड़ा था। चीख-पुकार पड़ोसी भी पहुंच गए। लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। एसीपी ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या की बात सामने आई है। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से 315 बोर का तमंचा बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह का कहना है कि परिजनों से पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कमरे से किसी भी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही जांच की दिशा तय होगी।

घटना स्थल की जांच करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

लाखों के कर्ज और घरेलू कलह से था परेशान

सूत्रों के अनुसार अतुल को कारोबार में घाटा हो गया था। घाटे से उबरने के लिए परिचितों से लाखों रुपयों का कर्ज लिया था। कारोबार प्रभावित होने के कारण घर में कलह होने लगी थी। परिचितों का कहना है कि कर्ज के बोझ और घरेलू कलह से तंग आकर अतुल ने आत्मघाती कदम उठाया है। हालांकि, अधिकारिक तौर पर इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है।

पांच वर्ष पूर्व हो गई थी इकलौते बेटे की मौत

पंद्रह साल पहले अतुल की शादी खुशबू से हुई थी। उनको एक बेटा और तीन बेटियां थीं। करीब पांच साल पूर्व तालाब में डूबने से बेटे की मौत हो गई थी। मां मीना विश्वकर्मा और पिता ओमप्रकाश विश्वकर्मा का कई साल पहले ही देहांत हो चुका है।

छात्र को जबरन नाली का पानी पिलाने वाले पड़ोसियों पर प्राथमिकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अमृत विचार में खबर प्रकाशित होने पर हरकत में आई पुलिस
- आशियाना पुलिस ने पांच लोगों पर दर्ज की एफआईआर

अमृत विचार : आशियाना थानाक्षेत्र अंतर्गत साहेलनगर में पड़ोसियों ने एक छात्र की पिटाई के बाद उसे जबरन नाली का पानी पिलाया था। अमृत विचार में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने पर पुलिस ने आनन-फानन पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर शुरू कर दी है।

साहेलनगर कॉलोनी कांती का आरोप है कि गत एक मार्च को बेटा (14) घर के बाहर खड़े एक ई-रिक्शे पर बैठकर नमकीन खा रहा था। पड़ोसी रेनू चंद्रा ने नैनी, नैन्सी, निधि और जेजे गौतम के साथ मिलकर बेटे की पिटाई कर उसे जबरन नाली का पानी पिलाया था। बीच-बचाव के दौरान पड़ोसियों ने उनकी बेटी से भी मारपीट की थी। इस मामले में पीड़िता ने थाने में तहरीर देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की थी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। अमृत विचार में खबर प्रकाशित होने के बाद पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। बेटे को नाली का पानी पिलाए जाने की बात निराधार है। मामले की गहनता से जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

पांच लोगों से जालसाजों ने 5 .79 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र में जालसाजों ने पांच लोगों से 5.79 लाख की ठगी कर ली। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। गाजीपुर निवासी नीतीश कुमार जौकानी ने चिनहट के एल्डिको ग्रींस वुड्स अपार्टमेंट निवासी राकेश कुमार गुप्ता को तीन लाख रुपये उधार दिए थे। तय समय बाद रुपये मांगे तो गाली गलौज कर धमकी दी।

उधर, कैंट निवासी अनुज कुमार का मोबाइल हैक कर साइबर अपराधी ने 1. 54 लाख रुपये खाते से पार कर दिये। इधर, पारा निवासी रघुवीर प्रसाद मौर्या के एक लाख व इंद्रा गौतम से बिजली बिल कम कराने के नाम परमसीह व पप्पू ने 45 हजार की ठगी कर ली। उधर, अलीगंज निवासी नीतू अग्रवाल से गेस्ट हाउस बुक करने के नाम पर 20 हजार की ठगी हो गई।

युवक को ब्लैकमेल कर ठगे एक लाख रुपये

अमृत विचार, लखनऊ/काकोरी : पारा थानाक्षेत्र अंतर्गत नई बस्ती निवासी पीड़ित ने जालसाज परिवार पर ब्लैकमेल कर एक लाख रुपये ठगने आ आरोप लगाया है। रुपये मांगने पर जालसाज जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने एफआरईआर दर्जकर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा के मुताबिक, नई बस्ती निवासी रघुबीर प्रसाद रोहित शर्मा व उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि फेसबुक पर आरोपी उनके होने वाले दामाद पर आपत्तिजनक मैसेज करते रहते हैं। पूर्व में आरोपियों ने उनके बेटे को ब्लैकमेल कर एक लाख रुपये वसूल ठग लिए। पीड़ित का कहना है कि थाने में शिकायत दर्ज न होने पर एडीसीपी पश्चिम से न्याय की गुहार लगाई। उनके निर्देश पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।

गाड़ी टकराने पर बाइक सवार को दौड़ाकर पीटा

संवाददाता, लखनऊ/ठाकुरगंज

- सआदतगंज पुलिस ने हमलावरों पर दर्ज की एफआईआर

अमृत विचार : सआदतगंज कोतवाली क्षेत्र में दरी वाली मस्जिद के पास गाड़ी टकराने के बाद दबंगों ने बाइक सवार को दौड़ाकर बैट से पीट दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्जकर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से दबंग हमलावरों की पहचान कर ली है।

प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार के मुताबिक रुस्तमनगर निवासी अकबर रजा ने तहरीर दी है। इसमें बताया कि शनिवार शाम ड्यूटी के बाद बाइक से घर लौट रहा था। दरी वाली मस्जिद के पास एक मोड पर बाइक सामने से आ रहे युवक से टकरा गई। युवक ने उससे गाली-गलौज शुरू कर दिया। बाइक से उतरने पर युवक और उसके दबंग साथियों ने मारपीट की और दौड़ाकर बैट से पीटा। स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में मारपीट का विवाद कैद हो गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि हमलावरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। फुटेज के आधार पर हमलावरों की पहचान अरशू, अज्जू, आमिर और सद्दाम के रूप में हुई है। हमलावरों की तलाश में की जा रही है।

पांच राज्यों तक जुड़ा पेपर लीक कनेक्शन अब फिर पूर्वांचल में आकर ठहरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हर गिरफ्तारी पर आए नए कनेक्शन ने एसटीएफ को उलझाया

अमृत विचार : सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक मामले में एसटीएफ की जांच में अभी तक उप्र के अलावा पांच राज्यों तक जुड़ रहा कनेक्शन अब पूर्वांचल पर आकर ठहर गया है।

एसटीएफ की जांच में सामने आयी नई सूचना में पता चला कि कुछ लोग परीक्षा शुरू होने से पहले ही पेपर में आए सवालों की तैयारी करा रहे थे। इससे इस बात की आशंका गहरी हो गई है, पेपर कुछ दिन पहले ही लीक हो गया था। इस दिशा में वाराणसी और जौनपुर पर निगाह टिक गई है। एसटीएफ ने उन जिलों में अपनी सक्रियता तेज कर दी है।

दरअसल, पेपर लीक प्रकरण में एसटीएफ और जिले की पुलिस ने साढ़े तीन सौ अधिक गिरफ्तारी कर चुकी है, लेकिन अभी तक मास्टर माइंड पकड़ से दूर है। एसटीएफ सूत्रों का कहना है कि हर गिरफ्तारी के बाद हुई पूछताछ में नया एंगल सामने आ जा रहा है। कभी प्रिंटिंग प्रेस से पेपर लीक होने का अंदेशा सामने आया। इन सबके चलते उप्र के अलावा कभी बिहार तो कभी पश्चिम बंगाल तो कभी हरियाणा और मध्य प्रदेश से लेकर दिल्ली तक का कनेक्शन सामने आया।

इस दौरान कई गिरोहों के पकड़ में आने से तफ्तीश उलझती ही जा रही है, जिससे एसटीएफ अभी तक किसी नतीजे पर नही पहुंच पा रही है। इधर, हाल ही एसटीएफ की जांच में फिर कुछ ऐसे तथ्य सामने आए हैं, जिससे एक बार फिर उप्र में मास्टर माइंड के होने का अंदेशा हो चला है। इस क्रम में पूर्वांचल वाराणसी ओर जौनपुर में पेपर लीक की जड़ें तलाशी जा रही हैं।

सार-संक्षेप

पूर्व डीजीपी की बहन से मांगी 50 हजार रंगदारी

अमृत विचार : हजरतगंज कोतवाली क्षेत्र में पूर्व डीजीपी की बहन से रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। डॉक्टर अशोक मिश्र की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात युवक व मोबाइल नंबर के आधार पर दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 92 वर्षीय मां विद्या मिश्रा पूर्व डीजीपी एसवीएम त्रिपाठी की सगी बहन हैं। जो कि 5 डेफोडिल अपार्टमेन्ट 4-बी लाप्लास शाहनजफ रोड निवासी हैं। छह मार्च को रात 8 .30 बजे उनके मोबाइल फोन नंबर 9935487879 पर काल आई। उधर से बोलने वाले ने कहा कि आपका बेटा विनय मिश्रा हमारे कब्जे में है। यह 50 हजार रुपये नहीं भेजे तो उन्हें मार देंगे। रुपये भेजने के लिये उधर से फोन पे नंबर 7079198879 दिया गया। उन्होंने कहा कि मां को मेरे बारे में पता था। डॉक्टर का आरोप है कि कोई उन पर नजर रख रहा है। ऐसे में अप्रिय घटना हो सकती है। उन्होंने मामले की जांच कर आरोपी की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया मामला दर्ज कर साइबर सेल की मदद से आरोपी की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

छात्र को थर्ड डिग्री देने वाले दरोगा और सिपाही पर गिरी गाज

अमृत विचार, लखनऊ : बंथरा पुलिस ने शनिवार को कोचिंग जा रहे एक छात्र को थाने की हवालात में थर्ड डिग्री दी थी। मामला तूल पकड़ने पर रविवार देर शाम को पुलिस आयुक्त के आदेश पर डीसीपी साउथ ने दरोगा और दो सिपाही पर लाइन हाजिर की कार्रवाई की है। बंथरा के खाण्डव निवासी भोला श्रीवास्तव का आरोप है कि शनिवार शाम करीब पांच बचे के बेटा पारस कोचिंग से घर लौट रहा था। रास्ते में सिपाही उज्जवल विश्नोई, विजय प्रताप और दरोगा बलबीर सिंह ने बाइक चोरी के आरोप में उसे रोक लिया था। फिर पूछताछ के बहाने उसे थाने लेकर गए जहां हवालात में बेटे पर थर्ड डिग्री का इस्तेमाल किया गया। इससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया। छात्र के शरीर के निजी अंग पर भी आघात पहुंचाया गया। छात्र के पिता ने बताया कि बंथरा थाने पर जाने पर पुलिस ने उनसे भी अभद्रता की। छात्र के पिता ने सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णानगर से की थी। मामले को संज्ञान में देखते हुए पुलिस आयुक्त एसबीएस शिरडकर के आदेश पर डीसीपी साउथ ने दोषी पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है।

सीमेंट व्यापारी की कार से नकदी लेकर भागे उचक्के

अमृत विचार, लखनऊ : बाजारखाला के ऐशबाग निवासी सीमेंट व्यापारी संजय सोनी मंगलवार रात सीमेंट सप्लाई के रुपये लेकर कार से घर लौट रहे थे। तकरीबन रात 8 :30 बजे कोठारी बंधु पार्क के पास स्कूटी सवार दो उचक्कों ने कार का शीशा खटखटा कर रुकने का इशारा किया। शोर मचाने पर उचक्के भाग निकले। कुछ दूर आगे बढ़ने पर उचक्कों ने गाड़ी की डिग्गी पर पत्थर फेंका। वह कार से उतरे तो स्कूटी सवार भागने लगे। उन्होंने पैदल स्कूटी सवार युवकों को दौड़ाया। कुछ देर बाद वापस आए तो देखा कि कार में आगे वाली सीट पर रखा दो रुपये से भरा बैग गायब था। तालकटोरा थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

हिस्ट्रीशीटर तमंचे के साथ गिरफ्तार

अमृत विचार, बीकेटी : इटौंजा पुलिस ने चोरी के आरोप में फरार हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक मार्कंडेय यादव ने बताया कि चोरी के एक आरोपी बल्लू निवासी ग्राम माधवपुर थाना रामकोट, सीतापुर को 7 मार्च को जेल भेज दिया था। वारदात में शामिल दूसरे आरोपी लालता प्रसाद निवासी ग्राम सरफापुर थाना खैराबाद, सीतापुर को इटौंजा स्थित रेलवे क्रासिंग के गिरफ्तार किया गया। तलाशी में उसके पास तमंचा व अन्य सामान बरामद हुआ। बताया आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में करीब 12 मामले दर्ज हैं।

बीमारी से तंग महिला दूसरी मंजिल से कूदी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सर्वेंट क्वार्टर से नौकरानी ने 10वीं मंजिल से कूदकर की खुदकुशी
- सरोजनीनगर और सुशांत गोल्फ सिटी से सामने आए मामले

अमृत विचार : सरोजनीनगर थानाक्षेत्र अंतर्गत कानपुर रोड एलडीए कॉलोनी में बीमारी से परेशान से होकर किरण नाइक (56) ने रविवार तड़के घर की दूसरी मंजिल से छंलाग लगाकर खुदकुशी कर ली। सुशांत गोल्फ सिटी के अंसल सेलिब्रेटी गार्डन की 10वीं मंजिल से नौकरानी अनीता (25) ने भी छलांग लगा दी। शिनाख्त के बाद पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी के मुताबिक, कानपुर रोड एलडीए कॉलोनी निवासी किरण नाइक लम्बे समय से बीमार थी। बेटे आनंद ने बताया कि मां को अल्सर और हाथ पैर में दर्द की समस्या थी, जिसको लेकर वह परेशान रहती थी। रविवार सुबह लगभग चार बजे मां छत पर पहुंची, फिर दूसरी मंजिल से कूद गई।

आनन-फानन परिजन उन्हें नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिजनों से पूछताछ के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

गोसाईगंज थानाक्षेत्र की अमेठी निवासी अनीता चचेरी बहन के साथ सुशांत गोल्फ सिटी के अंसल सेलिब्रिटी गार्डन स्थित फ्लैट में नौकरानी थी। रविवार दोपहर करीब 12 बजे अनीता ने अंसल सेलिब्रेटी गार्डन की 10वीं मंजिल पर बने सर्वेंट क्वार्टर की छत से छलांग लगा दी। जब तक लोग नीचे भूतल पर पहुंचे तब तक अनीता ने दम तोड़ दिया था। सुशांत गोल्फ सिटी प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है, जांच की जा रही है।

गैस सिलेंडर ब्लास्ट में झुलसी युवती ने तोड़ा दम

अमृत विचार : काकोरी थाना क्षेत्र के हाता हजरत साहब में गैस रिसाव के बाद शार्ट सर्किट से लगी आग से दो सिलेंडर फटने से चपेट में आयी युवती ने रविवार रात ट्रामा में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में मरने वालों की संख्या अब छह हो गई है। जबकि तीन लोगों को अभी भी इलाज चल रहा है। बता दें कि ट्रामा में भर्ती 19 वर्षीय ईशा ने भी रविवार को दम तोड़ दिया। परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

गांजा बेचने के विरोध पर हमला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वजीरगंज कोतवाली पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ दर्ज की प्राथमिकी

अमृत विचार : वजीरगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हनुमंत धाम के समीप गांजा बेचने का विरोध करने पर दबंगों ने प्रसाद विक्रेता पर हमला कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने हमलावरों के के खिलाफ में एफआईआर दर्ज कर ली है।

प्रभारी निरीक्षक डीसी मिश्र के मुताबिक, हनुमंत धाम निवासी प्रसाद विक्रेता रविशंकर ने संतोष, नीलकमल, अक्षय, सुनिता और उनके पांच अज्ञात साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि हनुमंत धाम के बाहर प्रसाद की दुकान है। दुकान पर बेटा आर्यन भी बैठता है। रविशंकर का आरोप है कि पड़ोसी संतोष प्रसाद की आड़ में गांजा बेचता है। शुक्रवार को वह धार्मिकस्थल के बाहर गांजा बेच रहा था। बेटे आर्यन ने इसका विरोध किया तो संतोष और उसके साथियों ने गाली-गलौज की और सिर पर वजनदार वस्तु से वार कर लहूलुहान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

धार्मिक स्थल पर कब्जे को लेकर किया हंगामा

अमृत विचार, लखनऊ : बाजारखाला थाना क्षेत्र में धार्मिक स्थल पर कब्जा के विरोध में महिलाओं ने हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत किया। बताया जा रहा है कि किशन श्रीवास्तव के घर के बाहर बने धार्मिक स्थल में हैरदगंज में आयल मिल के पास माली चचा के नाम के व्यक्ति पूजा पाठ करते थे। जिनकी करीब दो माह पूर्व मौत हो गई थी। इसके बाद उस कमरे पर कब्जा करने को लेकर मकान मालिक किशन पर दबाव बना रही थी। आरोपी ने करीब एक माह पहले भी हंगामा काटा था। रविवार दोपहर भी आरोपी मीनू और उसके पति किशन के घर पहुंच गाली गलौज करने लगे। जिसे लोगों ने सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की। इसकी जानकारी पर पहुची पुलिस मामले को शांत कराकर आरोपियों को थाने ले आयी। इंस्पेक्टर ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

रेस्टोरेंट में बिना लाइसेंस परोसी जा रही थी शराब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 9 बोतल विदेशी शराब, 24 बियर के कैन बरामद
- 3 आरोपी शराब बेचते पकड़े गए, भेजे गए जेल

अमृत विचार : गोमतीनगर के पत्रकारपुरम में विजयश्री टॉवर के थर्ड फ्लोर पर स्थित द कांसेप्ट रेस्टोरेंट में बिना लाइसेंस ग्राहकों को शराब बेची और परोसी जा रही थी। रविवार को आबकारी विभाग की टीम ने रेस्टोरेंट से विदेशी शराब की बोतलें और बियर के कैन बरामद किए।

शराब परोसते तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। लोकसभा चुनाव और होली को देखते हुए आबकारी आयुक्त ने शराब की अवैध बिक्री और परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाने के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत प्रवर्तन कार्य तेज कर दिया गया है। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह के अनुसार कई दिनों से गोमती नगर स्थित द कांसेप्ट रेस्टोरेंट में बिना बार लाइसेंस (एफएल-11) शराब बेचने और पिलाने की सूचना मिल रही थी। क्षेत्र के आबकारी निरीक्षक विवेक सिंह और आबकारी निरीक्षक रजनीश प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम ने रेस्टोरेंट में छापा मारा।

रेस्टोरेंट से अवैध रूप से रखी विदेशी शराब की 9 बोतलें और 24 कैन बीयर बरामद किए गए। रेस्टोरेंट में ग्राहकों को अवैध रूप से शराब भी पिलाई जा रही थी। जिला आबकारी ने बताया कि रेस्टोरेंट मैनेजर अजीमुसान खान पुत्र इब्राहिम निवासी निशातगंज, दिवाकर पुत्र राम प्रकाश निवासी गोरखपुर और रामचन्द्र चौधरी पुत्र राम लाल चौधरी निवासी सीतापुर को शराब परोसते गिरफ्तार किया गया। इन अभियुक्तों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 व आईपीसी की धारा 419/420 के तहत गोमतीनगर थाने में एफआरईआर पंजीकृत कराई गई है। आरोपियों को जेल भेजा गया है। छापा मारने वाली टीम में एचसी नंद किशोर और एचसी योगेन्द्र नाथ सिंह शामिल थे।

विदेशी शराब और अभियुक्तों के साथ आबकारी विभाग की टीम। अमृत विचार

पेड़ पर फंदे से लटका मिला लापता युवक का शव

अमृत विचार: मोहनलालगंज इलाके में रविवार को नेवलखेड़ा गांव से लापता युवक का शव पेड़ पर फंदा से लटका मिला।नेवलखेड़ा गांव निवासी श्यामू रावत पत्नी रामदुलारी व तीन बेटों के साथ रहते थे।

श्यामू ने बताया कि शनिवार रात मझले बेटे शिव कुमार उर्फ शिवा (20 वर्ष) का किसी बात को लेकर मां रामदुलारी से झगड़ा हो गया था। इससे नाराज होकर वह घर से चला गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका सुराग नहीं लगा था। परिजन ने आरोप से इनकार किया है। इंस्पेक्टर ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्पोर्ट्स कॉलेज के शाहरुख ने बनाया मीट रिकार्ड

जीता स्वर्ण पदक, दुबई में होने वाली एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियशिप के लिए भी किया क्वालीफाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ के शाहरुख खान ने राष्ट्रीय जूनियर फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के आखिरी दिन रविवार को दमदार प्रदर्शन करते हुए 3000 मीटर स्टीपलचेज में नया मीट रिकार्ड बनाया। इसके साथ ही उन्होंने स्वर्ण पदक जीता और वहीं दुबई में होने वाली एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियशिप के लिए भी क्वालीफाई भी कर लिया। शाहरुख के अलावा मध्य प्रदेश की एकता प्रदीप ने भी 3000 मीटर स्टीपलचेज में मीट रिकार्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता और दुबई का टिकट भी हासिल किया। कर्नाटक की श्रेया राजेश ने 400 मीटर हर्डल में नए मीट रिकार्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता।

साई में आयोजित की जा रही चैंपियनशिप के तीसरे दिन 3000 मीटर स्टीपलचेज के राष्ट्रीय जूनियर रिकार्डधारी और जूनियर एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता शाहरुख ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने ही मीट रिकार्ड में सुधार करते हुए 8 मिनट 57.90 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। शाहरुख खान के नाम 8 मिनट 51.75 सेकंड का राष्ट्रीय रिकार्ड भी है। यह उन्होंने इंचियोन में जूनियर एशियाई चैंपियनशिप में बनाया था।

महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में मध्य प्रदेश की एकता प्रदीप डे ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नए राष्ट्रीय कीर्तिमान के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने इस स्पर्धा में 10 मिनट 10.08 सेकंड का समय दर्ज किया। इसके पूर्व इस स्पर्धा में 10 मिनट 29.50 सेकंड का जूनियर राष्ट्रीय रिकार्ड सोनम के नाम था जो उन्होंने कोयम्बटूर में पिछले साल बनाया था। इस स्पर्धा मे लखनऊ हॉस्टल की गरिमा यादव ने रजत पदक जीता।

▸▸ राष्ट्रीय जूनियर फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप का तीसरा दिन

क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ी

रिशिका अवस्थी (उत्तर प्रदेश- ट्रिपल जम्प) 12.40 मीटर, श्रेया राजेश (कर्नाटक-400 मीटर हर्डल) 59.30 सेकंड, दीपिका (हरियाणा-जैवलिन थ्रो) 48.71 मीटर, विनोद सिंह (मध्य प्रदेश-ट्रिपल जम्प) 14.22 मीटर,

उत्तर प्रदेश ने जीते दो स्वर्ण समेत सात पदक

आखिरी दिन उत्तर प्रदेश के लिए शाहरुख के अलावा रिशिका अवस्थी ने ट्रिपल जम्प, दीपांशु शर्मा ने जैवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीते। रिशिका ने भी दुबई के लिए क्वालीफाई किया। वहीं तन्वी मलिका ने 800 मीटर, अजीत कुमार ने जैवलिन थ्रो में रजत पदक हासिल किए। मंगलकुमार ने 200 मीटर और अंतिमा मिश्रा ने शाटपट में कांस्य पदक अपने नाम किए।

स्वर्ण पदक विजेता

लक्षिता विनोद शाण्डिलिया (गुजरात-800 मीटर) 2 मिनट 09.01 सेकंड, विनोद कुमार (तेलंगाना- 800 मीटर) 1 मिनट 51.30 सेकंड, श्रेया राजेश (कर्नाटक-400 मीटर हर्डल)59.30 सेकंड, विनोद सिंह (मध्य प्रदेश-ट्रिपल जम्प) 14.22 मीटर, दोनापति मरुतियम (ओडिशा-200 मीटर) 21.59 सेकंड, कैस्ट्रो राज (तमिलनाडु-हाई जम्प) 1.95 मीटर, भूपेंद्र सिंह बिष्ट (उत्तराखण्ड-ट्रिपल जम्प) 15.08 मीटर, दीपिका (हरियाणा-जैवलिन थ्रो) 48.71 मीटर, डोडला साई संगीता (तेलंगाना-200 मीटर) 24.58 सेकंड, मरुड सिरमन (गुजरात-400 मीटर हर्डल)52.31 सेकंड, तमन्ना (हरियाणा-शाटपट) 14.56 मीटर, पवाना नागराज (कर्नाटक-हेप्टाथलान)

एडी ने कर्मी से कराया चौका-बर्तन, दी धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजकीय पशु चिकित्सालय बीकेटी में तैनात एक कर्मचारी ने अपर निदेशक पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। कहना है कि उसे गुमराह कर मंडलीय कार्यालय में संबंद्ध किया गया और घर पर चौका-बर्तन कराया। अन्य अधिकारियों के हस्तक्षेप से वापस आये तो धमकी देकर दोबारा बुलाया जा रहा है। चतुर्थश्रेणी कर्मी राजेंद्र ने बताया कि पिछले माह अपर निदेशक ने उन्हें निजी आवास पर बुलाकर झाड़ू, पोछा, चौका-बर्तन कराया।

डरा-धमका कर सादे पेपर पर हस्ताक्षर कर सीधे अपने कार्यालय से सम्बंद्ध का आदेश थमा दिया और किसी अन्य से लिखवाकर योगदान भी दे दिया। एक सप्ताह तक प्रताड़ित कर घर के काम कराए। जबकि सम्बंद्धीकरण का कोई आदेश डिप्टी सीवीओ को नहीं दिया न कार्यमुक्त किया गया।

इस पर संबंधित अधिकारियों ने उन्हें वापस बुला लिया। इससे नाराज अपर निदेशक दोबारा आवास पर बुलाने के लिए वेतन रोकने से लेकर कार्रवाई के लिए पत्राचार कर धमका रहे हैं। कुछ चिकित्सकों ने उन पर अस्पताल का निरीक्षण करने के नाम पर वसूली का भी आरोप लगाया है। निदेशक डॉ. आरएन सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। शिकायत आती है तो जांच कराकर कार्रवाई के लिए शासन को लिखेंगे।

▸▸ एडी पशु पालन पर वसूली और उत्पीड़न का आरोप

उप मुख्यमंत्री से मिले आउटसोर्स संघ के पदाधिकारी

अमृत विचार, लखनऊ : सरकारी चिकित्सा संस्थानों में कार्यरत करीब 16 हजार आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर आउटसोर्स संघ के पदाधिकारियों ने रविवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात की। संघ के पदाधिकारियों ने उन्हें बताया कि वेतन बढ़ोतरी की पत्रावली शासन स्तर पर कई माह से लंबित है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रितेश मल्ल और महामंत्री सच्चितानंद मिश्रा ने उप मुख्यमंत्री को बताया कि आने वाले समय में आचार संहिता लग जाने से वेतन बढ़ोतरी का मामला रुक जाएगा। इसलिए चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव से वार्ता कर वेतन बढ़ोतरी के संदर्भ में उचित निर्देश जारी करवा दें। इस पर उप मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों को आश्वासन दिया है।

आवश्यकता है

अंग्रेजी माध्यम स्कूल के लिये अयोध्या शहर से एल के जी से इंटर तक के लिए सभी विषयों के योग्य एवं अनुभवी शिक्षक / शिक्षिकाओं की ।

गायत्री पब्लिक स्कूल
रेवतीगंज, ब्लॉक हैरिंग्टनगंज, अयोध्या
8090420051, 9415387756
Email:
rsshuklagps@rediffmail.com
gpsayodhya@gmail.com

कर्नल हार्टी ने कप के साथ जीता दिल

लखनऊ रेस कोर्स में आयोजित घुड़दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले जॉकी व अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: पहले घोड़ों पर जीन कसी फिर सभी जॉकी ने अपनी पसंदीदा ड्रेस पहनी। लंबे बूट, चुस्ट पैंट और टीशर्ट और सिर पर हेल्मेट के साथ वह घोड़े पर चढ़े और अपने घोड़ों की लगाम खींच कर पहुंच गए स्टार्टिंग प्वाइंट पर। यह नजारा रविवार को देखने को मिला लखनऊ रेस कोर्स में। यहां पर आज आर्मी कमांडर्स कप के लिए घुड़दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में शामिल होने को प्रतिभागी के साथ ही घोड़ों पर दांव लगाने वाले घुड़दौड़ के शौकीन भी सुबह ही यहां पहुंच गए।

थारोब्रीड की घुड़दौड़ प्रतियोगिता में आज विजेता कर्नल हार्टी ने शुरुआत से ही बढ़त हासिल कर ली। प्रतियोगिता के दौरान उसे कोई छू भी नहीं सका। पलक झपकते हुए हार्टी ने दौड़ पूरी की। कर्नल हार्टी की इस चाल की बदौलत जेएन माथुर ने आर्मी कमांडर्स कप पर कब्जा कर लिया। इसके पहले कर्नल हार्टी की रफ्तार के बदौलत जेएन माथुर ने हिल्टन कप हासिल किया था। हालांकि इस दौड़ के दौरान आज भी लोगों ने विजयस ज्वाय पर अधिक दांव खेला था। लेकिन इस रेस में उसे दूसरा स्थान मिला। जेएन माथुर के डार्क टाइगर को दूसरा स्थान मिला। इंडियनब्रीड घुड़दौड़ प्रतियोगिता में मो. अब्दुल्ला के बुराक को पहला, सिकंदर सिद्दीकी के नाइट क्वीन को दूसरा और मो.शबाब नकवी के शब्हा को तीसरा स्थान मिला।

▸▸ आर्मी कमांडर्स कप के लिए हुई घुड़दौड़ प्रतियोगिता

▸▸ रेस कोर्स में दिखा फैशन का जलवा

शानदार परिधान

रेसकोर्स में फैशन का जलवा भी देखने को मिला। दर्शक दीर्घा में किसी रैम्प से कम नजर नहीं आ रही थी। आकर्षक ड्रेस कॉम्पटीशन में हिस्सा लेने के महिलाओं और पुरुषों ने एक से बढ़कर एक शानदार परिधान पहन रखे थे। मेड फॉर ईच अदर यंग कपल का एवार्ड कर्नल कारी दुमासिया और उनकी पत्नी को मिला। सीनियर वर्ग में ले.ज. डीजी मिश्रा और उनकी पत्नी विजेता रही।

बेस्ट ड्रेस काम्पटीशन के परिणाम

बेस्ट हैट (पुरुष)- कर्नल एफए फारुकी

बेस्ट हैट (महिला)- अनीता पाण्डेय

बेस्ट ड्रेस्ड (महिला)- अफरीन चीमा

बेस्ट ड्रेस्ड (पुरुष)- नवतेज सोहाल

एक नजर

उत्तर प्रदेश महिला हैंडबाल टीम को कांस्य

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश की सीनियर महिला हैंडबॉल टीम ने हाथरस (उत्तर प्रदेश) में 7 से 12 मार्च तक आयोजित हुई 52वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबाल चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। इस चैंपियनशिप में मेजबान टीम ने हरियाणा के साथ तीसरा स्थान साझा किया। उत्तर प्रदेश हैंडबाल संघ के महासचिव डॉ.आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि सेमीफाइनल में रेलवे ने उत्तर प्रदेश को 20-5 गोल से हराया।

गोमती नगर पैंथर्स की खिताबी जीत

अमृत विचार, लखनऊ : मैन ऑफ द मैच गौरव के हरफनमौला प्रदर्शन (नाबाद 37 रन और तीन विकेट) की बदौलत गोमतीनगर पैंथर्स ने आलमबाग सनराजर्स को तीन विकेट से हराते हुए इनिशिएटिव प्रीमियर लीग जीत ली। मल्टी एक्टिविटी सेंटर में रविवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में गोमती नगर पैंथर्स ने गंज स्ट्राइकर को चार रन से पराजित किया।

एसएसबी और महाराणा प्रताप क्लब बने चैंपियन

अमृत विचार, लखनऊ : महाराणा प्रताप क्लब और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने राज्य वॉलीबाल प्रतियोगिता के पुरुष और महिला वर्ग के खिताब अपने नाम किए। पुरुष वर्ग में महाराणा प्रताप क्लब ने सुल्तानपुर को 23-25, 25-23, 27-25, 26-24 से हराकर खिताबी जीत दर्ज की। महिला वर्ग में एसएसबी ने महाराणा प्रताप क्लब को 28-26, 26-24 से पराजित किया। समापन पर एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

स्पीड चार्जर्स बना चैंपियन

अमृत विचार, लखनऊ : स्पीड चार्जर्स ने बेहतरीन गोल्फ खेलते हुए लखनऊ गोल्फ लीग के सीजन-2 का खिताब अपने नाम किया। बेस्ट ऑफ फाइव मुकाबलों में दोनों टीमें 2.5-2.5 अंकों से बराबरी पर रहीं। फैसले के लिए प्ले ऑफ हुआ, जिसमें स्पीड चार्जर्स ने शानदार खेल दिखाया और चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। उसने आईपीएल वॉरियर्स को 3.5-2.6 से पराजित किया। तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में शालीमार स्ट्राइकर ने दबंड डेयरडेविल्स को 3.5-2.5 से शिकस्त दी।

लखनऊ से पटना और देहरादून के लिए वंदे भारत कल से

अमृत विचार, लखनऊ: 12 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेल यात्रियों को कई सौगातें सौंपेंगे। लखनऊ को भी इसमें दो ट्रेनों की सौगात मिलेगी, जिसके बाद लखनऊ से पटना और देहरादून के यात्रियों का सफर सुहाना हो जाएगा।

प्रधानमंत्री लखनऊ से पटना, लखनऊ से देहरादून के बीच दो वंदे भारत को हरी झंडी दिखाएंगे। साथ ही गोरखपुर से लखनऊ के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन का विस्तार भी किया जाएगा। गोरखपुर से यह ट्रेन अब प्रयागराज तक चलेगी। लखनऊ से अकबरपुर तक दोहरीकरण कार्य जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद ट्रेनों की रफ्तार 110 किमी प्रति घंटा से 130 किमी प्रति घंटा रहेगी।

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम एसएम शर्मा ने रविवार को हजरतगंज स्थित मंडल कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि अहमदाबाद से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 मार्च को10 वंदे भारत एक्सप्रेस का तोहफा देशवासियों को देंगे। इसके अलावा गतिशक्ति टर्मिनल, गुड्स शेड, जनऔषधि केंद्र, रेल कोच और एक जिला एक उत्पाद का लखनऊ, आलमनगर सहित 21 स्टेशनों पर लोकार्पण होगा।

पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम आदित्य कुमार के अनुसार लखनऊ से देहरादून और पटना के बीच वंदे भारत सप्ताह में छह दिन चलाई जाएगी। शुक्रवार को पटना वंदे भारत नहीं चलेगी। सोमवार को देहरादून वंदे भारत नहीं चलाई जाएगी।

होली का सफर होगा आसान

होली में जिन यात्रियों को अब तक घर आने-जाने के लिए ट्रेनों में अब तक सीट बुक नहीं कराई है, इन ट्रेनों के संचालन शुरू होने से उन्हें घर पहुंचने का शानदार अवसर मिलेगा। होली से पहले इन ट्रेनों का संचालन शुरू होने से यात्री इनमें सीटे बुक करा सकेंगे।

श्रीराम के जीवन दर्शन से रूबरू होंगे नवोदित कलाकार

अमृत विचार, लखनऊ : अयोध्या में श्रीरामलला के अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद राज्य सरकार नवोदित कलाकारों को श्रीराम के जीवन दर्शन से रूबरू कराएगी। रामोत्सव-2024 के अंतर्गत राज्य ललित कला अकादमी की ओर से 11 से 16 मार्च तक राष्ट्रीय चित्रकला शिविर इसका माध्यम बनेगा। इसमें देश के विभिन्न प्रदेशों से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार हिस्सा लेंगे।यह जानकारी देते हुए राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि रामोत्सव 2024 के जरिए अयोध्या में देश-प्रदेश के कलाकारों को कला-संस्कृति, साहित्य का बड़ा मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में कलाकृतियों के जरिए भी दिग्गज कलाकारों की शैली और तकनीक को जानने का अवसर भी छात्र छात्राओं को मिलेगा। शिविर में प्रोफेसर एस प्रणाम सिंह, किशन सोनी, राजेंद्र प्रसाद, कन्नू पटेल, नवल किशोर सरीखे कलाकार हिस्सा लेंगे। शिविर अवधि में सभी प्रतिभागी कलाकारों द्वारा एक-एक कलाकृति का सृजन किया जाएगा। साथ ही कम से कम एक-एक स्केच भी चित्रित किया जाएगा। शिविर अवधि में सृजित चित्र और स्केच अकादमी के होंगे। इन्हें शिविर के पश्चात प्रदर्शित भी किया जाएगा।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
BAREILLY
Address : Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly, 243006 (U.P.)

Admission OPEN — **BIU COLLEGE OF PHARMACY** — Admission OPEN
Approved by Pharmacy Council of India (PCI)
COURSES
D.PHARM (Intake - 60 Seats)
B.PHARM (Intake - 100 Seats)
10+2 (English, Physics, Chemistry, Mathematics) (P.C.M.) / Biology (P.C.B.), GEN/OBC : 45%F, SC/ST 40%
Limited Seats available
For Registration : Online - www.biu.edu.in, Offline- Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202)
Admission Enquiry : Mr. Yogendra Singh (97605 78366), Mr. Ajay Upadhyay (97203 25458)

FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES
Bareilly International University, Bareilly
Limited Seats available
COURSE
OPTOMETRY (B.Sc. Opt.)
Eligibility 10+2 in Science Stream
For Registration : Online - www.biu.edu.in, Offline- Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202)
Admission Enquiry : Mr. Yogendra Singh (97605 78366), Mr. Ajay Upadhyay (97203 25458)

DIPLOMA COURSES IN PARAMEDICAL SCIENCES
Bareilly International University, Bareilly
Limited Seats available
DIPLOMA COURSES IN
- MEDICAL LAB TECHNIQUES (D.MLT)
- X-RAY TECHNICIAN (D.X-Ray)
- EMERGENCY AND TRAUMA CARE TECHNICIAN (D.ETCT)
- DIALYSIS TECHNICIAN (D.Dialysis)
- SANITATION

Eligibility 10+2 in Science Stream
For Registration : Online - www.biu.edu.in, Offline- Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202)
Admission Enquiry : Mr. Yogendra Singh (97605 78366), Mr. Ajay Upadhyay (97203 25458)

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Bareilly International University, Bareilly
Limited Seats available
COURSE
- BACHELOR OF SCIENCE IN FORENSIC SCIENCE

UPCOMING COURSES
- MASTER OF SCIENCE IN FORENSIC SCIENCE
- DIPLOMA IN QUESTIONED DOCUMENT AND FINGERPRINT
- DIPLOMA IN FUNDAMENTAL OF FORENSIC SCIENCE

Eligibility 10+2 in Science Stream
For Registration : Online - www.biu.edu.in, Offline- Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202)
Admission Enquiry : Mr. Yogendra Singh (97605 78366), Mr. Ajay Upadhyay (97203 25458)

BIU COLLEGE OF MANAGEMENT
Bareilly International University, Bareilly
Limited Seats available
COURSES OFFERED
- BBA - Finance & Taxation
- BCA - IT & Multimedia
- B.Com (Hons)
- M.Com
- MBA
- Master in Public Health
- Master of Hospital Administration

For Registration : Online - admission.biuniversity.in, Offline- Admission Cell Administrative Block, BIU
Admission Enquiry : Dr. Sunil Kumar Singh (8218622744), Mr. Atul Babu (7409998289)

BIU COLLEGE OF HUMANITIES & JOURNALISM
Bareilly International University, Bareilly
Limited Seats available
COURSES OFFERED
- M.A. (English)
- M.A. (Hindi)
- M.A. (Phychology)
- M.A. (Sociology)
- B.A. (Journalism)
- B.A. (Mass Communication)
- M.A. (Journalism)
- M.A. (Mass Communication)

For Registration : Online - admission.biuniversity.in, Offline- Admission Cell Administrative Block, BIU
Admission Enquiry : Dr. Sunil Kumar Singh (8218622744), Mr. Atul Babu (7409998289)

कार्यालय ग्राम पंचायत बेलखौर वि.ख.गौरीगंज, जनपद अमेठी
पत्रांक मेमो / स्वच्छ भारत मिशन./SLWM/2023-24 दि.- 09/03/2024

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बेलखौर वि0 ख0 गौरीगंज जनपद अमेठी में स्वच्छ भारत मिशन/ SLWM योजना से कराये जाने वाले निम्न कार्य हेतु सामाग्री आपूर्ति किए जाने हेतु अनुभवी व पंजीकृत फर्मो से मुहरबंद निविदाये दिनांक 12/03/2024 तक अपरहान 3.00 बजे तक आमंत्रित कि जाती है एवं उसी दिन दिनांक 12/03/2024 को ग्राम पंचायत के कार्यालय में निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधिओ के समक्ष खोली जाएगी। कार्य की bill of quantity भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है।

क्र.सं.	योजना का नाम	कार्य का नाम	अनु. ला.	सामग्री
1-	स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (SLWM) के अंतर्गत	कूड़ा एकत्रीकरण एवं पृथक्करण केन्द्र (RRC) नाडेप ,वर्मी, सोकपिट ई रिक्शा नल नलचौकी फिल्टर चेंबर आदि कार्य किया जाना है	589526 रू.	ईट, मोरंग, लोहा, ईट गिट्टी, स्टोन ग्रेट सीमेंट, बालू आदि

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बेलखौर वि. खं. गौरीगंज अमेठी
सचिव
ग्राम पंचायत बेलखौर वि. खं. गौरीगंज अमेठी

कार्यालय ग्राम पंचायत नरौली वि.ख.गौरीगंज, जनपद अमेठी
पत्रांक मेमो / स्वच्छ भारत मिशन./ SLWM/ 2023-24 दि.- 09/03/2024

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नरौली वि0 ख0 गौरीगंज जनपद अमेठी में स्वच्छ भारत मिशन/ SLWM योजना से कराये जाने वाले निम्न कार्य हेतु सामाग्री आपूर्ति किए जाने हेतु अनुभवी व पंजीकृत फर्मो से मुहरबंद निविदाये दिनांक 12/03/2024 तक अपरहान 3.00 बजे तक आमंत्रित कि जाती है एवं उसी दिन दिनांक 12/03/2024 को ग्राम पंचायत के कार्यालय में निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधिओ के समक्ष खोली जाएगी कार्य की bill of quantity भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है।

क्र.सं.	योजना का नाम	कार्य का नाम	अनु. ला.	सामग्री
1-	स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण (SLWM) के अंतर्गत	कूड़ा एकत्रीकरण एवं पृथक्करण केन्द्र (RRC) नाडेप ,वर्मी, सोकपिट ई रिक्शा नल नलचौकी फिल्टर चेंबर आदि कार्य किया जाना है	683298 रू.	ईट, मोरंग, लोहा, ईट गिट्टी, स्टोन ग्रेट सीमेंट, बालू आदि

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत नरौली वि. खं. गौरीगंज अमेठी
सचिव
ग्राम पंचायत – नरौली वि. खं. गौरीगंज अमेठी

कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)
पत्रांक: 2002 /न0पा0प0-राठ/म्यू0सू0/2023-24 दिनाँक 02.03.2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड सं0	भवन सं0	कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार
1	श्रीमती गीता पत्नी दीपू	श्री कालका प्रसाद पुत्र बैजू उर्फ बैजनाथ	सिकन्दरपुरा-1	01	169	पंजीकृत विक्रय पत्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

REQUIREMENT
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
Bareilly Ph. 0581-2526011-12
STAFF REQUIRED
Nursing Staff — Qualification : GNM/B.Sc. Nursing
OT Technician Sr. Staff — Qualification : Diploma/B.Sc. OT, Exp. Minimum 10 Years
Lab Technician (Blood Bank) Sr. Staff — Qualification : DMLT/BMLT, Exp. Minimum 4 years
Lab Technician — For Pathology, Micro Biology, Bio Chemistry — Qualification : DMLT/BMLT
Accountant — Qualification : B.Com, M.Com, Exp. Min. 1 year
Computer Operator — Qualification : Graduate Exp. Minimum 2 years
Salesman — Qualification : D.Pharma/B.Pharma
Salary as per norms
Contact
HR Office, Opp. IPD Reception, RMCH Campus, Bareilly
How to apply :- Send your resume
Mob. 9548624286
E-mail : hrrmch@gmail.com

एक नजर

जुबिली कॉलेज में होगी छूटे हुए छात्रों की प्रयोगात्मक परीक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षा राजधानी में 13 और 14 मार्च को आयोजित की जायेगी। इसके लिए परीक्षा केन्द्र राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज बनाया गया है। इसमें यूपी बोर्ड की ओर से पूर्व में आयोजित हुई प्रयोगात्मक परीक्षा से वंचित रह गये छात्र-छात्राओं को शामिल होने मौका मिलेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया पूर्व में आयोजित परीक्षा में जो छात्र किसी कारणवश नहीं शामिल हो सके थे बोर्ड ने उन्हें दोबारा मौका दिया है।

निकायों की भूमिका महत्वपूर्ण

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ स्थानीय निकाय अध्यक्ष परिषद उ.प्र. ने रविवार को पदभार ग्रहण एवं अभिनन्दन समारोह आयोजित किया। इसमें प्रदेश के नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष उपस्थित रहे। समारोह का उद्घाटन अध्यक्ष परिषद की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की तमाम जन कल्याणकारी कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन में नगर निकायों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

रक्तदान शिविर आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : जेसीआई लखनऊ एलीट द्वारा रविवार को निराला नगर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शुरुआत डॉ. अनूप अग्रवाल ने की। शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 52 लोगों ने रक्तदान किया। अध्यक्ष प्रतुल टंडन ने कहा कि रक्तदान महादान है।

ई-समृद्धि से होगा भुगतान

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में 2 अप्रैल से क्रय केंद्र खोलकर चना, मसूर व सरसों की खरीद की जाएगी। जो 90 दिन तक चलेगी। खरीद सहकारिता विभाग के अधीन पीसीएफ, पीसीयू व नैफेड संस्थाएं करेंगी। क्रय नीति जारी होने के साथ लक्ष्य वितरित कर दिया गया है। किसानों को भुगतान ऑनलाइन खातों में किया जाएगा। जो ई-समृद्धि पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।

प्रदर्शनी में दिखीं आत्मनिर्भर भारत की झलकियां

सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास विषय पर शुरू हुई प्रदर्शनी

कार्यालय संवाददाता

अमृत विचार : 'सबका साथ-सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास' विषय पर रविवार को हजरतगंज स्थित जीपीओ पार्क में तीन दिवसीय प्रदर्शनी आयोजित हुई। शुरुआत सदस्य विधान परिषद रामचंद्र प्रधान ने की।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदर्शनी केंद्र व राज्य सरकार की नीति, निर्णय, उपलब्धी व जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित है। इसमें आत्मनिर्भर भारत की झलकियों को प्रस्तुत किया गया और महिलाओं, युवाओं, किसानों व गरीबों के लिए किए गए कार्यों को विशेषकर दर्शाया गया है।

रामचंद्र ने अफसरों के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से बहुत सी योजनाएं संचालित हैं, इनका सीधे लाभ जनता तक पहुंच पाना मुश्किल होता है। इसी उद्देश्य से यह प्रदर्शनी लगाई गई है। इसमें योजनाओं के बारे में दर्शाया गया है। शहर के अलावा ग्रामीण इलाकों से भी लोग आएं। 12 मार्च तक प्रदर्शनी लगेगी। उपनिदेशक सूचना डॉ. मधु तांबे, अपर जिला सूचना अधिकारी गौरव दयाल, प्रचार सहायक सूचना अभिषेक संड आदि मौजूद रहे।

वार्षिक उत्सव मनाया

अमृत विचार, लखनऊ : गीतापल्ली आलमबाग स्थित लोक भारती इंटर कालेज का वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वर्ष भर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्य ममता दीक्षित, प्रबंध निदेशक नमन दीक्षित व मुख्य अतिथि सुधीर मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। इस मौके पर पहली कक्षा से कक्षा नौ तक के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

इंडिया गठबंधन की पीडीए जनसंवाद यात्रा आयोजित

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर में रविवार को इंडिया गठबंधन ने पीडीए जन संवाद यात्रा आयोजित की। यात्रा लोकबुधं अस्पताल के समीप से शुरू होकर जगह-जगह होते हुये सरोसा होकर आगरा एक्सप्रेस वे पर संपन्न हुई। मोहनलालगंज से लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी आरके चौधरी ने कहा कि यादत्रा लोकतांत्रिक व संवैधानिक व्यवस्था को मजबूत करने जनता को जागरूक करेगी। कहा पीडीए के हक और अधिकार को भी बचाने का यह चुनाव है। यात्रा में सपा जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी प्रो. अभिषेक मिश्रा व अनुराग यादव, जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, कांग्रेस के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रुद्र दमन सिंह बबलू समेत अन्य रहे।

उपन्यास का विमोचन करते राज्यसभा सांसद ब्रजलाल व अन्य। अमृत विचार

साहित्यिक आयोजनों के साथ पुस्तक मेला विदा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सांसद ब्रजलाल ने किया क्रांति मिश्रा के उपन्यास का विमोचन

अमृत विचार। रवीन्द्रालय लॉन में दो मार्च को शुरू हुए लखनऊ पुस्तक मेले का रविवार को समापन हो गया। विविध साहित्यिक आयोजनों और चित्रकला की वाश शैली की कार्यशाला की वजह से यह पुस्तक मेला यादगार बन गया।

आखिरी दिन क्रांति मिश्रा के उपन्यास चीख का विमोचन राज्यसभा सांसद ब्रजलाल, वरिष्ठ पत्रकार नदीम, राजकुमार सिंह, हिन्दी संस्थान की प्रधान संपादक डॉ. अमिता दुबे व विधि विशेषज्ञ प्रो. डीएनएनएस की मौजूदगी में हुआ।

संयोजक मनोज सिंह चंदेल ने मेले के आयोजनों, विमर्श और बिक्री के नजरिये से अच्छा अनुभव बताया। पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह ने स्टाल धारकों को स्मृति चिह्न प्रदान किये। लक्ष्य संस्था के काव्य समारोह के बाद सांस्कृतिक मंच पर नमन प्रकाशन व साहित्यकार संसद के तत्वावधान में डॉ. मृदुल शर्मा, डॉ. अमिता दुबे और राम प्रकाश बेखुद ने नवीन शुक्ल नवीन के गज़ल संग्रह कोई जुगनू आये, राज किशोर नमन की कृति छन्द सौरभ और ज्योत्सना चक्रवती की किताब अच्छी नानी की बाल कहानियां का विमोचन किया। अध्यक्ष भोलानाथ अधीर ने संस्था के क्रिया-कलाप बताये। नवीन शुक्ल के संचालन में चली काव्य गोष्ठी में राजेन्द्र तिवारी कानपुर, डॉ. फिदा हुसैन बाराबंकी के साथ डॉ. अमित अवस्थी आदि ने भी काव्य पाठ किया। अमित श्रीवास्तव की अंग्रेजी किताब एलियंस आफ लखनऊ का भी विमोचन हुआ।

आशिमा सिंह की अध्यक्षता में अपूर्वा संस्था ने संजय मल्होत्रा हमनवां के संयोजन में एक शाम इमरोज़ के नाम से कार्यक्रम किया। मुख्य अतिथि पदमश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह ने डॉ. अमिता दुबे, वर्षा वर्मा, प्रशांत कुमार, शायर सैयद जिया अल्वी, शैलेंद्र सक्सेना, विभूति मिश्रा, डॉ. उमंग खन्ना की उपस्थिति में इतिहासकार रवि भट्ट ,राजेश विद्रोही स्मृति सम्मान ग़ज़लकारा तारा इक़बाल को और नारी शक्ति सम्मान मानव विज्ञान के प्रो. विभा अग्निहोत्री को दिया।

सृजन की सांस्कृतिक संध्या में फूलों की होली रही मुख्य आकर्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पर्व एवं त्यौहार विषय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ

अमृत विचार। सांस्कृतिक संस्था सृजन ने संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में प्रकृति की झंकार भारत के पर्व एवं त्यौहार विषय पर रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया।

संस्था के सचिव कौशल किशोर राय ने इस अवसर पर कहा कि प्रकृति संरक्षण का कोई संस्कार भारत को छोड़कर कहीं और देखने को नहीं मिलता। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंशुमाली टंडन ने कहा कि सनातन परम्पराओं में प्रकृति संरक्षण के सूत्र मौजूद हैं। भारत की संस्कृति में पूजन को प्रकृति संरक्षण के तौर पर मान्यता है। राज्य ललित कला अकादमी के पूर्व अध्यक्ष सीताराम कश्यप ने बताया कि भारत में पेड़-पौधों, नदी-पर्वत, ग्रह-नक्षत्र, अग्नि-वायु सहित प्रकृति के विभिन्न रूपों के साथ मानवीय रिश्ते जोड़े गए हैं।

उत्तर प्रदेश संगठन प्रमुख डॉ. अरुण कुमार सिंह ने चैत्र नवरात्रि एवं भारतीय नव वर्ष के सन्दर्भ मं कहा कि चैत्र माह की प्रतिपदा को ही नववर्ष की शुरुआत होती है, जो कि पूरी तरह से वैज्ञानिक है। यह शुरुआत सूर्य की गति बदलने से होती है। ब्रह्म पुराण के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही सृष्टि का प्रारंभ हुआ था और इसी दिन भारत वर्ष में काल गणना प्रारंभ हुई थी। भोजपुरी कवि कृष्णानंद राय ने सावन के महीने में प्राकृति और आध्यात्म के अनुपम संगम की जानकारी दी।

इस अवसर पर प्रकृति की झंकार भारत के पर्व एवं त्यौहार विषय पर सुप्रसिद्ध गायक संतोष राय और गायिका रत्ना दुबे ने नवरात्रि के भजन, सावन में गायी जाने वाली पारंपरिक कजरी और छठ पर्व के भजन सुनाए। मंजू मलकानी के निर्देशन में तरंगिणी डांस एकेडमी के कलाकारों गुरु पूर्णिमा, सावन, शारदीय नवरात्र, दीपावली और महाशिवरात्रि पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। तरंगिणी डांस एकेडमी के कलाकारों की फूलों की होली मुख्य आकर्षण का केन्द्र बनी।

5 हजार महिलाओं ने सामूहिक रूप से किया सुंदरकांड का पाठ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति ने किया कार्यक्रम

अमृत विचार। ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल के मार्गदर्शन में रविवार को देश भर से आयीं पांच हजार सनातनी महिलाओं ने सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया। गोमती तट स्थित झूलेलाल घाट पर हुए इस महाअनुष्ठान में महंत देव्यागिरि की उपस्थिति में महाआरती की गई। हनुमान का स्वरूप आकर्षण का केन्द्र बना।

इस महाअनुष्ठान की शुरुआत लोकप्रिय गायक पंकज मिश्रा के भजन राम आएंगे से हुई। हनुमान चालीसा के पाठ के बाद सुंदरकांड के सरस पाठ की अगुआई भी पंकज मिश्रा ने ही की। विद्योत्तमा शक्तिपीठ की रजनी शुक्ला के निर्देशन में गणेश वंदना जयदेव जयदेव जय मंगलमूर्ति पेश की गई। प्रभु राम के जन्म से लेकर होलिकोत्सव तक के प्रसंगों को नृत्य से प्रभावी रूप से पेश किया गया। होली की उमंग को होली गीत से जीवंत कर दिया। फूलों की होली खेली। प्रस्तुतियों में विशाल, अरुण, दिशा, सोनाली, अर्चना, रेखा, नीतू, दिव्या, सृष्टि राज, नमन, अंशिका, शानवी, गुड़िया, ताशी ने भाग लिया। छितवापुर स्थित शिव प्रसाद संस्कृत महाविद्यालय के बटुकों ने मंगलाचरण का पाठ किया। बीना श्रीवास्तव के हनुमान महाराज के भजन के बाद नैमिषारण्य तीर्थ से आमंत्रित 12 ब्राह्मणों ने विधि विधान से आरती की।

11 महिलाओं को मिला सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जेएफ चैरिटेबल ट्रस्ट एवं मदर सेवा संस्थान की ओर से हुआ नारी शक्ति वंदन सम्मान एवं संगोष्ठी

अमृत विचार। जेएफ चैरिटेबल ट्रस्ट एवं मदर सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में नारी शक्ति वंदन सम्मान एवं संगोष्ठी का आयोजन राज्य सूचना केंद्र हजरतगंज में किया गया। इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों की 11 महिलाओं को उत्कृष्ट योगदान के लिए नारी शक्ति वंदन सम्मान से सम्मानित किया गया। महिलाओं को यह सम्मान योग प्रशिक्षक सुमन पांडे, विशेष सचिव विधानसभा और डॉ. मधु तांबे द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल अधिकारों के लिए डॉ. स्मृति सिंह, दिव्यांग बच्चों के खेल प्रोत्साहन के लिए डॉ. सुधा बाजपेई, बालिका शिक्षा के लिए दीप्ति सिंह, पत्रकारिता के लिए नीतू सिंह, साहित्य में अमिता दुबे, कुमकुम शर्मा एवं अलका अस्थाना, जन सेवा वृद्धाश्रम एवं सामाजिक कार्य के लिए शैलेंद्री मिश्रा एवं साधना चौधरी तथा महिला सशक्तिकरण के लिए राजेंद्री वर्मा को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में चबूतरा थिएटर पाठशाला की सोनाली वाल्मीकि द्वारा एकल नाटक अधूरा सम्मान का मंचन किया गया। नाटक के माध्यम से परिवार, ऑफिस, सड़क पर हो रही महिलाओं के प्रति हिंसा और पुरुषवादी मानसिकता को बेहतर ढंग से अपने सशक्त अभिनय द्वारा दर्शकों को झकझोरा। सोनाली द्वारा लिखित, निर्देशित एवं अभिनीत नाटक ने महिलाओं पर हो रहे हैं अधूरे सम्मान को दर्शकों के बीच में कोलाजों के माध्यम से रखा। महिला सशक्तिकरण पर कवि महेश चंद्र गुप्त, प्रतिभा गुप्ता, रेनू द्विवेदी, सरिता गिरी, सुधा नरूला ने अपनी काव्य रचनाओं से स्त्री विमर्श के सवालों को उठाया। कुमकुम शर्मा ने मजाज़ लखनवी की ग़ज़ल तेरे माथे पर यह आंचल बहुत ही खूब है लेकिन इस अंचल से एक परचम बना लेती तो अच्छा था को बहुत अच्छे अंदाज में प्रस्तुत किया।

वर्तमान परिवेश में महिलाओं की भागीदारी विषय पर संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। जिसकी अध्यक्षता सुमन पांडे ने की। डॉ. स्मृति सिंह ने कहा नारी का सम्मान धार्मिक आस्थाओं से नहीं बल्कि बराबरी से किया जाना चाहिए। डॉ. सुधा वाजपेई ने कहा महिलाओं के संघर्ष की हर रोज एक नई कहानी बनाती है तो पत्रकार नीतू सिंह ने कहा महिला हिंसा जैसी घटनाओं को जब हम लिखते हैं तो हमारी भी रूह कांप जाती है।

अमित कल्ला को मिला कला रंग सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : नाद रंग और नव स्पंदन द्वारा संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में आयोजित समारोह वासन्ती सुधियां में इस साल का कला रंग सम्मान जयपुर के कला शिक्षक, चित्रकार, कवि और कला लेखक अमित कल्ला को दिया गया।

रविवार को हरे सम्मान समारोह में आकाशवाणी लखनऊ की कार्यक्रम प्रमुख मीनू खरे और कला एवं शिल्प महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार ने उन्हें यह सम्मान दिया। खैरागढ़ विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर हिमांशु विश्वरूप ने वायलिन वादन भी किया।

नव स्पंदन की सचिव डॉ. रश्मि चतुर्वेदी ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। नाद रंग के संपादक आलोक पराड़कर ने बताया कि कल्ला एक स्वतंत्र चित्रकार और कवि के रूप में पिछले दो दशक से अधिक समय से सक्रिय हैं।

हुनर आने के भी खतरे बड़े हैं, उन्हें भी हाथ कटवाने पड़े हैं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रचना के गजल संग्रह किस जगह होगा बसेरा का लोकार्पण

अमृत विचार। गोमतीनगर स्थित शीरोज हैंगआउट कैफे में रविवार को कवयित्री रचना मिश्रा के गीत संग्रह किस जगह होगा बसेरा का पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया ने लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवयित्री साहित्य भूषण प्रमिला भारती ने और संचालन शायर माधव वाजपेयी ने किया।

गीत संग्रह का लोकार्पण करने के बाद संयुक्ता भाटिया ने कहा कि इस संग्रह का लोकार्पण रचना मिश्रा की मां को करना था लेकिन पुस्तक प्रकाशित होने से पूर्व ही उन्हें काल के हाथों ने छीन लिया। उन्होंने कहा कि मां की जगह कोई नहीं ले सकता लेकिन मां की जगह मुझसे लोकार्पण कराया है तो मैं इस कवयित्री को बेटी जैसा प्यार ही दूंगी। उन्होंने कहा कि कवि समाज को दिशा देने का काम करता है। उसके हौंसलों की उड़ान में कभी कमी नहीं होनी चाहिए।

गीत संग्रह का लोकार्पण करतीं पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, साथ में अन्य। अमृत विचार

लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्रमिला भारती ने कहा कि मैंने रचना मिश्रा को बहुत कम उम्र में कविताएं पढ़ते हुए देखा है। वह बहुत भावुक कवियित्री हैं। उन्होंने कहा कि संसार की यात्रा सभी करते हैं लेकिन रचनाकार अपने गीत की यात्रा करता है। रचनाकार के मन में भी पांव होते हैं और मन के पांव में कांटे चुभ जाते हैं।

कवि सम्मेलन व मुशायरे के शुरुआत कवियत्री रंगोली शुक्ला ने बहुत शानदार अंदाज में वाणी वंदना प्रस्तुत की। संजय मिश्रा शौक ने सुनाया :- जख्मी हुआ बदन तो हवा दी गई मुझे, साकित हुआ तो आग लगा दी गई मुझे। माधव वाजपेयी ने सुनाया :- हुनर आने के भी खतरे बड़े हैं, उन्हें भी हाथ कटवाने पड़े हैं।

हर्षित मिश्रा ने कहा :- तुमने तो आंख भिगो ली हैं कसम से अपनी, कोई ऐसे भी कहीं याद किया जाता है। उनका यह शेर भी पसंद किया गया :- कभी तो तुम भी पलटकर के हम से प्यार जताओ, कभी-कभी तो हम अपनी पगार मांगते हैं।

रचना मिश्रा ने सुनाया :- अजीब रिश्ता है कागज से रोशनाई का। नवोदित शायरा प्रिया सिंह ने कहा :- हौसला हार के जाने को किधर जाती है, एक उम्मीद सरे राह बिखर जाती है। हमने देखा है कि तिनके की तमन्ना के लिए, एक चिड़िया जो भटकते हुए मर जाती है। एसोसिएशन के महासचिव मनोज मिश्रा, हसन जाफरी, शारदा नन्द सुबोध और अनिल कुमार वर्मा ने भी विचार व्यक्त किये।

एआई देगा छात्रों को स्टार्टअप

अमृत विचार, लखनऊ : आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विवि के छात्रों को नवाचार के साथ स्टार्टअप की भी सौगात देगी। इसके सहारे छात्रों को शोध कार्यों में भी आसानी रहेगी। दो विश्वविद्यालय इसके लिए आगे आए हैं। एआई विश्वविद्यालयों के छात्रों का बौद्धिक विस्तार करने जा रही है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एनबी सिंह बताते हैं कि इंजीनियरिंग विभाग के नए पाठ्यक्रमों में इसे उपलब्धि के रूप में माना जा रहा है। इससे छात्रों को नवाचार और स्टार्टअप दोनों ही मिलेंगे। नई व्यवस्थाएं रोजगार के साथ विदेशी कंपनियों में भी मजबूत पैठ बनाने का कार्य करने में सक्षम रहेगी। कहते हैं कि नए अध्ययन और अध्यापन कार्यों को लेकर विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया जा चुका है।

वूमेनिया पार्ट-3 में दिखी महिलाओं की प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार। ऐशबाग स्थित टॉप नोच बैंक्वेट में सिमरन सेवा संस्थान ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को समर्पित वूमेनिया पार्ट-3 कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता था।

इस आयोजन में शहर के अलग- अलग क्षेत्रों से विभिन्न वर्ग की महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मेदांता हॉस्पिटल की ब्रेस्ट एवं एंडोक्राइन सर्जन डॉ. रमा प्रधान ने महिलाओं को कैंसर से बचाव व उपचार के बारे में जानकारी दी।

सिमरन सेवा संस्थान की संस्थापक सिमरजीत कौर ने कला, पेंटिंग के जारिये मानसिक तनाव दूर करने के तरीके बताए। महिलाओं को तरह- तरह के खेल खिलवाकर पुरस्कृत किया गया। रेडकार्पेट पर रैंप वॉक ने उत्साह दोगुना कर दिया। संस्थान से जुड़ी 40 महिलाओं ने भाग लिया। मंजू पुष्कर, सिमरन कौर, मोनिका, अवजीत कौर, गुरलीन कौर, रचित कौर, मीनू सलूजा, साधना कपूर, सरबजीत मौजूदगी रहीं।

बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी

अमृत विचार, काकोरी। पारा में रविवार को यूरो किड्स चिल्ड्रेन विद्यालय का वार्षिकोत्सव रविवार को हुआ। प्रधानाचार्य नेहा चक्रवर्ती ने बच्चों को च्छी पढ़ाई के साथ-साथ श्रेष्ठ संस्कार के लिये जागरूक किया। इस दौरान बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुये उन्हें मेडल देकर सम्मानित किया। शांती दुबे, अथर्व त्रिपाठी, अथर्व मिश्र, कियान, नचिकेता, मायरा आदि बच्चों ने संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। विद्यालय के प्रबंधक विश्वनाथ लाल श्रीवास्तव, सुबोध श्रीवास्तव समेत अन्य रहे।

नया पाठ्यक्रम देगा नवाचारों को स्वरूप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद पाठ्यक्रमों में कुछ बदलाव करने जा रही है। इसको लेकर यूजीसी की ओर से विश्वविद्यालयों को पत्र जारी किये गए हैं। प्राथमिकता के आधार पर बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय सहित अन्य विवि प्रशासन व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एनबी सिंह बताते हैं कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा समय - समय पर निर्देश दिये जाते रहे हैं। इस बार भी यूजीसी की ओर से निर्देशित किया गया है। इसमें नवीन पाठ्यक्रम जैसे इंजीनियरिंग सहित अन्य संकायों के नए पाठ्यक्रमों को बदलाव के लिए शामिल किया गया है। चूंकि व्यवस्था अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों को आधार बनाते हुए की जा रही है। इसलिए मूल विषयों में कुछ संशोधन भी होने हैं। कहते हैं कि जल्द ही नए पाठ्यक्रमों में छात्रों को बदलाव देखने को मिलेगा। उधर इसी व्यवस्था को लखनऊ विश्वविद्यालय सहित अन्य विवि प्रशासन प्राथमिकता के आधार पर संशोधन करने में लगे हुए हैं।

इंजीनियरिंग सहित अन्य पाठ्यक्रम शामिल

एआईसीटीई के आधार पर होने वाले परिवर्तन में इंजीनियरिंग से जुड़े नए पाठ्यक्रम, बीसीए, बीबीए सहित अन्य संकायों से जुड़े विषय सूचीबद्ध किये गए हैं। संस्थानों को दिये गए पत्र में संशोधन का उल्लेख सम्मिलित है।

धूमधाम से निकली श्याम सतरंगी ध्वजा शोभायात्रा

ऊंटों पर सैनिक, घोड़ों पर शिवजी, महाराणा प्रताप, लक्ष्मीबाई के रूपों से थे युवक-युवतियां सवार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार। श्याम ज्योत मंडल की ओर से ऐशबाग के तिलकनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में चल रहे श्याम निशानोत्सव के तीसरे दिन रविवार को श्याम सतरंगी ध्वजा शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में सबसे आगे विघ्नहर्ता गणेश स्वरूप हाथी इठलाते हुए चल रहे थे। ऊंटों पर सैनिक, घोड़ों पर शिवजी, महाराणा प्रताप, लक्ष्मीबाई एवं महान सपूतों के विविध रूपों से सजे हुए युवक-युवतियां सवार थे।

शोभायात्रा के मध्य में बग्घियों वाले रथ पर राम-लक्ष्मण-सीता, शिवशंकर-पार्वती, कौशल्या-सुमित्रा-कैकेयी, गणेश-कर्तिकेय, कृष्ण-राधा, ज्ञान की देवी सरस्वती, दुर्गा, बाल हनुमान-माता अजंनी, महात्मा गांधी, चाचा नेहरू, मंगल पांडेय, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुभाषचंद्र बोस, अब्दुल कलाम एवं महान साधु-संतों के रूपों से सजे बाल कलाकार चार चांद लगा रहे थे।

श्याम भक्तों ने सर पर राजस्थानी रंग-बिरंगी पगड़ी बांधे हाथों में श्याम नाम की सतरंगी ध्वजा के मध्य बाबा श्याम के निशान को लहराते ध्वजावाहक कदम ताल करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा के मध्य में उज्जैन, महाराष्ट्र एवं कोलकाता के कलाकारों ने संतरंगी ध्वजावाहक महिलाओं, बच्चों एवं पुरुषों के साथ नृत्य एवं ध्वजा लहराते चल रहे थे सभी कलाकारों ने पूरे भारत के नृत्य को अलग-अलग प्रस्तुत की। श्याम भक्तों ने मेरा श्याम बड़ा रंगीला मस्ती बरसेगी, लेके हाथों में निशान लेके श्यामजी का नाम, श्याम भक्तों की टोली चली जैसे भक्ति गीतों पर बैंड बाजा ढोल नगाड़े की धुनों पर थिरकते हुए चल रहे थे। फूलों से सुसज्जित रथ पर अखंड ज्योत व बाबा श्याम की मनमोहिनी छवि के दिव्य दर्शन किए जा रहे थे। ही रथ को रोककर पूजन व आरती की गई।

श्याम निशानोत्सव के तीसरे दिन श्याम सतरंगी ध्वजा शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु।

श्याम सतरंगी ध्वजा शोभायात्रा ऐशाबाग के तिलकनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क से शुरू होकर रामनगर, शास्त्रीनगर, कुंडरी रकाबगंज, पांडेयगंज, रानीगंज, सराय फाटक, फतेहगंज, अमीनाबाद, श्रीराम रोड, लाटूश रोड, कैसरबाग, परिवर्तन चौक होते हुए खाटू श्याम मन्दिर पर सम्पन्न हुई, जहां पर बाबा का निशान अर्पित किया गया। श्रवण अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अनुपम मित्तल, योगेन्द्र अग्रवाल, विवेक गोयल, मोहित गोयल, श्रवण कुमार, अनिल, मुकेश थे। 13 मार्च को मण्डल के सदस्य खाटू श्याम को रवाना होंगे।

आबादी के अनुपात में मिले पसमांदा मुसलमानों को भागीदारी : अनीस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कहा, सरकार तुष्टिकरण नीति पर चल रही है

अमृत विचार। पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने रविवार को होटल चरण प्लाजा में पत्रकारों से बातचीत में दो टूक कहा कि जो भी राजनीतिक दल पसमांदा मुसलमानों को आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी देगा वह उसी का समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले 14 साल में देश के आठ राज्यों के पसमांदा मुसलमानों को एकजुट कर लिया है।

उन्होंने कहा कि संविधान ने हिन्दू दलितों की तरह से दलित मुसलमानों को भी अधिकार दिया था लेकिन सरकार ने उसे बंद कर दिया। पिछली सरकारों ने उसे जो अधिकार दिए भी थे उसे मौजूदा सरकार ने बंद कर दिया। अनीस मंसूरी ने कहा कि मौलाना आजाद स्कालरशिप से पसमांदा मुसलमान आईएएस और पीसीएस बन रहे थे लेकिन सरकार ने यह सुविधा भी छीन ली।

उन्होंने कहा कि मुसलमानों में 85 फीसदी पसमांदा मुसलमान हैं लेकिन उन्हें कोई भी सुविधा हासिल नहीं है। असदुद्दीन ओवैसी को भाजपा की बी टीम बताते हुए उन्होंने कहा कि इस बार मुसलमान उनके झांसे में आने वाला नहीं है। सरकार तुष्टिकरण की नीति पर चल रही है, इसलिए मुसलमानों ने इंडिया गठबंधन के साथ जाने का मन बना लिया है। अनीस कहा कि राजनैतिक दलों ने पसमांदा की समस्याओं की उपेक्षा की तो राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व में जल्द ही एक विशाल जन आंदोलन चला कर केंद्र व राज्य की सरकारों को बेनकाब करेगा। पसमांदा मुस्लिम समाज के प्रदेश अध्यक्ष वसीम राइनी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया। कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष खुर्शीद आलम सलमानी को प्रदेश अध्यक्ष नामित किया गया।

एक नजर

जनपदस्तरीय पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन आज

बाराबंकी, अमृत विचार : आफिसर्स क्लब में सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत पूर्वाह्न 11 बजे जनपद स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी-2024 का उद्घाटन करेंगी। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि इस पुष्प प्रदर्शनी में कलात्मक पुष्प सज्जा तथा मौसमी फूलों की प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा तथा जनपद में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए मतदाताओं में जागरूकता लाये जाने के उद्देश्य से अन्य गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी अपराह्न 4 बजे प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित करेंगे।

30 ग्राम मार्फीन के साथ आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को कोतवाली नगर पुलिस टीम ने कोठी के बिबियापुर थाना क्षेत्र कोठी निवासी संजय कुमार वर्मा को 30 ग्राम मार्फीन के साथ गिरफ्तार किया।

दो वांछित पकड़े गए

बाराबंकी, अमृत विचार : गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो आरोपियों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। सुबेहा पुलिस ने रामबरन गौतम उर्फ बन्ने व हैदरगढ़ पुलिस ने प्रभाकर तिवारी निवासी ग्राम शिवराज पुर को गिरफ्तार किया।

श्रद्धालुओं को बांटा प्रसाद

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : श्री नारायणी नमो नमो हैदरगढ के तत्वावधान मे अमावस्या के दिन हलुआ का प्रसाद वितरण श्री दादी जी की आरती के बाद नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित रविंद्र कुमार अग्रवाल के पेट्रोल पंप पर हुआ। इस मौके पर राजेंद्र झुनझुनवाला, दिलीप झुनझुनवाला, उदय नारायण आदि थे।

10 रुपये में लखनऊ तो 25 में पहुंचिए अयोध्या

सहूलियत

- पैसेंजर ट्रेनों का 30 से घटकर 10 रुपये हुआ किराया
- लोगों को सस्ते किराये में मिलेगा यात्रा करने का मौका

श्रीनिवास त्रिपाठी, बाराबंकी

अमृत विचार : रेलवे ने सामान्य टिकट पर यात्रा की सुविधा बहाल कर दी है। अब रेल यात्री दस रुपये में भी रेल सफर कर सकेंगे, जबकि कोरोना काल में रेल मंत्रालय ने न्यूनतम किराया तीस रुपये कर दिया था। रेल मंत्रालय के इस प्रयास से अब यात्री बाराबंकी रेलवे स्टेशन से मात्र 10 रुपए में लखनऊ की यात्रा तो वहीं अयोध्या धाम के लिए मात्र 25 रुपये किराया देना पड़ेगा। इस सहूलियत से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।

मेमू और पैसेंजर ट्रेनों से लखनऊ, उन्नाव कानपुर के साथ ही अयोध्या, गोंडा आदि शहरों के लिए जाना सस्ता हो गया है। रेलवे ने कोरोना संक्रमण काल से पहले का न्यूनतम किराया 10 रुपये निर्धारित कर दिया है। अभी तक न्यूनतम किराया 30 रुपये लग रहा था। कोरोना संक्रमण के दौरान रेल प्रशासन द्वारा इनका भी किराया एक्सप्रेस ट्रेन के बराबर कर दिया गया था। रेलवे की ओर से फिर से पैसेंजर ट्रेनों के किराये में संशोधन कर दिया गया है। इससे बाराबंकी के हजारों ट्रेन यात्रियों को लाभ मिलेगा। बाराबंकी से लखनऊ, उन्नाव, कानपुर, अयोध्या, बस्ती गोंडा आदि शहरों के लिए पैसेंजर और मेमू ट्रेनें चलती हैं। किराया कम होने का यात्रियों को लाभ मिलेगा।

कुछ स्टेशनों का किराया

बाराबंकी से दरियाबाद तक 10 रुपये
बाराबंकी से बड़ागांव तक 15 रुपये
बाराबंकी से देवराकोट तक 20 रुपये
बाराबंकी से अयोध्या धाम 25 रुपये
बाराबंकी से लखनऊ 10 रुपये

हजारों यात्रियों को मिलेगा लाभ

रेल मंत्रालय ने कोविड के दौरान पैसेंजर ट्रेनों का जो किराया बढ़ाया था, उसे कम कर दिया है। इससे अब लखनऊ जाने के लिए यात्रियों को मात्र 10 रुपए देने होंगे। वहीं अयोध्या के लिए पैसेंजर ट्रेन का किराया 25 रुपये होगा। इससे अब हजारों यात्रियों को लाभ मिलेगा।

–**पीयूष कुमार**, स्टेशन मास्टर, बाराबंकी रेलवे स्टेशन

छह लाख की स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने रविवार को छह लाख की स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

ग्राम कटरा बाजार थाना क्षेत्र जैदपुर निवासी महेश प्रसाद को जैदपुर पुलिस ने 60 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। बरामद स्मैक की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में छह लाख रुपए बताई जा रही है । गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज़ कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

शारदा नहर में उतराता मिला युवती का शव

शिनाख्त नहीं

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : थाना टिकैतनगर क्षेत्र के ग्राम हराहरी सरांय रज्जन गांव के समीप शारदा सहायक समानान्तर ब्रांच दरियाबाद नहर में रविवार को लगभग 22 वर्षीया युवती का शव मिला। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची टिकैतनगर पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया पर सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रविवार की भोर में उधर से गुजरे ग्रामीणों की नजर शारदा सहायक समानान्तर नहर में उतराते शव पर पड़ी। इस बात की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची टिकैतनगर पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस शव की शिनाख्त कराने के प्रयास में जुटी हुई है।

ट्रेलर में घुसी अनियंत्रित बाइक, दो युवकों की मौत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

हादसा

- रोजगार के सिलसिले में दिल्ली जा रहे थे दोनों
- रामनगर थाना क्षेत्र के लखनऊ गोंडा हाईवे पर हुई दुर्घटना

अमृत विचार : लखनऊ-गोण्डा हाईवे पर तेज़ रफ़्तार बाइक अनियंत्रित होकर आगे जा रहे ट्रेलर में जा घुसी। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची रामनगर पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। परिजनों के मुताबिक दोनों युवक रोजगार के सिलसिले में दिल्ली जाने के लिए निकले थे। सड़क हादसे में एक ही गांव के दो युवकों की मौत से पूरे गांव में कोहराम मच गया। रामनगर थाना अंतर्गत ग्राम कंधई तारापुर निवासी देशराज (18) पुत्र शिवमूरत व चंद्रेश (30) पुत्र प्रकाश रोज़गार के सिलसिले में दिल्ली जाने की बात कह कर शनिवार की देर शाम बाइक से निकले थे। रात के करीब साढ़े दस बजे रामनगर थाना अंतर्गत लखनऊ-गोण्डा हाइवे पर स्थित कटियारा नेता ढाबा के सामने उनकी बाइक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रेलर में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखचे उड़ गए और दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क हादसे की सूचना पर पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे रामनगर के प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडेय ने तत्काल एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रेलर को कब्जे में ले लिया है। देशराज के बड़े भाई राहुल ने बताया कि देशराज गांव के ही चंद्रेश के साथ दिल्ली जाने के लिए शनिवार की देर शाम घर से निकला था।इस हादसे से परिवारवालों में कोहराम मच गया है।

30 लीटर शराब के साथ तीन बंदी

बाराबंकी, अमृत विचार: तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर 30 लीटर कच्ची शराब बरामद की। फतेहपुर पुलिस टीम ने 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक, देवा ने 10 लीटर के साथ एक और असंद्रा पुलिस ने एक आरोपी को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।

तमंचे और कारतूस के साथ तीन धरे गए : बाराबंकी: अमृत विचार: अपराध व अपराधियों पर रोक लगाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को तीन अलग-अलग थानों से पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने तमंचे व कारतूस बरामद किये। सुबेहा, असंद्रा व टिकैतनगर पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

व्यक्तित्व निर्माण की कार्यशाला है शाखा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा स्थानीय केडी सिंह बाबू स्टेडियम में रविवार को शाखा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नगर में जगह - जगह लगने वाली सभी 26 बस्तियों की शाखाओं को एक साथ लगाने का अभिनव प्रयोग हुआ।

सभी शाखाओं के मुख्य शिक्षक एवं शाखा कार्यवाह अपने ध्वज एवं सैकड़ों स्वयंसेवकों के साथ स्टेडियम में एकत्रित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य वक्ता आरएसएस के प्रांत संपर्क प्रमुख गंगा सिंह ने कहा कि संघ की शाखाओं में व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक क्षमताओं का विकास होता है। संघ की शाखा व्यक्ति निर्माण की कार्यशाला है। उन्होंने कहा कि संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार की 1925 में शुरू की गई शाखा के 99 वर्ष की लंबी यात्रा का सारांश नगर की शाखा संगम में देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि शाखा हमारी कार्य पद्धति की प्रमुख विशेषता है। वसुधैव कुटुंबकम् भारत का दर्शन है और सर्वे भवन्तु सुखिनः भारत की सनातन परंपरा रही है। विश्व कल्याण के लिए भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भेदभावमुक्त समरस समाज की स्थापना संघ का लक्ष्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता हंसानंद आश्रम के स्वामी अमृतानंद तीर्थ महाराज ने की। संघ प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर जिला प्रचारक सुदीप, नगर संघ चालक विष्णु प्रताप, प्रभात, अनुपम, शैलेंद्र, अजय, शुभम, यशपाल, पारितोष, कपिल, आशीष, अमितेश, अविनाश, सर्वेश, शिवम आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते आरएसएस के प्रांत संपर्क प्रमुख गंगा सिंह।

नियमित कार्यक्रमों की प्रस्तुति को सभी ने सराहा: संघ के शाखा संगम कार्यक्रम में शाखाओं पर होने वाले नियमित कार्यक्रम की प्रस्तुति का आम नागरिकों ने खूब लुत्फ उठाया।इन कार्यक्रमो में शाखा लगाना, खेलकूद, समता, योग एवं आसन, गीत, सुभाषित अमृत वचन आदि शामिल रहे।वरिष्ठ स्वयंसेवकों के खेलकूद विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

खेती की लागत कम करने में जुटी सरकार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कुशीनगर के कसया में महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया। इसका जिले के उप कृषि निदेशक कार्यालय सभागार में एलईडी के माध्यम से सजीव प्रसारण दिखाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में वित्तीय वर्ष 2023-24 में सोलर पम्प अनुदान हेतु चयनित 100 से अधिक किसानों ने प्रतिभाग किया।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने कृषकों को सोलर पम्प योजना के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि वर्तमान सरकार कृषकों की खेती में लगने वाली लागत को कम करने पर पूरे मनोयोग से काम कर रही है। अनुदान पर सोलर पम्पों को उपलब्ध कराना इसी दिशा में एक सार्थक प्रयास है। जनपद बाराबंकी में पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत 349 कृषकों को सोलर पम्प अनुदान के लिये चयनित किया गया है। मौके पर उपस्थित 98 कृषकों को सोलर पम्प के चयन पत्र भी उपलब्ध कराये गये। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य डा. अवधेश वर्मा, संयुक्त कृषि निदेशक अयोध्या मण्डल अवतीन्द्र कुमार मिश्र, उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार आदि थे।

उप कृषि निदेशक कार्यालय में किसान को सम्मानित करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत। अमृत विचार

सऊदी अरब भेजने के नाम पर ढाई लाख ठगे

फतेहपुर, बाराबंकी

अमृत विचार : सऊदी अरब में नौकरी दिलाने का झांसा देकर सगे भाइयों ने तीन युवकों से ढाई लाख रुपये ठग लिये। नौकरी न मिलने पर जब युवकों ने अपने रुपये मांगे तो उन लोगों ने जान से मारने की धमकी देते हुए पीड़ितों को भगा दिया। पीड़ितों ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की। कार्रवाई ने होने पर उन्होंने अदालत की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर सगे भाइयों समेत तीन लोगों के ख्लिाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

फतेहपुर निवासी उस्मान व अरमान ने तीन युवकों रेहान, इलहाज और लियाकत से करीब ढाई लाख रुपये हड़प लिए। नौकरी न मिलने पर जब उन्होंने पैसे वापस मांगे, तो उन्होंने जान से मारने की धमकी देकर सभी को भगा दिया। इसके साथ ही दोनों का पासपोर्ट भी रख लिया।

इस मामले की शिकायत के बाद भी जब पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो पीड़ितों ने कोर्ट से गुहार लगाई। इसके बाद अदालत के आदेश पर आरोपी सगे भाइयों उस्मान, अरमान और तीन अन्य के विरुद्ध पुलिस ने फतेहपुर कोतवाली में केस दर्ज किया है।

सार-संक्षेप

धूमधाम से मनाया गया विद्यालय का वार्षिकोत्सव

विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार : कस्बें के गढ़ी मोहल्ला स्थित राजीव मेमोरियल आदर्श विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष रेहान कामिल ने कहा कि बच्चों ने बम बम भोले पर झांकी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा दहेज प्रथा पर जिस तरह से झांकी और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया उससे यह बात साबित होती है कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। कुछ करने की तमन्ना होनी चाहिए। मंजिल दूर नहीं है। आरएसएस के जिला कार्यवाह सुधीर तिवारी, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. विनय दास ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में जिला बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री सुनीत कुमार अवस्थी, सभासद दीपेश श्रीवास्तव, हरिओम शुक्ला, डॉ. अनिल द्विवेदीतथा विद्यालय के प्रधानाचार्य घनश्याम मौर्य समेत अन्य लोग मौजूद रहे। विद्यालय के प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने अतिथियों क आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन युवा कवि सीताकांत मिश्र ने किया।

जनाकांक्षाओं को पूरा करती पीएम आवास योजना: प्रो. मनीष

बीएसएनवी पीजी कॉलेज (केकेवी) में आयोजित वर्कशॉप में विचार रखते वक्ता।

लखनऊ, अमृत विचार : प्रधानमंत्री आवास योजना न केवल अपनी छत का सपना पूरा कर रही, बल्कि यह लोगों की जीवन की गुणवत्ता को भी बढ़ा रही है। यह विचार बीएसएनवी पीजी कॉलेज (केकेवी), लखनऊ में आयोजित वर्कशॉप में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) के सदस्य प्रोफेसर मनीष कुमार वर्मा ने व्यक्त किए। वह महाविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग में डॉ. मञ्जुल त्रिवेदी के संयोजन में संचालित रिसर्च प्रोजेक्ट 'द इंपैक्ट ऑफ प्रधानमंत्री आवास योजना इन यूपी' की आउटकम वर्कशॉप में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। प्रथम तकनीकी सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर देवेंद्र शर्मा व बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सुभाष मिश्रा ने विशेषज्ञ वक्तव्य दिया जिन्होने प्रधानमंत्री आवास योजना को एक बदलाव का बड़ा माध्यम बताया। समापन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात अर्थशास्त्री एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर मनोज अग्रवाल ने अपने विचार रखे। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर संजय मिश्रा ने इस शोध परियोजना को समयबद्ध पूरा करने पर समन्वयक डॉ. मंजुल त्रिवेदी को बधाई दी। इस दौरान महाविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर गीता रानी, प्रोफेसर अनिल पांडे, प्रो. लल्लन प्रसाद, प्रो. रामकुमार तिवारी, प्रो. अरविंद तिवारी, प्रो. रश्मि गुप्ता, डॉ. प्रमिला पांडेय आदि मौजूद रहे।

उर्स में मुशायरे का किया गया आयोजन

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : नगर पंचायत बेलहरा में सूफी संत हजरत अजीद खां (रह.) उर्फ बाजिद बाबा के सालाना उर्स के मौके पर ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फ़तेहपुर चेयरमैन इरशाद अहमद क़मर ने की। संचालन आसिम ने किया। नामचीन शायरों ने अपने कलाम से समां बांधा। शायर हस्सान साहिर फ़तेहपुरी, विकास बौखल, वसीकुर्रहमान शफ़क़, रिज़वान जमाली, सना लहरपुरी आदि ने कलाम पेश किये।

मार्गों से दिखता है ग्रामीण क्षेत्रों का विकास:साकेंद्र

फतेहपुर, बाराबंकी

अमृत विचार : केन्द्र व प्रदेश सरकार सभी वर्गों को लाभान्वित करने का काम कर रही है। ग्रामीण क्षेत्र का विकास वहां के मार्गों से ही दिखाई देता है। ये विचार ग्राम सुनहरा में विधायक निधि से बनाई गई इंटरलाकिंग व संपर्क मार्गों के लोकार्पण के दौरान विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने व्यक्त किए।

ग्राम सुनहरा में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार असहाय वर्गों के लिए कई लाभकारी योजनाएं संचालित रही है। लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इसके बाद ग्राम घेरी, धरौली, असोहन, सरवा, छंगूर पुरवा, दोदे पुरवा, गढ़ी,सोनहरा, भीखनपुर, रंजीतपुर व लोहरपुर में बने संपर्क मार्गों का भी विधायक ने लोकार्पण किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष रंगनाथ त्रिपाठी, महंत हेमंत दास, आशीष सिंह, देशराज वर्मा, पिंटू सिंह, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

डीएम ने इलेक्शन डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

बाराबंकी, अमृत विचार: आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने रविवार को इलेक्शन डिस्पैच सेंटर (नवीन मंडी) पहुंचकर स्थलीय निरिक्षण किया और मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

डीएम सत्येंद्र कुमार झा व एसपी दिनेश कुमार सिंह ने दलबल के साथ नवीन मंडी मे बनाए गए इलेक्शन डिस्पैच सेंटर का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान जो भी कमियां मिलीं, उसे दूर करवाने का अधिकारियों को निर्देश दिया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ.अरुण कुमार सिंह व पुलिस विभाग के कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

भाजपा ने सत्ता में रहने का हक खोया

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : प्रदेश कांग्रेस के महासचिव और इंडिया गठबन्धन के लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी से संभावित प्रत्याशी तनुज पुनिया ने रविवार को क्षेत्र का भ्रमण किया।

इस दौरान वह विधानसभा क्षेत्र हैदरगढ़ में विकास खण्ड सिद्धौर के डफरापुर चौराहे पर आयोजित गठबन्धन की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसान, नौजवान, मजदूर विरोधी भाजपा ने सरकार में बने रहने का हक खो दिया है। भाजपा सरकार में किसान आत्महत्या कर रहा है। नौजवान, बेरोजगारी का दंश झेल रहा है। मजदूर अपना घर चलाने की स्थिति में नहीं है। महिलाएं सुरक्षित नहीं है। इस सरकार को हटाने के लिये ही इंडिया गठबन्धन बना है। आम चुनाव में इंडिया गठबन्धन का प्रत्याशी आपके सहयोग से भाजपा प्रत्याशी को करारी शिकस्त देगा। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद थे।

हैदरगढ़ क्षेत्र में कार्यकर्ताओं से मिलते प्रदेश कांग्रेस के महासचिव तनुज पुनिया।

आह्वान निजी विद्यालय के वार्षिकोत्सव में आए फिल्म अभिनेता ने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ

बैंक की जगह खुलवाएं बच्चों की तालीम का अकाउंट : रजा मुराद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : प्रख्यात फिल्म अभिनेता रजा मुराद रविवार को एक निजी स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में बाराबंकी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बच्चों की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि हमें उनका बैंक की जगह तालीम का अकाउंट खोलना चाहिये। क्योंकि बैंक खाता कभी भी धोखा दे सकता है। लेकिन तालीम वह खजाना है, जिसे कोई लूट नहीं सकता। बच्चों के ऊपर मां-बाप के बराबर ही एक शिक्षक का भी हक होता है। मां-बाप संस्कार देते हैं, लेकिन उनको तालीम एक शिक्षक ही देता है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में अब बच्चियों की तालीम पर काफी ध्यान दिया जाता है। जिसका नतीजा है कि बच्चियां भी खुद को हर क्षेत्र में साबित करके दिखा रही हैं।

रजा मुराद ने हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को भारत रत्न देने की मांग उठाई। उन्होंने सवाल किया कि अभी तक उन्हें भारत रत्न सम्मान से क्यों नहीं नवाजा गया। इस दौरान रजा मुराद ने विश्वप्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू की हवेली को भी राष्ट्रीय स्मारक बनाये जाने का समर्थन किया। इस दौरान उन्होंने भोजपुरी फिल्मों और उनके गानों में परोसी जा रही अश्लीलता पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि सेंसर बोर्ड का इस पर अंकुश लगाना काफी जरूरी है।

वहीं आगामी लोकसभा चुनाव पर अपनी राय देते हुए रजा मुराद ने कहा कि जनता ही जनार्दन है, जिसे वह चाहेगी उसी को कुर्सी पर बिठाएगी। पूरा चुनाव जनता पर ही निर्भर करेगा। अगर किसी राजनीतिक दल ने अच्छा काम किया है, तो जनता उसे मौका जरूर देती है। लेकिन केवल डायलॉगबाजी से कुछ नहीं होने वाला। क्योंकि डायलॉगबाजी से अभिनेताओं का तो काम चल सकता है, लेकिन सियासतदानों को जमीन पर काम करके दिखाना पड़ेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ की और कहा कि उत्तर प्रदेश में उन्होंने दोबारा सरकार बनाई है। जिससे साबित होता है कि यकीनन उन्होंने जनता का विश्वास हासिल किया है।

पत्रकारों से वार्ता करते फिल्म अभिनेता रजा मुराद। अमृत विचार

पीएम के कार्यक्रम का देखा सजीव प्रसारण

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : आजमगढ़ की विकास रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण बुढ़वल रेलवे जंक्शन पर देखा गया। आजमगढ़ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

रविवार को प्रदेश में बेहतर रेल संरचना मोदी सरकार की गारंटी को लेकर रोजा-सीतापुर कैंट के बुढ़वल खंड के दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण तथा लाइन क्षमता का विस्तार का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजमगढ़ से वर्चुअल माध्यम से किया।

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

संपादकीय

ईसी के इस्तीफे पर सवाल

लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की संभावित घोषणा से कुछ दिन पहले चुनाव आयुक्त अरुण गोयल का इस्तीफा बहुत सारे सवाल खड़े कर रहा है। हालांकि उनके इस्तीफा देने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। परंतु उनका इस्तीफा अप्रत्याशित तो है ही। विपक्षी दलों ने रविवार को पूछा कि क्या उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) या केंद्र सरकार के साथ किसी मतभेद के कारण यह कदम उठाया है। उनका कार्यकाल 5 दिसंबर, 2027 तक था और अगले साल फरवरी में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के सेवानिवृत्त होने के बाद वह मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) बन जाते। गौरतलब है कि अरुण गोयल 1985 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने 21 नवंबर 2022 को चुनाव आयुक्त का कार्यभार संभाला था। उनकी नियुक्ति विवादों में थी क्योंकि अपनी नियुक्ति से पहले यानी 18 नवंबर 2022 को ही उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। उनकी नियुक्ति को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी लेकिन 3 अगस्त 2023 को मंजूरी दे दी गई। गोयल पिछले पांच वर्षों में पद छोड़ने वाले दूसरे चुनाव आयुक्त हैं। अशोक लवासा ने एशियाई विकास बैंक में शामिल होने के लिए 2020 में इस्तीफा दे दिया था। फरवरी माह में अनूप पांडे की सेवानिवृत्ति और गोयल के इस्तीफे के बाद तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग समिति में अब केवल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार हैं। यानि लोकसभा चुनाव से पहले भारत का चुनाव आयोग पूरी तरह से मुख्य चुनाव आयुक्त के हाथों में आ गया है। कहा जा रहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के साथ मतभेद के कारण अरुण गोयल को इस्तीफा देना पड़ा। पिछले दिनों मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त संसदीय चुनावों की तैयारियों की निगरानी के लिए कई राज्यों के दौरे पर थे। अरुण गोयल मुख्य निर्वाचन आयुक्त के साथ-साथ रहे। गोयल ने पश्चिम बंगाल में तैयारियों के बारे में मीडिया को जानकारी देने के लिए कोलकाता में प्रेस क्रांफ्रेस में भाग लेने से इनकार कर दिया था। सीईसी ने उल्लेख किया था कि गोयल स्वास्थ्य संबंधी कारणों से दिल्ली लौट आए थे। अब उन्होंने अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। गोयल ने ऐसे समय मे इस्तीफा दिया है जब चुनाव आयोग को इलेक्टोरल बांड की जानकारी आयोग की वेबसाइट पर देनी है और लोकसभा चुनाव की घोषणा अगले सप्ताह होने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है। ऐसे में केवल मुख्य चुनाव आयुक्त सारी जिम्मेदारियों को अकेले कैसे निपटाएंगे क्योंकि चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति में आमतौर पर समय लगता है।

भारत की विरासत में रचा-बसा है वैज्ञानिक दृष्टिकोण

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

युवजनों को उन प्रक्रियाओं से वाकिफ होना होगा जिनसे गुजर कर मौलिक वैज्ञानिक सोच और विमर्श के जरिए विशिष्ट प्रकार की एक क्षेत्रीय और यूनिवर्सल जानकारी का सृजन होता है और इसके महत्व का आकलन भी। ज्ञान के एक अंश का प्रतिपादन किस तरह से होता है और इसके बल पर एक कृति और रचना का विकास कैसे होता है, यह जानना अहम् है।

भारत के आमजन में विज्ञान के प्रति समझ की भारी कमी है और विकसित देशों के लोगों में यह अधिक है। परन्तु कोई भी बौद्धिक यह स्पष्ट नहीं कर पाता कि कौन से विज्ञान की समझ कम होने की बात वे करना चाहते हैं? देशज और पारंपरिक विज्ञान की अथवा, मॉडर्न एवं अत्योन्नत आधुनिक विज्ञान और टेक्नोलॉजी की। 'आमजन', 'टेम्परामेंट', 'विज्ञान', 'साईंस पॉपुलराईज़ेशन', 'पॉपुलर साईंस एंड टेक्नालजी' में मूर्त और अमूर्त का ख्याल और मजमून अर्थात टेंजिबल और ईंटेंजिबल कंटेंट को समझना है तो विज्ञान के देशज और आधुनिक दोनों ही प्रकार के इतिहास को समानांतर रूप से समझना होगा और देशज शब्दावली को भी अपने प्राचीन ग्रंथों के अध्ययन के जरिए से जानना होगा।

युवजनों को उन प्रक्रियाओं से वाकिफ होना होगा जिनसे गुजर कर मौलिक वैज्ञानिक सोच और विमर्श के जरिए विशिष्ट प्रकार की एक क्षेत्रीय और यूनिवर्सल जानकारी का सृजन होता है और इसके महत्व का आकलन भी। ज्ञान के एक अंश का प्रतिपादन किस तरह से होता है और इसके बल पर एक कृति और रचना का विकास कैसे होता है, यह जानना अहम् है। इन दोनों में अन्वेषण की प्रक्रियाओं और मूल प्रवृत्तियों में क्या भेद है, इसने मनुष्य की समझ में किस प्रकार का और मात्रात्मक रूप से कैसे और कितना इजाफा किया, जानना भी आमजन के लिए अब जरूरी हो गया है। उदाहरण के लिए कृषि क्षेत्र में 21 फसलों के लिए मिनिमम सपोर्ट-प्राइस के कांसेप्ट के उदय में परिवार और समाज का ताना-बना, पर्यावरणी और मौसमी घटकों के बाद साइंस और टेक्नोलॉजी तो है ही लेकिन मानव व्यवहार और इकोनॉमिक्स की अपेक्षाकृत इसमें प्रबल भूमिका है जिसे आमतौर से कम महत्व मिला है। इन तत्वों के दृष्टिगत गहन परीक्षा किए जाने के उपरांत भी किसान इसलिए अशांत है कि प्रत्येक घटक अपनी जगह कायम होने के बावजूद किसान का जीवन-यापन कठिनता से होता है। इसीलिए इस मामले को सुलझाने के लिए हमें नए घटक तलाशने होंगे और किसान के जीवन से जुड़े हर उस पहलू को बचाना होगा जिससे देश की फूड सिक्यूरिटी के अलावा इनके कल्याण का

आमतौर से विज्ञान दिवस के मौके पर व्याख्यान और विमर्श की व्यवस्था की जाती रही है। स्कूली बच्चों को मीडिया के जरिये से इश्तिहार देकर आयोजन में अगर निमंत्रित किया है, तो मौके पर मौजूद वैज्ञानिक ही उनके प्रश्नों के उत्तर भी देते हैं। सुविधा होने पर विजुएल्स और वीडियोज भी दिखाए जाते हैं।

मामला संबंद्ध है। इसी से जुड़ा हुआ एक मसला है फसलों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी कीट-पतंगों के जीवन चक्र को पेस्टिसाइड के इस्तेमाल से नष्ट कर देना जिसके बारे में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का इस्तेमाल नहीं किया गया। परिणाम को देखकर अब उन कीट-पतंगों और क्षेत्र-रक्षक जीवों को फिर से इंट्रोड्यूस करने की कवायद जारी है जिन्हें किसान और फसलों का 'शत्रु' करार दिया गया था।

आमतौर से विज्ञान दिवस के मौके पर व्याख्यान और विमर्श की व्यवस्था की जाती रही है। आमजन और स्कूली बच्चों को मीडिया के जरिये से इश्तिहार देकर आयोजन में अगर निमंत्रित किया गया है, तो मौके पर मौजूद वैज्ञानिक ही उनके प्रश्नों के उत्तर भी देते हैं। सुविधा होने पर विजुएल्स और वीडियोज भी दिखाए जाते हैं। कोशिश की जाती कि कुछ घंटे के लिए या एक दिन के लिए माहौल को 'विज्ञानमयी' बनाया जाए ताकि इसका स्मृति-अंश उपस्थित आमजन के जीवन में प्रवेश करे और इसकी छाप दैनंदिन दिखाई दे। ऐसा करने से उपस्थित जनों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण जागृत होने का अनुमान तो होता है लेकिन इसे कभी आंशिक रूप से मापा नहीं गया है जैसे कि हमारे घरों में पारंपरिक रसोई में फूड प्रसंस्करण की प्रक्रिया के वैज्ञानिक लाभ या फिर पैर में डाले वाले जाने वाले अनेक प्रकार के उन जूतों की बनावट और इनके असर को ज्ञात करना जो सिंथेटिक या नेचुरल मेटेरिअल से बने होते हैं। जूतों को रक्षात्मक कवच के तौर पर पहनने के लिए और आहार को पेट भरने से अधिक आमजन कुछ अधिक नहीं जानना चाहते। मन में साइंटिफिक इंवेस्टिगेटर बनने के लिए रुझान तो पैदा हो सकता है, लेकिन वह वैज्ञानिक बन कर कोई खोज या अन्वेषण कर सकेगा या रोजमर्रा के जीवन में वैज्ञानिक जानकारी का प्रयोग भी एक व्यक्ति करेगा, यह 'प्रीडिक्ट' करना नामुमकिन है। विज्ञान की समझ पैदा करना अर्थात पब्लिक अंडरस्टेंडिंग ऑफ़ साइंस और विज्ञान का एकतरफा 'लोकप्रियकरण' दो अलग स्थितियां हैं। इन दो किस्म के आयोजनों में विषयों और ऑब्जेक्ट्स की और ऑडियंस की भिन्नता ही दृष्टिगत नहीं रहती वरन विज्ञान के इतिहास, हमारे जीवन में इसके क्रिटिकल रोल, वैज्ञानिक अनुसंधान की डायनामिक्स, ऐसी समस्याओं की पहचान की पद्धति जिन्हें वैज्ञानिक रीति से सुलझाने के लिए स्टडीज की डिजाईनिंग किस प्रकार से की जा सकती है, इस बारे में जानकारी का संप्रेषण और ग्रहण, वैज्ञानिक शोध के प्रकाशन के तौर-तरीकों, डेटा मैनेजमेंट एंड सिक्यूरिटी और व्यावहारिक विज्ञान और, वैज्ञानिक विमर्श में क्रिटीकैलिटी जैसे महत्वपूर्ण नुक्तों को छुआ तक नहीं जाता। नए ज्ञान का सृजन करने के लिए स्वतःस्फूर्त पड़ताल प्रक्रिया की प्रवृत्ति और पैनी निगाह का युवजनों में विकसित होना देश में वैज्ञानिक प्रगति के मौजूदा मुकाम से आगे निकलने के लिए अत्यावश्यक है। जाहिर है सन 1929 से ही देश में राजनैतिक नेतृत्व के लिए यह विमर्श का विषय रहा है। इस आशय का पहला संदेश लाहौर में कांग्रेस पार्टी के अधिवेशन के दौरान प्रथम प्रधानमंत्री बने जवाहरलाल नेहरु ने देश के लोगों के सामने रखा था।

विज्ञान दिवस जैसे आयोजन का तात्पर्य मनोरंजन और भाषण बाजी नहीं बल्कि दीर्घ काल से पोषित और संवर्द्धित होती रही उस भावना को ताजा करने की एक प्रक्रिया मात्र है जो भारत की विरासत में रचा-बसा है। इसीके अंतर्गत देश के लिए नेशनल साइंस पालिसी डॉक्यूमेंट में उचित समय पर आवश्यक संशोधन किए जाते रहे। विज्ञान लोकप्रियकरण के लिए दूसरी पंचवर्षीय योजना के ड्राफ्ट में ही उक्त आशय के लिए एक नीति निर्देश नेहरू जी ने डलवा दिया था। यह सब इस बात से अधिक ताल्लुक रखने वाला है कि उक्त निर्देश का पालन करने के लिए देश में किस किस्म के प्रोग्राम डिजाईन किए जाने जरूरी समझे गए और इनका क्या असर जनमानस पर हुआ। निश्चित रूप से यह बढ़ा है, जैसा कि तीस-बत्तीस वर्ष पूर्व नेशनल कौंसिल ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन द्वारा प्रायोजित एक सर्वेक्षण से मालूम हुआ था जिसे प्रयाग में संपन्न हुए महाकुंभ मेले के दौरान सूचनाएं जुटाने के बाद की गई एनालिसिस ने जाहिर किया। विभिन्न आयोजनों के अंतराल के बीच भारत सरकार ने देश में कुछेक स्थानों पर नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च जैसे संस्थानों की स्थापना की है और प्रांतीय स्तर पर राज्य कौंसिल ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की भी, परन्तु राज्य स्तर के संस्थान विज्ञान लोकप्रियकरण के मामले में बेहद सुस्त पाए गए हैं जिनकी राज्यवार स्थापना का कार्य सन 1871 से ही शुरू हो गया था। पाया गया कि इन कौंसिल्स का विज़न 'फ्रैक्चर्ड' अर्थात विखंडित रहा जिसकी वजह इनका सुस्त रवैय्या रहा। अपने राज्य के लोगों में विज्ञान के प्रति रुझान को उत्तरोत्तर बढ़ाने और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को संवारने और संवृद्ध करने में इनमें से अधिकांश नाकामयाब रहे हैं। इनसे बढ़िया असर तो 'विज्ञान एक्सप्रेस' रेलगाड़ी का रहा जिसे पहली बार सन 2007 से 2010 और पुनः सन 2011 से 2014 तक पूरे देश में 100 स्टेशनों पर दो-तीन दिन के लिए थामा गया था। इसकी 'इम्पैक्ट एसैस्मेंट स्टडी' उत्साहवर्द्धक रही थी। विज्ञान संबंधी नियमित किस्म की ऐसी गतिविधियों से अवगत कराने के लिए जोकि 'पब्लिक इंटरेस्ट' की होती हैं, मीडिया द्वारा ज्यादातर गौण समझ कर छोड़ दी जाती रही हैं।

देश में विज्ञान नगरियों (साइंस सिटी) की स्थापना का काम भारत में पूर्व प्रधानमन्त्री इंद्र कुमार गुजराल के समय में शुरू हुआ था। मतलब यह कि भारत में विज्ञान और टेक्नोलॉजी के प्रति आमजन में समझ को वर्टीकल और हॉरिजॉन्टल दोनों ही तरीके से ऊपर उठाए जाने के लिए पर्याप्त आधार मौजूद है।

प्रसंगवश

गरचे टेलीफोन न बनता

ग्राहम बेल को न केवल टेलीफोन, बल्कि ऑप्टिकल-फाइबर सिस्टम, फोटोफोन, बेल और डेसिबॅल यूनिट, मेटल-डिटेक्टर आदि के आविष्कार का श्रेय भी जाता है।

के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

सोचिए यदि टेलीफोन न होता तो ? दुनिया दूरियों में खो जाती। पृथकता गहराती। फासले लंबाते। मानवता बस चिंदी चिंदी ही रह जाती। 148 साल पूर्व 10 मार्च को एक घटना ने सब कुछ बदल डाला। तभी 29-वर्षीय एलेक्जेंडर ग्राहम बेल ने टेलीफोन को इजाद किया। उनका तुक्का भिड़ गया। उनकी टोपी में तुर्रा तभी से लग गया। एकदा वे तार का एक सिरा पकड़े अलग कमरे में दूसरा छोर पकड़े मित्र से बोले :' वाटसन मैं मिलना चाहता हूं।' चंद लम्हों में ही वाटसन आ गए और हर शब्द दुहराए जो उन्होंने सुने थे। बस दूरभाष अवतीर्ण हो गया। ग्राहम बेल की विवशता थी कि उसकी मां और पुत्री बधिर थीं। एक वाणी चिकित्सक होने के नाते ग्राहम बेल बहरों से संकेतों द्वारा बातें करने का प्रयास करते थे। यही इस युगांतरकारी अविष्कार की जननी रही।

ग्राहम ने "बेल कंपनी" स्थापित की। सफर मीलों चला। पेटेंट मिला। मगर अमेरिका के विधि अधिकारियों ने अड़चने पैदा की। अंततः कामयाबी मिल ही गई। तेरह साल की आयु में ही ग्रेजुएट बनने वाले ग्राहम बेल तीन साल बाद मशहूर संगीत अध्यापक भी बन गए। अर्थात ध्वनि, वाणी और संचार के निष्णात। उन्होंने कम्युनिकेशन तकनीक में भी दूरगामी और लाभकारी अविष्कार किए। संचार क्रांति के जनक कहलाए।

ग्राहम बेल को न केवल टेलीफोन, बल्कि ऑप्टिकल-फाइबर सिस्टम, फोटोफोन, बेल और डेसिबॅल यूनिट, मेटल-डिटेक्टर आदि के आविष्कार का श्रेय भी जाता है। ये सभी ऐसी तकनीक पर आधारित हैं, जिसके बिना संचार-क्रंति की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। अलेक्जेंडर ग्राहम बेल को शायद अंदाजा नहीं रहा होगा जब उस जमाने की अपेक्षाकृत कम चर्चित उनकी दूसरी खोज मेटल डिटेक्टर आने वाले समय में आतंकवाद सहित अन्य प्रकार के अपराधों से लड़ने में कारगर उपकरण साबित होने वाली है। पुलिसिया जांच में आज बड़ी कारगर है। टेलीफोन की खोज के बाद बेल उसमें सुधार के लिए प्रयासरत रहे और 1915 में पहली बार टेलीफोन के जरिए हजारों किलोमीटर की दूरी से बात की।' न्यूयार्क टाइम्स' ने इस घटना को काफी प्रमुखता देते हुए इसका ब्यौरा प्रकाशित किया था। इसमें न्यूयार्क में बैठे बेल ने सैनफ्रांसिस्को में बैठे अपने सहयोगी वाटसन से बातचीत की थी। उनकी विभिन्न खोजों पर उनके निजी अनुभवों का भी प्रभाव रहा। मसलन जब उनके नवजात पुत्र की सांस की समस्याओं के कारण मौत हो गई तो उन्होंने एक मेटल वैक्यूम जैकेट तैयार किया जिससे सांस लेने में आसानी होती थी। उनका यह उपकरण 1950 तक काफी लोकप्रिय रहा और बाद के दिनों में इसमें और सुधार किया गया। अपने आसपास कई लोगों को बोलने एवं सुनने में कठिनाई होते देख उन्होंने इस दिशा में भी अपना ध्यान दिया और सुनने की समस्या के आकलन के लिए आडियोमीटर की खोज की। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों के अलावा वैकल्पिक ऊर्जा और समुद्र के पानी को मीठा बनाने की दिशा में भी काम किया। ग्राहम बेल की जीवनी लिखने वाले कैरलोट ग्रे के अनुसार बेल के नाम 18 पेटेंट दर्ज हैं। इसके अलावा 12 पेटेंट उनके सहयोगियों के साथ दर्ज हैं। इन पेटेंटों में टेलीफोन, फोटोफोन, फोनोग्राफ और टेलीग्राफ शामिल हैं। उन्होंने आइसबर्ग का पता लगाने वाला एक उपकरण भी बनाया था। जिससे समुद्री यात्रा करने वाले नाविकों को खासकर अत्यधिक ठंडे प्रदेशों में विशेष मदद मिली।

अक्सर पत्रकारी नजरिए से हमें ख्याल आता है कि यदि ग्राहम बेल के ईजाद न होते तो मीडिया दुनिया ही विकलांग रहती। यही सवाल मेरी यांत्रिकी इंजीनियर बेटी (रेलवे बोर्ड में राष्ट्रीय धरोहर विभाग की कार्यकारी निदेशिका) विनीता ने वर्षों पूर्व मुझसे पूछा था : ' पिताजी यदि ग्राहम बेल न होते तो ?' मेरा खरा जवाब था :'आज वैश्विक मीडिया गूंगी रहती।' मगर संचार क्रांति में निरंतर विकास देखकर आह्लादित होना हर पत्रकार के लिए स्वाभाविक है। एलेक्जेंडर ग्राहम बेल को सलाम।

नियमों से बंधे हुए हैं अधिकारी और कर्मचारी

तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

मिलिट्री में सामान्य अवधारणा ये है कि अपने अधिकारी के आदेशों का पालन करना ही यहां की पहली शर्त है।

सरकारी संस्थाओं के बेजा इस्तेमाल से विरोधी पक्ष को दबाने की प्रवृत्ति इन दिनों दुनिया में काफी बढ़ गई है। और ये सब अनुशासन बहाली के नाम पर किया जा रहा है। जय प्रकाश नारायण के बिहार आंदोलन के समय उन्होंने पुलिसबल से आदेशों को नही मानने का आह्वान किया था। सरकार ने उन पर अनुशासनहीनता और देशद्रोह का आरोप लगा कर उन्हें गिरफ्तार किया था।

इस आंदोलन के बाद एक सवाल बहुत जोर से उभरा कि क्या सरकारी कर्मचारी सरकार के नियम विरुद्ध/गैरकानूनी आदेशों को भी मानने के लिए बाध्य है। जो इसका जवाब हां में देते हैं वो मुख्यतः तीन तर्क देते हैं। अगर एक सरकारी कर्मचारी अपने सुपीरियर के नियम सम्मत या विपरीत किसी आदेश को नही मानेगा तो अनुशासन नहीं रह पाएगा। और ऐसी अनुशासनहीनता करने पर वो दंड का अधिकारी होगा। तीसरा आदेश के सही गलत होने पर निर्णय लेने का उसका अधिकार नहीं। इससे बहुत समस्या पैदा होगी।

प्रथम दृष्टता ये बात सही प्रतीत होती है कि अनुशासन का होना जरूरी है। लेकिन वास्तव में ये कुछ ऐसा है कि अगर प्रत्येक कर्मचारी अनुशासन से बंधा है तो प्रत्येक अधिकारी भी कानून से बंधा हुआ है। वो कानून विरुद्ध कोई मनमाना आदेश नही दे सकता। अगर अधिकारियों को ये अधिकार दे दिया जाए तो देश मे अराजकता की स्थिति पैदा हो जाएगी।

आदेशों को नहीं मानने के संबंद में एक तर्क ये दिया जाता है कि इससे मातहत दंड अधिकारी होगा। लेकिन ये कानून की गलत व्याख्या है। मातहत केवल नियम सम्मत आदेशों को ही मानने के लिए बाध्य है। और अधिकारी भी केवल नियम सम्मत आदेश देने के लिए। नियम विरुद्ध आदेशों को नहीं मानना अधिकारी की अवहेलना हो सकती है, कानून की नहीं। देखा जाए तो कर्मचारी और अधिकारी दोनों नियमों से बंधे हुए हैं। नियम विरुद्ध कोई भी बात मानना बाध्यकारी नहीं है। अनुशासन से यहां मतलब कानून के प्रति अनुशासन, ना कि किसी व्यक्ति विशेष के प्रति जो उस वक्त पद पर है। इस बहस का कानूनी पक्ष ये है कि नियम विरुद्ध आदेश को मानने से इनकार करने पर कर्मचारी किसी अनुशासन को भंग नही करता बल्कि वो कानून के शासन की वकालत करता है।

चरणदास नारायण सिंह बनाम राज्य - हवलदार हरनाम सिंह ने अपने मातहत चरण दास को उन परिस्थितियों में गोली चलाने का आदेश दिया, जिसे कोर्ट ने नियम विरुद्ध माना। कोर्ट ने माना कि हरनाम सिंह के आदेश का उन परिस्थितियों में कोई औचित्य नहीं था और चरण दास ने उस आदेश का पालन नहीं कर कानून का पालन ही किया है। आर्मी एक्ट 1950 का सेक्शन 41 भी केवल नियम सम्मत आदेशों के उल्लंघन को ही अनुशासनहीनता मानता है। क्वीन इम्प्रेस बनाम सुभा नाइक - स्टेशन अफसर ने अपने मातहत कॉन्स्टेबल को फसल काटने वालों पर गोली चलाने का आदेश दिया। एक व्यक्ति मारा गया। कोर्ट ने माना कि आदेश नियम सम्मत नहीं था और कॉन्स्टेबल के साथ उसके मातहत को भी अपराधी माना। मातहत को इस आधार पर छूट नही मिली की उसने तो केवल अपने सुपीरियर के आदेश का पालन किया था। चमन लाल बनाम एम्परर - न्यू सेंट्रल जेल, मुल्तान के डिप्युटी सुपरिटेंडेंट चमन लाल और उनके हेड वार्डन सेवा राम दोनों पर कैदियों को बेरहमी से पीटने का आरोप था। इसमे दो कैदियों की मृत्यु हो गई थी। कोर्ट ने दोनों को दोषी पाया और सेवा राम को इस आधार पर माफी नहीं मिली कि उसने तो केवल अपने अधिकारी के आदेश का पालन किया था।

मिलिट्री में सामान्य अवधारणा ये है कि अपने अधिकारी के आदेशों का पालन करना ही यहां की पहली शर्त है। लेकिन इसका कानूनी पक्ष ये है कि अपराधी ठहराएं जाने पर उसे इस आधार पर माफी नहीं मिलेगी कि उसने तो केवल अधिकारी के आदेश का पालन किया था।बहरहाल ऐसे बहुत से उदाहरण हैं जहां हम देखते हैं कि आदेशों को नहीं मानने को भी नियम सम्मत माना गया। लेकिन इसके लिए जिगरा चाहिए जो खुद सही और गलत के बीच निर्णय ले अपने अधिकारी के आदेश को मानने से इनकार करे। वैसे एक सच ये भी है कि एक पुलिस/मिलिट्री की सेवा के हालात बहुत कठिन होते हैं। अपने अधिकारी के आदेशों को नही मानने पर वो सेवा शर्तों के अनुसार दंड का अधिकारी होता है और मानने पर कई बार वो कोर्ट की नजर में अपराधी सिद्ध होता है।

सोशल फोरम

एक सांस की अहमियत

हफीज किदवई
लेखक

बचपन में सब पूछते थे की कौन सा खिलौना पसंद है। ज़रा बड़े हुए तो पूछा कौन से कपड़े पसंद हैं। हाईस्कूल पास करके आगे बढ़े तो पूछा क्या बनना चाहते हो। मेरे पास गिनाने को खिलौने थे, कपड़ों की डिज़ाइन थी और करियर के हज़ार ऑप्शन थे बस यह नही पता था कि एक अदद सांस को कैसे ज़िंदा रखा जाए। झूठ, धोखे, मतलब परस्ती के बीच ज़िंदगी के एक, सिर्फ़ एक क़तरे को कैसे बचाए रखा जाए। किसी ने नहीं पूछा कि इन सांसों को कैसे बचाओगे, जब यह छूट रही होंगी। किसी ने नहीं कहा जब खिलौने, कपड़े, करियर अपना रंग छोड़ेंगे, तब ज़िंदा कैसे रहोगे ।

एक सांस के लिए जब जी तड़पेगा। तब कैसे ख़ुद को संभालोगे। किसी ने उस सांस का मोल क्यों नही समझाया, जो दुनिया की हर ख़्वाहिश, हर ज़रूरत से बड़ी थी। मौत सामने हो और पीठ पीछे सारी ख्वाहिशें, सारे ख़्वाब, सारी हसरतें, उनका क्या ही करें। यह लगने लगे कि ज़माने की दौड़ में आपकी आवाज़ के लिए कोई कान नहीं है । लड़खड़ाते वक्त पकड़ने को कोई हाथ नही है। डगमगाते वक्त रोकने वाला कोई नहीं है। जिनपर वक्त ख़र्च किया, उनके पास आपके लिए ही वक्त नहीं है । जिनके साथ एतबार का रंग पक्का किया, वह रंग उतरकर फीके पड़ जाए। कोई अपना ही उम्मीद की सुनहरी चिड़िया के पर नोच दे । तो क्या करना है । मुझे नही पता कि ज़िंदगी की एक सांस की अहमियत क्या है। वरना जब कोई बचपन में पूछता कि क्या चाहिए, मैं कहता कि ज़िंदगी। हाईस्कूल में कोई पूछता की क्या बनोगे, तो मैं कहता कि सांसों को बुनूंगा । कोई मुझसे कपड़े के बारे में पूछता, तो कहता यार, सांसों के रंग को उकेरूंगा । मैं समझदार होता, तो बतलाता की सब कुछ होगा, बस नहीं होगी जब एक अदद सांस, तो उसकी फ़िक्र करता, उसके लिए मनसूबे बनाता। मैं समझदार होता, तो बतलाता की सब कुछ होगा, बस नहीं होगी जब एक अदद सांस, तो उसकी फ़िक्र करता, उसके लिए मनसूबे बनाता।

वक्त होता तो मैं बचपन में ही बोल देता की हां मुझे खिलौना न दो, बस ज़िंदगी को खिलौना न बनने देना, कोई जीभर खेले और फिर मुंह मोड़कर कह जाए, दिल भर गया.... दुनिया में सबसे बेईमान चीज़ को अपने साथ सारी ज़िन्दगी लेता फिरा, फिर भी वह साथ छोड़ती नहीं और साथ देती भी नही, मेरी बेवफ़ा सांसें....

-फेसबुक वॉल से

किसे फिक्र है हमारी

रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

'सिमोन द बोउआर' कहती हैं कि स्त्रियां पैदा नहीं होती हैं गढ़ी जाती हैं। सच ही तो है कि हमें अपने अस्तित्व का औचित्य साबित करने के लिए लोगों से प्यार करना होता है उनकी चिंता करनी होती है तभी हमारा समाज एक औरत को जीवन को सार्थक समझता है। भले ही बदले में हमें कुछ न मिले और खुद को छला हुआ महसूस करते रहें किसे फिक्र है हमारी? जमाने भर की चिंता फिकर हो या दुनिया भर का प्यार सब करके भी हम खुद को ठगा ही महसूस करते रहेंगे हमेशा। जब तक ये हम खुद नहीं समझेंगे कि हम भी उतने ही इंसान हैं जितना कि पुरुष। संवैधानिक रुप से हर वो नियम जो उन पर लागू है हम पर भी वही नियम लागू हो। लेकिन शुरू से ही कोई भेदभाव होता देखकर खुद को संतुष्ट कर लेना ,दिल टूटने पर चुपचाप रोकर आंसू पी लेना और ससुराल में अच्छी बहू साबित होने के लिए खुशी खुशी सब स्वीकार लेना।और स्वतंत्रता के नाम पर महिला दिवस मना लेना।

घर परिवार और समाज पर जो धार्मिक मान्यताएं लादी गईं वे भी हमारे कंधे पर ही और हमारी फिल्मों और साहित्य ने हमें पीछे धकेलने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। आदर्श स्त्री के लिए इन्होंने जितने मापदंड बनाए कि हर स्त्री आज बस कन्फ्यूजन की स्थिति में है कि क्या वो सच में आदर्श है ? कभी अच्छी बहू बनने के लिए वो घर का काम करना चुनती है तो कभी अच्छी मां बनने के लिए वो अपनी जॉब छोड़कर घर बैठना पसंद करती है। घर का कोई काम बिगड़ने पर और बच्चे के खराब रिजल्ट पर वो दोषी होगी जबकि सबकुछ अच्छा या बेहतरीन होने पर शायद ही उसे कोई श्रेय देगा! अब तो हम फिल्मों से सीखते हैं कि हमें क्या पहनना चाहिए और कौन से व्रत ,पूजा और त्योहार करने चाहिए। इतिहास और राजनीति में हमें बेहद सीमित मौके मिले हैं और साहित्यकारों ने हमें कभी कामयाब और मजबूत रुप में नहीं गढ़ा है। मैंने पढ़ा है कि महान लेखक टॉलस्टाय ने अपनी सबसे मशहूर उपन्यास अन्ना कैरनिना लिखते समय अन्ना का चरित्र बेहद खराब बनाने की कोशिश करते हुए लिखा था पर जब उपन्यास पूरा हुआ तो अन्ना की इमेज एक मजबूत और शानदार महिला के रुप में निखर गई पर क्या ही फायदा जब लेखक उसे अंत में ट्रेन के सामने गिराकर आत्महत्या करने को मजबूर कर दे। जबकि वो बस दो पंक्तियां बदल कर उसे मजबूत बना सकता था पर उसे लगता रहा कि उसकी कृति को समाज स्वीकार नहीं करेगा क्योंकि वो खुद ही स्वीकार नहीं पा रहा होगा। इसी तरह चोखेर बाली उपन्यास लिखने के बाद टैगोर माफी मांगते हैं कि वो चोखेर बाली के साथ न्याय नहीं कर पाए! आखिर क्यों? किसने रोका था उन्हें? जबकि राजा राममोहन राय विधवा विवाह शुरू करवा चुके थे तो क्या आपसे दो पंक्तियां भी नहीं बदली जा रही थीं ? लेखन बस वो नहीं होता कि आप सच दिखाने के लिए ज्यों का त्यों लिखने की कोशिश करें लेखन वो होता है जो बदलाव ला सके लोगों की सोच समृद्ध कर सके। अफसोस! आप वहां तक सोच भी नहीं पाते हैं... हम सीता बनकर भी अग्नि परीक्षा देते रहे, गार्गी और अपाला बनकर गालियां खाते रहे , विद्योतमा और रत्नावली बनकर प्रेरणा बने रहे पर हमें किसी ने प्रेरित नहीं किया। आदमियों की सफलता में हमारा योगदान रहा और हमारी सफलता में आपने बाधा बनना चुना?

मजाज़ लखनवी का शेर याद आ रहा है ...
तेरे माथे पर ये आंचल बहुत खूब है,
तू इस आंचल से एक परचम बना लेती तो अच्छा था!

कल्कि धाम का शिलान्यास

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

हाल ही में हुई धर्म अनुष्ठानों की धूम के बीच मुरादाबाद के संभल में कांग्रेसी नेता रहे आचार्य प्रमोद कृष्णम् के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे होने वाले भगवान विष्णु के दसवें अवतार 'कल्कि'के धाम का शिलान्यास किया। कल्कि भगवान भाद्रपद,शुक्ल पक्ष तृतीया को सायंकाल यहां एक सात्विकी ब्राह्मण विष्णुयश के घर उनके पुत्र रूप में अवतरित होंगे, जिनकी कथा कल्कि पुराण सहित तमाम धर्म ग्रंथों में आई है। उनकी माता का नाम सुमति होगा। श्रीभद्भागवत्-स्कंध-12 के अनुसारः

सम्भलग्राम मुख्यस्य ब्राह्मणस्य महात्मनः।/ भवने विष्णुयशसःकल्किः प्रादुर्भविष्यति।।

वे शीघ्र ही सभी विद्याओं में पारंगत हो जाएंगे। शस्त्र विद्या उन्हें परशुराम जी सिखाएंगे; फिर उनसे वे शिव जी की तपस्या करने को और वरदान में दिव्यास्त्र मांगने को कहेंगे। कल्कि वैसा ही करेंगे और परम शक्तिशाली बन जाएंगे। उनका विवाह पद्मा नामक कन्या से होगा। उनकी एक अन्य पत्नी वैष्णो देवी की रूप रमा भी होंगी। उनके चार पुत्र होंगे। वे देवदत्त नामक सफेद घोड़े की सवारी करेंगे। उनके पास धनुष वाण और तलवार भी होगी। वे कलि नामक राक्षस को मारेंगे तथा पापियों का संहार करेंगे। जयदेव रचित "गीत गोविंद"के अनुसार वे म्लेच्छों का संहार करेंगे।"म्लेच्छनिवचनिधने कलयसि करवालम्। धूमकेतुमिव किमपि करालम्।। केशव धृत कल्कि शरीरम्"।।

यह सब होगा तो निश्चय ही, क्योंकि शास्त्रीय मान्यता हैः किंतु इसका समय अभी बहुत दूर है। वे कलियुग के अंत में अवतरित होंगे। कलियुग चार लाख बत्तीस हजार साल का होता है, जिसके अभी कुल पाच हजार साल ही बीते हैं। तब तक अभी तक हो चुके नौ अवतारों की पूजा उपासना से काम चल सकता था। चार लाख सत्ताइस हजार साल के आसपास भविष्य में होने वाले अवतार का धाम निर्माण और पूजा आदि कम समझ में आ रहा है। देश में लगभग दस लाख मंदिर हैं। सभी में प्रतिष्ठित देवी देवता आदरणीय और पूज्य हैं।क्या यह संख्या कम है? महामानवो, अवतारों की अर्चना उपासना उनके कर्मों और स्थापित किए गए आदर्शों का सम्मान और अनुसरण होता है; जबकि कल्कि का यह समय अभी बहुत दूर है। वे तो हुए ही नहीं हैं। ग्रामीण कहावत है "जौं हैं खेत,ललन हैं पेट,मुड़ने(मुणडन) की धूम मची"। इस केस में तो ललन अभी पेट में ही लाखों साल बाद आएंगे। तब क्या यह शीघ्रता आसन्न चुनावों हेतु धर्मास्त्र है? मैं समझता हूं इसके लिए "रामास्त्र"ही काफी था। अब इस पर भरोसा न रहा हो तो बात दूसरी है।

एक नजर

कानपुर से 2 अप्रैल से फिर बेंग्लुरू के लिए उड़ान

कानपुर, अमृत विचार : कानपुर से बेंग्लुरू की हवाई सेवा 2 अप्रैल से फिर शुरू हो जाएगी। यह सेवा इसी साल जनवरी माह में बंद की गई थी। बेंग्लुरू की उड़ान के लिए टिकटों की बुकिंग शुरू हो गई है। नए शेड्यूल में बेंग्लुरू एयरपोर्ट से सुबह 9 :30 बजे फ्लाइट संख्या 6ई 6035 उड़ान भरेगी जो दोपहर 12 बजे चकेरी एयरपोर्ट पहुंचेगी। शहर से फ्लाइट संख्या 6ई6036 दोपहर 12 :30 बजे उड़ान भरकर दोपहर 2 :40 बजे बेंग्लुरू में लैंड करेगी। शहर को जल्द ही फ्लाई बिग की अलीगढ़ व मुरादाबाद की उड़ान भी जल्द मिलने की उम्मीद है। कंपनी को मंजूरी मिली है।

फसल बर्बाद हुई, किसान की हार्ट अटैक से मौत

महोबा, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र की ग्राम बम्होरी गोसाई ओलावृष्टि और तेज बारिश से बर्बाद हुई मटर लाही और चने की फसल को देखकर एक किसान की सदमे से मौत हो गई। ग्राम बमोरी गोसाई निवासी अशोक बाबू (65) पुत्र अर्जुन सिंह ने करीब 7 बीघा जमीन में गेहूं, मटर, चना व लाही की फसल बोई थी। उसने साहूकारों से कर्ज लिया था। इस साल फसल अच्छी थी जिससे साहूकारों का कर्ज अदा करने के बाद साल भर परिवार का खर्च चलने की उम्मीद थी।

मेरठ में पसंद किया गया कानपुर का आलू

कानपुर, अमृत विचार : केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान के क्षेत्रीय आंलू स्टेशन मोदीपुरम मेरठ में आलू दिवस पर नौ और दस मार्च को दो दिवसीय प्रदर्शनी आयोजित हुई। इस प्रदर्शनी में सीएसए के सब्जी अनुभाग की ओर से आलू की विभिन्न प्रजातियों का प्रदर्शन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. राम बटुक सिंह ने किसानों को आलू की प्रजातियों के बारे में जानकारी दी।

1108 कलशों का अनुष्ठान करते वैदिक आचार्य। अमृत विचार

रामलला का पंचामृतयुक्त कलशों से अभिषेक करते संत। अमृत विचार

मंडपोत्सव के समापन पर रामलला ने किया सरयू विहार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा से रामलला के दरबार में चल रहे मंडपोत्सव कार्यक्रम का रविवार को समापन हो गया। अंतिम दिन सुबह रामलला की पालकी यात्रा निकाली गई। उसके बाद पूजन-अर्चन किया गया। गर्भगृह में ही रामलला के रजत विग्रह का विभिन्न औषधीय रसायन व पंचामृत से युक्त 1108 कलशों से रामलला का अभिषेक किया गया। इसके साथ ही रामलला को 56 व्यंजनों का भोग भी लगाया गया। राम मंदिर के भव्य उद्घाटन और प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को संपन्न कर कलश स्थापना के साथ मंडपोत्सव कार्यक्रम शुरु हुआ था। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के प्रमुख सदस्य जगद्गुगुरु विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य के नेतृत्व में इसकी शुरुआत हुई थी। 48 दिवसीय इस अनुष्ठान में देश के विभिन्न क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले उद्योगपति और समाज सेवक शामिल हुए। मंडलोत्सव के संयोजक जगद्गुरु विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य ने बताया कि हर दिन अनेक प्रकार के आयोजन होते रहे। विभिन्न तरह के यज्ञ अनुष्ठान हुए। वेदों का पाठ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य और गायन की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम के समापन के बाद रामलला की रजत प्रतिमा को पालकी में बिठाकर सरयू विहार कराया गया।

रामकथा पार्क में आयोजित संध्या में प्रस्तुति देतीं कलाकार।

रामोत्सव में हुई राम की शक्ति पूजा

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामकथा पार्क में शनिवार शाम महाप्राण निराला की राम की शक्ति पूजा का कथक शैली में प्रस्तुतीकरण सभी को विभोर कर गया। दिल्ली से आई शालीना चतुर्वेदी ने अपने दल के साथ राम रावण के युद्ध में विजय के लिए शक्ति का आह्वान करने और पूजन की संपूर्णता के लिए नीलकमल के बजाए अपने नेत्रों के समर्पण की कथा ने दर्शकों को बांधे रखा। गाजियाबाद से आई नीलाक्षी राय के दल ने सृष्टि के आरंभ से नारायण के अवतारों की कथा बेहद सधे अंदाज में प्रस्तुत करके भक्तिमय वातावरण बना दिया। योगराज पवार के पढंत बोल, विजय परिहार का गायन, अभिषेक का तबला और मेहराब का सितार सब कुछ मानों बोल रहा था। अलीगढ़ से आई पूनम सारस्वत के दल ने रामाष्टकम की प्रस्तुति की। प्राची गोस्वामी, सोनम चक्रवर्ती, दिशा, दर्शिका, आंचल, दिव्या, तान्या और संजय बघेल सह कलाकार के रूप में थे। वाराणसी से आए सागर विश्वकर्मा ने भगवान शंकर की स्तुति से आरंभ अपनी नृत्य नाटिका में नमामी भक्त वात्सलम पर समूह कथक नृत्य किया। संचालन आकाशवाणी के उद्घोषक देश दीपक मिश्र ने किया।

सरयू में डूबने से कानपुर के 3 छात्रों की मौत

तुलसीदास घाट के पास हुआ हादसा, छह दोस्त अयोध्या रामलला के दर्शन करने गए थे

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

अमृत विचार : अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के संत तुलसीदास घाट के निकट रविवार को स्नान के दौरान कानपुर के तीन छात्रों की डूबने से मौत हो गई। हालांकि इनके तीन साथी सकुशल बचा लिए गए।

कानपुर नगर के बर्रा थाना क्षेत्र के वर्ल्ड बैंक कॉलोनी निवासी छह युवकों का दल रविवार को रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या आया था। सभी युवक सुबह लगभग दस बजे सरयू में जल पुलिस की बैरिकेडिंग के आगे कच्चे घाट पर स्नान के लिए पहुंचे थे। सरयू का जलस्तर कम होने के चलते शुभम मिश्र उर्फ रवि का अचानक पैर फिसला और वह गहरे पानी में पहुंच गया और डूबने लगा। साथी अद्द्यन सिंह चौहान उर्फ़ प्रांशु और हर्षित अवस्थी ने उसे बचाने की कोशिश की और इसी में वे दोनों डूब गए। तीन अन्य साथी भी बचाने के लिए सरयू में आगे बढ़े, लेकिन स्थानीय लोगों और नाविकों ने इनको सकुशल बचा लिया। जल पुलिस के जवान और नाविकों ने सरयू में डूबे तीनों युवकों को बाहर निकाल कर श्रीराम चिकित्सालय भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी पर एसएसपी राजकरन नय्यर, सीओ अयोध्या आशुतोष मिश्र ने मौका मुआयना किया। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि हादसे में शुभम मिश्रा (20) पुत्र मोहन मिश्रा, अद्द्यन सिंह चौहान उर्फ प्रांशु (18) पुत्र ओम प्रकाश सिंह चौहान व हर्षित अवस्थी (18) पुत्र ललित नरायण अवस्थी की मौत हुई है। इनके साथी कृष्णा सहगल (18), तनिष्क पाल (20) व अमन शर्मा को बचा लिया गया है।

अंतिम यादगार : होटल से निकलने से पहले सभी दोस्तों ने एक साथ ली सेल्फी।

सीएम ने लिया संज्ञान, मिलेगी आर्थिक मदद

मुख्यमंत्री की ओर से हादसे का संज्ञान लिए जाने के बाद राजस्व महकमे ने पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कराई है। लेखपाल ने मृतक छात्रों के परिवारीजनों से उनका आधार कार्ड व अन्य ब्यौरा हासिल किया है जिसे आर्थिक मदद तथा प्रशासनिक कार्रवाई के लिए शासन व राज्य आपदा विभाग को भेजा जाएगा।

राम दरबार के लिए नवंबर तक तैयार हो जाएगा गर्भगृह

अयोध्या, अमृत विचार : राम मंदिर की भव्यता को बढ़ाने का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। भूतल में रामलला को प्रतिष्ठित करने के बाद अब प्रथम तल पर राम दरबार के लिए गर्भगृह नवंबर तक बनाने का निर्णय लिया गया है।

मंदिर निर्माण समिति की तीन दिवसीय बैठक के अंतिम दिन रविवार को निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि राम मंदिर निर्माण चल रहा है। बैठक में निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। निर्माण कार्य करने की जो समय सारिणी बनाई गई है। उसके अनुसार ही परिणाम आएंगे। मंदिर का प्रथम व द्वितीय तल का निर्माण पूरा करने का कार्य चल रहा है। विशेष रूप से प्रथम तल, जहां राजाराम का दरबार होगा। वह नवंबर तक पूर्ण हो जाएगा। कार्यदायी संस्था एलएंडटी के प्रोजेक्ट मैनेजर विनोद मेहता ने बताया कि अधूरे निर्माण का कार्य चल रहा है। अंतिम दिन बैठक में निर्माण संस्था और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक से बाहर निकलते नृपेंद्र मिश्र व अन्य।

अवैध मदरसों पर नहीं रुकेगी कार्रवाई : मंत्री

अयोध्या, अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि प्रदेश में संचालित हो रहे अवैध मदरसों पर कार्रवाई चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि अवैध मदरसों के संचालन को लेकर शासन गंभीर है।

रविवार को यहां आईं माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि जैसी पारदर्शिता बोर्ड की परीक्षा में रही है वैसे ही पारदर्शिता मूल्यांकन में भी रहेगी उन्होंने कहा कि सारे मूल्यांकन निष्पक्ष रूप से होंगे और अच्छा रिजल्ट आएगा। उन्होंने बताया कि जो अवैध रूप से चल रहे हो चाहे वह मदरसे हो चाहे वह विद्यालय सभी पर एक्शन जारी रहेगा। लोकसभा चुनाव पर कहा जैसे ही चुनाव समाप्त होता है अगले चुनाव की तैयारी भाजपा शुरू कर देती है। हमारी तैयारी विकास के आधार पर है। यहां सर्किट हाउस में उन्होंने माध्यमिक शिक्षा परिषद के अधिकारियों के साथ मूल्यांकन और अवैध मदरसों के विषय पर समीक्षा बैठक भी की। उन्होंने सख्ती के साथ अवैध मदरसों की जांच और कार्रवाई के लिए निर्देश दिया।

भूमि विवाद से जोड़कर देखा जा रहा नंदिनी हत्याकांड

वारदात

- सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संतकबीर नगर कोतवाली पुलिस पर अभियुक्तों से मिलीभगत का लगाया आरोप

संवाददाता, संतकबीरनगर

अमृत विचार: कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के डीघा मोहल्ले में सुभासपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव नंदिनी राजभर की निर्मम हत्या को स्थानीय लोग और सुभासपा कार्यकर्ताओं द्वारा जमीनी विवाद से जुड़ा बता रहे हैं।

बताते चलें कि लगभग 10 दिनों पूर्व कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के डीघा निवासी बालकिशुन राजभर पुत्र सत्ते की करोड़ों रूपये की जमीन साजिश रच कर बिना रुपये दिए रजिस्ट्री करा लेने और अज्ञात लोगों द्वारा बालकिशुन की हत्या कर शव को रेलवे लाइन पर रखकर हत्यारों द्वारा आत्महत्या दर्शाने का आरोप लगाते हुए नंदिनी के नेतृत्व में परिजनों ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया था। बालकिशुन राजभर की पत्नी सरोजा देवी और उनके बच्चों को न्याय दिलाने के लिए नंदिनी ने मोर्चा खोल दिया था। आंदोलन के बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा कायम कर एक आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया था। इसी बीच, रविवार की शाम नंदिनी राजभर को उनके बेडरूम में ही अज्ञात हत्यारों ने मौत के घाट उतार दिया।

पुलिस के सामने आक्रोश जाहिर करते सुभासपा राष्ट्रीय सचिव विनोद राजभर।

शैलेश राजभर ने जताई अपनी हत्या की आशंका

डीघा निवासी बालकिशुन राजभर का शव रेलवे ट्रैक पर मिलने और मृतक की जमीन को साजिश रच कर हड़पने के मामले को लेकर मृतक बालकिशुन राजभर की पत्नी और बच्चों को न्याय दिलाने के लिए सुभासपा की प्रदेश सचिव नंदिनी राजभर के पैदल मार्च का नेतृत्व करने वाले शैलेश कुमार राजभर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा गोरखपुर क्षेत्र, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय जल सत्याग्रह आन्दोलन व राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय राजभर संगठन को अपराधियों से जान का खतरा सताने लगा है। उन्होंने सीएम, एसपी व डीएम से सुरक्षा की मांग व्हाट्सएप और ई मेल के जरिए की है।

सार-संक्षेप

उन्नाव में गंगा एक्सप्रेस-वे के मिट्टी ठेकेदार की हत्या

उन्नाव, अमृत विचार : निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे की कार्यदायी संस्था को मिट्टी आपूर्ति करने वाले ठेकेदार का शव दही थानाक्षेत्र के गौरा गांव के पास शारदा नहर में मिला। मौके पर पहुंचे साले ने शव की पहचान की। वह शनिवार दोपहर 12 बजे से लापता था। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ था। शिव मिलन सिंह (52) प्रयागराज जिले के हंडिया के मूल निवासी थे। लंबे समय से एनएचएआई की बनने वाली सड़कों में लगी कार्यदायी संस्था को मिट्टी आपूर्ति का कार्य कर रहे थे। वह परिवार के साथ लखनऊ के सरोजनी नगर क्षेत्र के कृष्णलोक अपार्टमेंट में रहकर दो वर्ष से जिले में गंगा एक्सप्रेस-वे की कार्यदायी संस्था पटेल कांट्रेक्टर कंपनी को मिट्टी सप्लाई करते थे। काम के सिलसिले में वे दही थानांतर्गत कानपुर-लखनऊ हाईवे स्थित एक हाउस में किराए में कमरा लेकर रुकते थे। छोटे भाई जय मिलन ने बताया कि भाई का फोन शनिवार से स्विच ऑफ था। दही थानांतर्गत रविवार सुबह ग्रामीणों में गौरा गांव स्थित शारदा नहर में पुल के पास उनका शव मिला। लोगों में व्यवसायिक रंजिश को लेकर हत्या की चर्चा रही।

एनवीआर चुराने वाला औरैया का शिक्षक निलंबित

कन्नौज, अमृत विचार : बीएसए कार्यालय में 29 फरवरी को जो हुआ, उसकी परत दर परत खुलती जा रही है। आरोपियों पर कार्रवाई भी होने लगी है। औरैया से कन्नौज आकर नेटवर्क वीडियो रिकार्डर (एनवीआर) चुराने वाले शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है। उस पर पहले भी कई तरह के आरोप हैं। न्यायालय में भी कुछ मामले चले हैं। औरैया के बीएसए अनिल कुमार ने जारी किए निलंबन आदेश में कहा है कि प्राथमिक स्कूल झबरा के सहायक अध्यापक पंकज कुमार अमान्य शिक्षक संगठन के सदस्य हैं। उन्होंने बिना किसी अनुमति या छुट्टी लिए बगैर 60 किमी दूर बीएसए कार्यालय कन्नौज पहुंचकर अनुशासनहीनता की है। उसके बाद वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय को एंटी करप्शन टीम कानपुर से मिलकर गलत तरीके से ट्रैप कराया। कन्नौज में ही एनवीआर चोरी किया, मारपीट के भी आरोप हैं। इन सभी की वजह से शिक्षक पद पर अनफिट मानते हुए निलंबन किया गया है। साथ ही बीईओ औरैया के कार्यालय से संबद्ध किया गया है।

पेपर बिगड़ने पर छात्र ने दे दी जान

कुदरकोट, औरैया, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के नगला परसादी में रविवार को ग्रामीणों ने छात्र का शव पेड़ पर लटका देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। मौत के पीछे फिजिक्स का पेपर बिगड़ना बताया जा रहा है। 22 वर्षीय इरशाद अली पुत्र हैसियत अली निवासी नगला परसादी का शव घर के पीछे एक बबूल के पेड़ पर लटका मिला। रविवार को गांव के लोग खेतों पर काम करने के लिए जा रहे थे तभी रास्ते में एक बबूल के पेड़ के सहारे शव लटका देखा तो लोगो ने परिजनों को सूचना दी। भाई शकील ने बताया कि इरशाद ने 12वीं की परीक्षा दी थी। भौतिक विज्ञान का पेपर खराब हो जाने से वह काफी नाखुश था। सीओ अशोक कुमार ने बताया कि छात्र इंटरमीडिएट की परीक्षा दे रहा था जिसमे भौतिक विज्ञान का पेपर बिगड़ गया था जिससे उसने फांसी लगा ली।

पूर्वजों की मुक्ति से सुखी होगा जीवनः करौली शंकर महादेव

करौली शंकर महादेव के सानिध्य में निकाली गई तपस यात्रा में शामिल भक्त।

कानपुर, अमृत विचार : करौली शंकर महादेव धाम करौली से अमावस्या पर तपस यात्रा निकाली गई। यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए सरसैया घाट पर पहुंची। इसमें तीन हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। सरसैया घाट पर मां गंगा की आरती के साथी ही पूर्वज मुक्ति को हवन किया गया। भजन संध्या में श्रद्धालु भजनों पर झूम उठे। करौली शंकर महादेव ने कहा कि पूर्वजों की मुक्ति से ही आपका जीवन सुखमय होगा। यह उन सभी का सौभाग्य है कि जो आज यहां पूर्वज मुक्ति के लिए गंगा तट पर हवन किया। उन्होंने कहा कि घर के बुजुर्गों की सेवा जरूर करें। जो हमारे बीच नहीं हैं उनकी मुक्ति के लिए इससे अच्छा कोई और अवसर नहीं है। इस दौरान भजन संध्या में श्रद्धालु भजनों पर झूम उठे। उन्होंने नशा मुक्त-शोक मुक्त व रोग मुक्त भारत का संदेश दिया। कहा कि संकल्प लें कि न खुद नशा करेंगे और न ही दूसरों को करने देंगे। करौली शंकर महादेव ने कहा कि नशा सिर्फ आपको बर्बाद नहीं करता है ये आपके पूरे परिवार को बर्बाद करता है। सरसैया घाट पर भक्तों ने गंगा में दीपदान किया। जब एक साथ हजारों दीप गंगा की लहरों पर आगे बढ़े तो ऐसा लगा मानों मां गंगा ने दीपों की झिलमिल चूनर ओढ़ ली हो। इस दौरान हर- हर गंगे, हर- हर महादेव और हरि- हर का उद्घोष होता रहा। तपस यात्रा में भारत को नशा मुक्त, रोग मुक्त, शोक मुक्त बनाने का नारा गूंजता रहा।

जमीन का झांसा देकर कारोबारी से ठगी, केस

कानपुर। 59.19 लाख रुपये वापस मांगने पर रियल इस्टेट कारोबारी ने युवक को सचेंडी में जमीन का झांसा देकर ठगी कर ली। फजलगंज निवासी कारोबारी ने धोखेबाज समेत सात नामजद समेत 10 पर रिपोर्ट दर्ज कराई। फजलगंज निवासी कारोबारी हरजीत सिंह ने बताया कि मसवानपुर स्थित रियल इस्टेट फर्म के डायरेक्टर पीयूष सिंह चौहान व उसकी पत्नी मांडवी सिंह को उन्होंने 20 लाख रूपये व सामान उधार दिया था। कुल मिलाकर उस पर 59.19 लाख रुपये की बकायेदारी है। पैसे वापस करने का दबाव बनाने पर आरोपियों ने सचेंडी में जमीन देने का झांसा दिया, जिसके एवज में 9 लाख रुपये की मांग की। हरजीत ने रुपये खाते में ट्रांसफर कर दिए।

9 दुकानों से लाखों का माल पार, व्यापारियों का हंगामा

कानपुर, अमृत विचार। शनिवार देर रात चोरों ने दक्षिण क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर नौ दुकानों का ताला तोड़कर लाखों का माल पार कर दिया। नौबस्ता थाना क्षेत्र के मछरिया मार्केट में चोरों ने शनिवार रात सात दुकानों के शटर के ताले तोड़ एक लाख रुपये नकद समेत काफी माल उड़ा दिया। सुबह जानकारी होने पर घटना से आक्रोशित व्यापारी पुलिस पर गश्त न करने का आरोप लगाकर धरने पर बैठ गए।

मछरिया तिराहे पर शुक्ला मार्केट में आलोक चतुर्वेदी, सूरज, मनोज पांडेय, की रेडीमेड कपड़ों की दुकान है, जबकि गोरेलाल की बॉम्बे फुटवियर, बहनें रुबीना व चांदनी की चूड़ी व कॉस्मेटिक शॉप। राधे की सौरभ बैग इंपोरियम नाम से दुकान है। दुकानदारों ने बताया कि रविवार सुबह दुकानों के शटर टूटे होने की जानकारी मिली। दुकानों में रखी एक लाख की नकदी के साथ ही कपड़े व अन्य सामान भी गायब मिला। नौबस्ता उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष कमल त्रिपाठी, महामंत्री आशीष तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता उपेंद्र तिवारी मौके पर पहुंचे और बसंत विहार चौकी इंचार्ज पर गश्त न करने का आरोप लगाते हुए धरना देकर मछरिया रोड जाम कर दी। सूचना पर कई थानों की पुलिस पहुंची और समझाया।

चित्रकूट में हुआ देवांगना एयरपोर्ट का लोकार्पण

चित्रकूट, अमृत विचार : प्रदेश के पहले टेबल टॉप एयरपोर्ट का लोकार्पण रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से किया। आजमगढ़ में आयोजित समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी ने सीएम योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में देश के जिन 15 एयरपोर्ट का लोकार्पण किया उनमें चित्रकूट के देवांगना का टेबल टॉप एयरपोर्ट भी शामिल है। एयरपोर्ट के लोकार्पण के इस ऐतिहासिक क्षण के गवाह एयरपोर्ट पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही लोग भी बने। लोगों ने मंच पर लगी बड़ी स्क्रीन से आजमगढ़ के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि पीएम और सीएम के प्रयासों से अब चित्रकूट से जहाज उड़ने जा रहा है। यह खुशी का क्षण है। उन्होंने कहा कि जहां कभी डकैत विचरण करते थे, वहां से अब हवाई जहाज की उड़ान शुरू होना कानून व्यवस्था की बेहतरी को दिखाता है।

प्रधानमंत्री कल गुजरात व राजस्थान के दौरे पर

लखनऊ ब्यूरो, अमृत विचार : प्रधानमंत्री 12 मार्च को गुजरात और राजस्थान का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री राजस्थान के पोखरण में भारत शक्ति अभ्यास का अवलोकन करेंगे। भारत शक्ति तीनों सेनाओं का एक फायरिंग और कौशल अभ्यास है जो रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में राष्ट्र के मजबूत कदमों का उदाहरण है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहमदाबाद में 85,000 करोड़ रुपये से अधिक की रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। साथ ही समर्पित माल वाहक गलियारा परियोजना के कई प्रमुख खंडों को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री 10 नई वंदे भारत रेलगाड़ियों को झंडी दिखाएंगे। प्रधानमंत्री 12 मार्च को अहमदाबाद में 85,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास संबंधी परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। 10 बजे प्रधानमंत्री साबरमती आश्रम का दौरा करेंगे जहां वह कोचरब आश्रम का उद्घाटन करेंगे। यह 1915 में दक्षिण अफ्रीका से भारत आने के बाद महात्मा गांधी द्वारा स्थापित पहला आश्रम था। इसे स्मारक और पर्यटन स्थल के रूप में संरक्षित किया गया है।

खेलकूद टिकरी में चल रही राष्ट्रीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में अयोध्या समेत कई प्रांतों के पहलवानों ने दिखाया दमखम

हरियाणा के रोहित ने कानपुर के मोंटी को दी पटकनी

तारुन, अयोध्या

अमृत विचार : तारुन थाना क्षेत्र के टिकरी में चल रही राष्ट्रीय कुश्ती दंगल में अयोध्या समेत कई प्रांतों के पहलवानों का दबदबा बरकरार है। रविवार को दूसरे दिन की कुश्ती के रोमांचक मुकाबलों में दर्शकों ने जमकर दंगल का आनंद लिया। रविवार को शुरू हुए मुकाबलों से पहले पहलवानों का अखाड़े में परिचय दिया गया। दंगल के दौरान जुटे दर्शकों में बाहर से आए पहलवानों को लेकर खासा आकर्षण दिखाई दिया।

राष्ट्रीय कुश्ती में कई प्रदेशों से आए हुए पहलवानों में देवा शरीफ, नेपाल, और हनुमानगढ़ी अयोध्या के पहलवानों का दबदबा बरकरार रहा। पहले मुकाबले में रोहित पटेल हरियाणा ने मोंटी कानपुर को पराजित किया। वहीं, नामी पहलवान राजन दास ने मुन्ना टाइगर को शिकस्त दी। महिला पहलवान ज्योति चतुर्वेदी ने दांव मार कर पंजाब के पुरुष पहलवान रमन को चित्त किया। शास्त्री हरिद्वार ने विक्की पटियाला को पटकनी देकर आसमान दिखाया। सुल्तान देवा ने धाक दाव मारकर भवानी हिमाचल को हरा दिया। यहां के रामेश्वर यादव पहलवान ने जग्गा पहलवान पंजाब को हराया। बाबा मनीराम दास अयोध्या ने मुल्तानी दाव से मुन्ना टाइगर हिमाचल को पराजित किया। इस मौके पर दर्शकों की बड़ी संख्या मौजूद रही। वहीं फाइनल मुकाबला रोहित पटेल हरियाणा व भारत केसरी रामेश्वर यादव के मध्य हुआ। जिसमें रामेश्वर यादव ने पुट्ठी दांव मारकर एक लाख रुपये नगद पुरस्कार प्राप्त किया।

पहलवानों का हाथ मिलवाकर दंगल शुरू कराते रेफरी। अमृत विचार

खिताबी दौर में स्पोर्ट्स कॉलेज ने बनाया स्थान

अयोध्या, अमृत विचार : स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर ने प्रदेशीय सबजूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में वाराणसी मंडल पर 10 गोल से जीत दर्ज कर खिताबी दौर में स्थान सुनिश्चित कर लिया। सोमवार को पूर्वान्ह 11 बजे पुरस्कार वितरण के साथ प्रतियोगिता का समापन होगा। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह मुख्य अतिथि होंगीं। रविवार को प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल स्पोर्ट्स कॉलेज व वाराणसी मंडल के बीच खेला गया। इसमें स्पोर्ट्स कॉलेज टीम ने 10-2 गोल अंतर से शानदार जीत दर्ज की। स्पोर्ट्स कॉलेज की रश्मि ने चार, आकांक्षा व दिव्या ने दो-दो, खुशी, वैशली, आरिका व आराधना ने एक-एक गोल किया। इसके पूर्व खेले गए अंतिम लीग मुकाबले में प्रयागराज ने झांसी को 4-0 से हराया। इसमें मान्सी ने दो, शीतल व अंतिमा ने एक-एक गोल किया। इस अवसर पर आरएसओ चंचल मिश्रा, उपक्रीड़ाधिकारी मो. इरफान, शकील अहमद, विवेक कुमार, सीडी सिंह आदि मौजूद रहे।

हमीरपुर में जाम में फंसी एंबुलेंस, बच्चे की जान गई

हमीरपुर, अमृत विचार। कानपुर-सागर हाईवे पर जाम की वजह से अक्सर एंबुलेंस फंसती है और मरीज की जान जाती है। दो दिनों से तो जाम की स्थिति बहुत ही भयावह हो गई है। रविवार को दिन भर जाम से हाईवे पर लोग जूझते रहे। यातायात पुलिस जाम खुलवाने में जुटी रही। इन सबके बीच ही जिला अस्पताल इलाज के लिए बच्ची को लेकर आए रहे युवक पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, क्योंकि जाम में फंसे होने के कारण उसे अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका। सइसे बच्ची की मौत हो गई। मां- पिता के हाईवे किनारे बैठकर रोते देख हर किसी की आंख नम हो गई। जनपद कानपुर देहात के थाना अमरौधा के किसवा गांव निवासी संदेश बाइक से पत्नी अनीता के साथ एक माह की बीमार दुधमुंही बच्ची को लेकर जिला अस्पताल इलाज कराने आए रहा था। यमुना पुल पर जाम में फंस गया। जाम में बच्ची ने दम तोड़ दिया।

एक नजर

नृपेंद्र बने विहिप के अवध प्रान्त के प्रचार प्रमुख

अमृत विचार, लखनऊ : विश्व हिंदू परिषद की कारसेवक पुरम अयोध्या में दो दिवसीय कार्ययोजना बैठक में नृपेंद्र विक्रम सिंह अवध प्रान्त के प्रान्त प्रचार प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई है। नृपेंद्र को प्रान्त प्रचार प्रमुख बनाए जाने पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय, क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र, प्रान्त मंत्री देवेंद्र ने बधाई देते हुए संगठन दायित्वों का निर्वहन को कहा है।

974 अंत्येष्टि स्थलों को दूसरी किस्त जारी

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश की ग्राम पंचायतों में निर्माणाधीन 947 अंत्येष्टि स्थल जल्द तैयार होंगे। पंचायती राज निदेशालय की तरफ से दूसरी किस्त 25 प्रतिशत जारी कर दी गई है। इसमें 74 जिले हैं। जहां दूसरी किस्त न मिलने के कारण निर्माण लटके थे, जबकि पहली किस्त में मिली धनराशि खर्च का हिसाब ग्राम पंचातयों ने नहीं दिया था।

हालांकि अब जल्द निर्माण पूरे होने की उम्मीद है। पंचायती राज निदेशक ने सभी जिला पंचायत राज अधिकारी को जानकारी देते हुए 100 फीसद कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं।

तृणमूल के साथ समझौते की हमेशा रही इच्छा : कांग्रेस

नयी दिल्ली : कांग्रेस ने कहा है कि वह पश्चिम बंगाल में हमेशा तृणमूल कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे को लेकर समझौते की पक्षधर रही है लेकिन तृणमूल ने सभी 42 लोकसभा सीटों के उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर एक तरफा घोषणा की है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी ने हमेशा कहा है कि सीट-बंटवारा समझौते को बातचीत के माध्यम से अंतिम रूप दिया जाना चाहिए लेकिन तृणमूल कांग्रेस ने कांग्रेस के पक्ष को नकार कर एकतरफा घोषणा की है। कांग्रेस ने हमेशा कहा है कि इंडिया समूह मिलकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से लड़े। उन्होंने ट्वीट किया ''कांग्रेस ने बार-बार पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के साथ सम्मानजनक सीट-बंटवारे समझौते की अपनी इच्छा व्यक्त की है। कांग्रेस ने हमेशा कहा है कि इस तरह के समझौते को बातचीत के माध्यम से अंतिम रूप दिया जाना चाहिए, न कि एकतरफा घोषणाओं से।

भाजपा ने टीएमसी की सूची पर किया कटाक्ष

नयी दिल्ली : भाजपा ने रविवार को दावा किया कि लोकसभा चुनावों के लिए तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों की सूची उन लोगों से भरी हुई है जिन्हें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बाहरी कहती हैं। भाजपा के पश्चिम बंगाल के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने एक्स पर पोस्ट किया कि टीएमसी के बहरामपुर उम्मीदवार यूसुफ पठान गुजरात के बड़ौदा से हैं या पश्चिम बंगाल से हैं? टीएमसी की सूची उन लोगों से भरी हुई है जिन्हें ममता बनर्जी बाहरी कहती हैं।

धामी ने दिया 8275.51 करोड़ की 122 योजनाओं का तोहफा

चुनाव से पहले योजनाओं का किया शिलान्यास व लोकार्पण

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्य सेवक सदन में 17 सरकारी विभागों की 8,275.51 करोड़ की 122 विकास योजनाओं का डिजिटली लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसमें 11 विभागों की 1,048.15 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण एवं 15 विभागों की 7,227.36 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास हुआ है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग की 2,027 करोड़ की प्रीपेड मीटर योजना का भी शिलान्यास किया। साथ ही पंजीकृत श्रमिकों को टूल किट भी वितरित किए।

सीएम ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ बनाना है जिसका असर भी देखने को मिल रहा है। आज 8000 करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया है। ये सभी योजनाएं उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाएंगीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरलीकरण, समाधान और संतुष्टि के मंत्र से नई कार्य संस्कृति का वातावरण बना है। इससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। हमारा काम बोले इसका भी प्रयास रहता है। मातृशक्ति एवं नौजवानों को रोजगार, स्वरोजगार के लिये नियोजन से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि टनकपुर से भी अब देहरादून के लिये ट्रेन संचालित हो गई है। अयोध्या सहित अन्य स्थानों के लिए भी ट्रेन की सुविधा मिल रही है। पिछले वर्ष चारधाम यात्रा में 56 लाख श्रद्धालु आये जबकि पूर्णागिरी मेले में भी 50 लाख श्रद्धालु पहुंचे। वर्ष भर धार्मिक पर्यटन हो रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रदेश की जीएसडीपी को पांच वर्षों में दोगुना करने का है। प्रत्येक जिले में 2025 तक बेस्ट प्रेक्टिस व नवाचार के रूप में पहल को लेकर कार्य योजना बनाई जा रही है। जीएसटी संग्रहण 23 प्रतिशत पहुंच गया है। प्रतिवर्ष लिए जाने वाले ऋण में भी कमी आई है। कार्यक्रम में ऊर्जा सचिव एवं एमडी पिटकुल पीसी ध्यानी ने 5 करोड़ का लाभांश का चेक मुख्यमंत्री धामी को दिया। वहीं सीएम ने विभिन्न उद्यमियों को सौर ऊर्जा परियोजनाओं के आवंटन पत्र व मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के आवंटन पत्र प्रदान किए।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल व धन सिंह रावत, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, नियोजन सचिव आर मीनाक्षी सुन्दरम, सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, विधायक विनोद चमोली, सरिता आर्या, दुर्गेश्वर लाल, शक्ति लाल शाह, मोहन सिंह बिष्ट, संजय डोभाल, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, शैलेश बगोली, सचिन कुर्वे, डॉ. आर राजेश कुमार, अपर सचिव रणवीर सिंह चौहान मौजूद रहे।

देहरादून में मंच से विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व अन्य नेतागण। ● अमृत विचार

2,027

करोड़ की प्रीपेड मीटर योजना का भी किया गया शिलान्यास

ब्लूटूथ डिवाइस से नकल करते चार गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 25-30 हजार में छात्रों को नकल करने वाला दिया जाता है डिवाइस

अमृत विचार: आर्मी नर्सिंग असिस्टेण्ट की रविवार को आयोजित परीक्षा में ब्लूटूथ डिवाईस का प्रयोग कर नकल करने वाले चार अभ्यर्थियों को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। यह चारो आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एंड कॉलेज कैंट (लखनऊ) से पकड़े गए हैं। इनमें कन्नौज का अमित कुमार, आगरा का जयप्रकाश, जोधपुर राजस्थान का विकास बिश्नोई तथा पलवल जिले का अभिषेक हैं।

एसटीएफ के मुताबिक आर्मी नर्सिंग असिस्टेण्ट पद हेतु आयोजित लिखित परीक्षा में कुछ अभ्यर्थियों द्वारा ब्लूटूथ डिवाईस का प्रयोग कर नकल करने की सूचना मिली थी। इस सूचना पर एसटीएफ टीम द्वारा सेना के अधिकारियों को इस बात से अगवत कराते हुए आर्मी इन्टेलीजेन्स लखनऊ टीम के साथ मिलकर आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एंड कॉलेज कैंट पहुंच गई। जांच के दौरान 4 अभ्यर्थियों को ब्लूटुथ डिवाइस के माध्यम से नकल करते हुए पकड़ लिया गया। अभ्यर्थियों ने पूछताछ पर बताया कि वह आर्मी की परीक्षाओं की तैयारी करते थे। इस दौरान कुछ अन्य छात्रों ने बताया कि एके सिंह (आगरा) और कुनाल (दिल्ली) द्वारा 25-30 हजार में छात्रों को नकल करने वाला डिवाइस दिया जाता है। सम्बन्धित परीक्षा में उसी डिवाइस के माध्यम से प्रश्न पत्र हल कराने के बदले 5-5 लाख रूपये लिया जाता है।

20 हजार का इनामी तस्कर गिरफ्तार

लखनऊ : एसटीएफ ने रविवार को अन्तर्राज्यीय गो-तस्कर को आजमगढ़ से गिरफ्तार किया है। अबुल कैश उर्फ कैश मोहम्मद नाम के इस तस्कर की गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित था। इसके खिलाफ आजमगढ़ में 14 मुकदमें दर्ज हैं। एसटीएफ टीम ने गंभीरपुर क्षेत्र में उसे दबोचा। अबुल कैश ने बताया कि लगभग तीन माह पूर्व एक पिकप गाड़ी में क्रुरता पूर्वक गो-वंषीय पशुओं को लोड होने का वीडियो वायरल हुआ था। इस मामले में उसके और उसके साथी पप्पू यादव के खिलाफ गम्भीरपुर में मुकदमा दर्ज हुआ था। पिछले साल 8 दिसम्बर को गो-तस्करी के दौरान अपने सहयोगी पप्पू यादव के साथ मिलकर पुलिस टीम पर फायर करके भाग गया था। उस दौरान स्थानीय पुलिस ने एक मुठभेड़ में पप्पू यादव गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन वह फरार हो गया था।

प्रोफेसर की बेटी समेत गला रेत कर हत्या

चंडीगढ़ : हरियाणा के हिसार जिले में रविवार शाम को एक प्रोफेसर और उनकी आठ वर्षीय बेटी विश्वविद्यालय परिसर स्थित उनके कार्यालय में मृत पाए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतक की पहचान संदीप गोयल (35) के रूप में हुई है, जो हिसार में लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में कार्यरत थे। गोयल और उनका परिवार विश्वविद्यालय परिसर में रह रहा था। पुलिस ने कहा कि मृतकों के गले रेते हुए पाए गए और उनके शव गोयल के कार्यालय से बरामद किए गए। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि गोयल का अवसाद का इलाज चल रहा था। पुलिस ने कहा कि मामले में सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

माओवादी शिविर का भंडाफोड़, विस्फोटक बरामद

ओडिशा : पुलिस ने कंधमाल जिले के दुर्गापंगा वन क्षेत्र में एक माओवादी शिविर का भंडाफोड़ कर भारी मात्रा में ग्रेनेड और अन्य विस्फोटक बरामद किए। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। एसपी शुभेंदु पात्रा ने कहा कि कंधमाल-रायगड़ा सीमा क्षेत्र के जंगल में तलाशी अभियान के दौरान एसओजी की टीम और माओवादियों के बीच मुठभेड़ के बाद शिविर का पता चला। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। पात्रा ने बताया कि कम से कम 15 हथियारबंद नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर मौके से भाग गये।

भगवान कृष्ण हमारे साथ : केजरीवाल

चंडीगढ़, एजेंसी

▸▸ दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र में जनसभा को किया संबोधित

आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी के साथ धर्म है और लोगों से यह तय करने को कहा कि वे धर्म के साथ हैं या अधर्म के साथ।

हरियाणा के कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री ने लोगों से इस सीट से आप के उम्मीदवार सुशील गुप्ता को वोट देने का आग्रह किया। आप और कांग्रेस गठजोड़ के तहत हरियाणा में लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। समझौते के तहत, आप राज्य की कुल 10 संसदीय सीट में से एकमात्र कुरुक्षेत्र सीट पर चुनाव लड़ेगी। भाजपा और जननायक जनता पार्टी (जजपा) सरकार पर निशाना साधते हुए केजरीवाल ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व वाली सरकार ने हरियाणा को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब, हर कोई चाहता है कि खट्टर सरकार जाए। कुरुक्षेत्र सीट पर आप की जीत सुनिश्चित करें...आगे खट्टर की सरकार जाने की खबर आएगी।

केजरीवाल ने महाभारत का जिक्र किया और कहा कि कुरुक्षेत्र एक पवित्र भूमि है जहां धर्मयुद्ध लड़ा गया था। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ मौजूद आप संयोजक केजरीवाल ने कहा कि कौरवों के पास सब कुछ होने के बावजूद पांडवों की जीत हुई थी। उन्होंने कहा कि पांडवों के पास क्या था? भगवान श्री कृष्ण उनके साथ थे। केजरीवाल ने कहा कि आज हमारे पास क्या है। हम बहुत छोटे हैं। भगवान श्री कृष्ण हमारे साथ हैं। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का जिक्र करते हुए केजरीवाल ने कहा कि उनके पास सब कुछ है। उनके पास सभी शक्तियां हैं। उनके पास आईबी, सीबीआई, ईडी है। केजरीवाल ने उपस्थित लोगों से कहा कि हमारा धर्म हमारे साथ है। यह धर्म और अधर्म की लड़ाई है और आपको यह तय करना होगा कि आप धर्म के साथ हैं या अधर्म के साथ।

कांस्टेबल की हत्या के आरोप में तीन गिरफ्तार

जोधपुर : राजस्थान के सिरोही जिले में दो पक्षों के बीच झड़प के दौरान एक पुलिस कांस्टेबल की हत्या के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि शुक्रवार को सिरोही के स्वरूपगंज थाना क्षेत्र के लौटाना गांव में महाशिवरात्रि के पर्व पर मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा था जिस दौरान दो पक्षों में झगड़ा हो गया और कांस्टेबल निरंजन सिंह ने बीच-बचाव कराने की कोशिश की तो कुछ व्यक्तियों ने कथित रूप से चाकू घोंपकर उनकी हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि इस बाबत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और अन्य की तलाश जारी है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

कर्नाटक की राजधानी बंगलुरु जल संकट के दौर से गुजर रही है। देश की आईटी राजधानी कहे जाने वाले शहर में लोग पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं। हालात यहां तक आ गए हैं कि कर्नाटक जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड ने कई कार्यों में पेयजल के इस्तेमाल पर पाबंदी लगा दी है। आदेशों का पालन नहीं करने पर जुर्माना तक लगाया जा रहा है। तस्वीर बंगलुरु के बंगारप्पा नगर की है। जहां जल संकट के चलते लोग टैंकर से पेयजल भरने को मजबूर हैं।

अपने दम पर जम्मू-कश्मीर में चुनाव जीतेगी भाजपा

श्रीनगर, ,एजेंसी

▸▸ सभी पांचों लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी भाजपा

जम्मू कश्मीर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष रविंदर रैना ने रविवार को कहा कि पार्टी प्रदेश में आगामी संसदीय चुनाव अपने दम पर लड़ेगी और जीत हासिल करेगी।

रैना ने दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में आयोजित एक सार्वजनिक रैली के मौके पर मीडियाकर्मियों से कहा कि कश्मीर में हर जगह, भाजपा लोगों के दिलों में बस रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा जीत सुनिश्चित करने के लिए जम्मू-कश्मीर की सभी पांच लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। हमारी पार्टी विकास और जरूरतमंद लोगों को राहत प्रदान करने को प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि भाजपा जम्मू-कश्मीर के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में भाजपा की लहर चल रही है और वह अपनी शक्ति और ताकत के दम पर जम्मू, उधमपुर, अनंतनाग, राजौरी श्रीनगर और बारामूला में आगामी संसदीय चुनाव लड़ेगी और कश्मीर के लोग इस बार पूरे दिल से भाजपा को वोट देकर सत्ता में लाएंगे।

भाजपा सिर्फ छीनना जानती है : उद्धव

मुंबई : शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को कहा कि भाजपा कभी किसी आंदोलन या संघर्ष का हिस्सा नहीं रही और ना ही उसने खुद से कुछ बनाया है, वह केवल दूसरों से छीनना जानती है।

ठाकरे उपनगरीय मुंबई में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा स्वतंत्रता आंदोलन, संयुक्त महाराष्ट्र संघर्ष या मराठवाड़ा मुक्ति संग्राम का हिस्सा नहीं थी। वह केवल छीनना जानती है। हम चुनाव में भाजपा के चोर बाजार को नष्ट कर देंगे। उसने हमारी दोस्ती देखी है, लेकिन अब भाजपा हमारे मशाल (चुनाव चिह्न जलती मशाल) की गर्मी देखेगी।

मध्यस्थता के बजाए मुकदमेबाजी का पहली पसंद होना चिंताजनक : खन्ना

नयी दिल्ली, एजेंसी

▸▸ सुप्रीम कोर्ट के जज संजीव खन्ना ने जताई चिंता

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने रविवार को कहा कि यह चिंता का विषय है कि मध्यस्थता भारत में वादियों की पहली पसंद नहीं है और पक्षकार अब भी अदालतों में मुकदमेबाजी को प्राथमिकता देते हैं।

न्यायमूर्ति खन्ना दिल्ली उच्च न्यायालय में दिल्ली मध्यस्थता सप्ताहांत (डीएडब्ल्यू) के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यदि हमें 10 साल आगे देखना है और मध्यस्थता को पसंदीदा विकल्प बनाना है तो प्रणाली को विकसित करना होगा। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र के प्रमुख कार्यक्रम डीएडब्ल्यू में देश और दुनिया भर के विशेषज्ञों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि जब हम संस्थागत मध्यस्थता के लिए भेजे जाने वाले मामलों की संख्या के संबंध में आंकड़ों पर नजर डालते हैं, तो तस्वीर बहुत धूमिल दिखती है। 2023 में, दिल्ली में सिविल अदालतों में लगभग 1,16,453 सिविल मामले दायर किए गए, जबकि दिल्ली उच्च न्यायालय में 4,243 मुकदमे दायर किए गए। शीर्ष अदालत के न्यायाधीश ने कहा, इसके विपरीत 2023 में 7,358 मामलों को दिल्ली उच्च न्यायालय मध्यस्थता केंद्र में मध्यस्थता के लिए भेजा गया। उन्होंने कहा, इसका मतलब है कि दिल्ली उच्च न्यायालय मध्यस्थता केंद्र ने सिविल मुकदमेबाजी की तुलना में केवल छह से सात प्रतिशत मामलों को निपटाया। इससे पहले केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने भी समारोह को संबोधित किया।

11 से 13 तक बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट

▸▸ पिथौरागढ़, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी और चमोली में आज हो सकती है बारिश

हल्द्वानी, अमृत विचार : उत्तराखंड में एक बार फिर से मौसम करवट ले रहा है। मौसम विभाग ने 11 से 13 मार्च तक प्रदेश में बारिश और ओलावृष्टि को लेकर अलर्ट जारी किया है।

मार्च के पहले पखवाड़े में बारिश और ओलावृष्टि हुई थी। अब फिर से इसी तरह का मौसम बन रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 11 से 13 मार्च तक पहाड़ी जिलों में और 12 से 13 मार्च तक मैदानी इलाकों में बारिश होने की संभावना है। पहाड़ और मैदान दोनों ही जगह कहीं-कहीं ओलावृष्टि हो सकती है। पहाड़ों में सोमवार से ही पिथौरागढ़, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी और चमोली जिलों में बारिश हो सकती है। वहीं, हल्द्वानी में रविवार की शाम से मौसम बदलने लगा था। हल्की हवाएं चलने लगी थीं। हल्द्वानी में चटक धूप निकल रही है तो रात में मौसम ठंडा रह। मौसम विज्ञानी डॉ. आरके सिंह के अनुसार 11 से 13 मार्च के दौरान तापमान में गिरावट आएगी।

पीएम अजय का दायरा बढ़ा, लाभार्थी हुए दूर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ योजना में बदलाव तो हुआ लेकिन स्पष्ट नहीं गाइडलाइन

अमृत विचार : प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्यदुय (पीएम अजय) योजना की गाइडलाइन स्पष्ट न होने के कारण ज्यादातर जिले कार्य के बजाय कागजों में उलझे हैं और लाभार्थी योजना से कोसों दूर है।

पिछले वर्ष उप्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की सभी ऋण संबंधित योजनाओं को पीएम अजय में समायोजित कर दायरा बढ़ाया गया था। पहले निगम एक लाभार्थी को स्वरोजगार के लिए सीधे ऋण देता था। जो नई व्यवस्था में समूह बनाकर बैंकों के माध्यम से देना है। लेकिन, समूह में कितने लोग होंगे, किस आधार पर और कैसे वितरण व कार्य होंगे, इसमें असमंजस है। जिलों पर जो आवेदन आए वह मानकों में फंसे हैं और लाभार्थी चक्कर लगा रहे हैं। उप निदेशक जय राम ने बताया कि योजना के मानक स्पष्ट हैं और सभी जगह काम हो रहे हैं। यदि कहीं समस्या है समाधान कराएंगे।

पहले निगम अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को अपनी योजनाएं लांड्री, ड्राइक्लीनिंग, टेलरिंग शॉप, दुकान निर्माण, आटा-मसाला चक्की आदि स्वतः रोजगार के लिए अनुदान पर ऋण देता था। अब एकीकृत योजना में लाभार्थी समूह बनाकर बड़े-छोटे प्रोजेक्ट के लिए ऋण ले सकते हैं। ऋण व योजनाओं के साथ अनुदान भी बढ़ाया गया है। लेकिन, समूह के लिए लाभार्थी एकजुट नहीं हो पा रहे हैं। कोई अकेले काम करना चाहता तो कोई का व्यापार अलग है।

केंद्र से स्वीकृति पर ही ऋण वितरण

जिलों पर जो भी आवेदन आएंगे वह स्वीकृति के लिए निगम मुख्यालय जाएंगे। इसके बाद शासन की कमेटी स्वीकृत करेगी। जो अंत में केंद्र को भेजेगी। वहां से स्वीकृति मिलने पर ही ऋण वितरण किया जाएगा। यह लंबी प्रक्रिया है। इससे भी लाभार्थी कतरा रहे हैं।

ये कार्य शामिल

कृषि और मृदा संरक्षण, बागवानी, लघु सिंचाई, पशु पालन, मत्स्य पालन, खाद्य प्रसंस्करण, वानिकी, परिस्थितिकी और पर्यावरण, हस्तशिल्प और हथकरघा, उद्योग सेवा और व्यापार सहकारी।

सहारनपुर के विस्तार की कार्ययोजना बनाने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ दिल्ली व अंबाला रोड को व्यावसायिक पोटेंशियल के दृष्टिगत बाजार मार्ग किया घोषित

अमृत विचार: राज्य सरकार ने देवभूमि का प्रवेश द्वार कहे जाने वाले सहारनपुर का महायोजना के तहत विस्तार करने की कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया है। इसमें सहारनपुर में औद्योगिक-व्यावसायिक और आवासीय गतिविधियों के विकास को सुनियोजित ढंग से अमलीजामा पहनाया जाएगा।

विस्तार वर्ष 2031 तक अनुमानित सहारनपुर नगर क्षेत्र की कुल जनसंख्या 11.77 लाख और योजना क्षेत्र की कुल अनुमानित जनसंख्या 13.73 लाख के अनुसार करने की योजना है। महायोजना के तहत निर्माणाधीन चुंहेटी देवला बाईपास के दोनों ओर 500 मीटर तक भू उपयोग, मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय के निर्माण के दृष्टिगत जनता रोड पर मुख्यतः आवासीय भू उपयोग, देहरादून मार्ग पर औद्योगिक विकास के लिए उद्योग भू उपयोग और उद्योग शहर के बाहरी क्षेत्रों में स्थापित होने के अनुकूल भू उपयोग की योजना है। वहीं, दिल्ली रोड एवं अंबाला रोड को व्यावसायिक पोटेंशियल के दृष्टिगत बाजार मार्ग घोषित किया गया है जबकि व्यावसायिक एवं सामुदायिक भू उपयोग को मुख्य मार्गों से संबद्ध किया गया है।

विज्ञान जरूरी जीबी पंत विवि में किसान मेले को पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी ने किया संबोधित, कहा- वैज्ञानिक नई तकनीक करें विकसित

जीआई टैगिंग पर खास ध्यान दें वैज्ञानिक : कोश्यारी

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार: पूर्व सीएम और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने जीबी पंत विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों से अपनी सोच को दूरगामी रखकर नई तकनीकों को विकसित करने को कहा, ताकि किसानों का पलायन रोका जा सके। उन्होंने जीआई टैगिंग के बारे में बताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है जिससे किसानों को उचित मूल्य प्राप्त हो सके। उन्होंने वैज्ञानिकों को ऋषि की संज्ञा देते हुए कहा कि ऋषि अर्थात वैज्ञानिक के बिना कृषि संभव नहीं है।

रविवार को मुख्य अतिथि पूर्व सीएम और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल कोश्यारी ने जीबी पंत विश्वविद्यालय के 115वें अखिल भारतीय किसान मेले एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर कहा कि विश्वविद्यालय से उनका संबंध स्थापना से ही रहा है। देश की आजादी के बाद आधी से ज्यादा आबादी गरीबी रेखा से नीचे थी और मध्यकाल में ऐसा समय भी आया था जिसमें खाने के लिए अमेरिका का पीएल 480 का सड़ा गेहूं उपयोग में लाया जाता था। विश्वविद्यालय की स्थापना के तीन-चार वर्षों बाद वैज्ञानिकों एवं किसानों के अथक प्रयासों से विश्वविद्यालय में एक नई हरित क्रांति का जन्म हुआ जिसने भुखमरी को समाप्त किया।

उन्होंने कहा कि किसान एवं विज्ञान इन दोनों के सहयोग से आज हमारा देश खाद्यान्न के क्षेत्र में आत्मनिर्भर ही नहीं अपितु आज के समय में विभिन्न देशों में भी खाद्यान्न का निर्यात कर रहा है।

जीबी पंत विवि में मेले को संबोधित करते पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी। ● अमृत विचार

आवारा कुत्तों के हमले में बालिका की मौत

अलवर : राजस्थान में अलवर जिले के बानसूर खंड श्यामपुर की ढाणी गांव में आवारा कुत्तों ने एक बालिका पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बानसूर के गांव श्यामपुरा की ढाणी बगावाली में आज एक आठ साल की मोनिका पर कुत्तों ने हमला कर दिया। जिसमें बालिका बुरी तरह से घायल हो गई। बालिका को गंभीर हालात में अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मोनिका के पिता अशोक कुमावत ने बताया कि घटना शाम चार बजे के करीब श्यामपुरा गांव के बगावाली की है। जहां मासूम मोनिका घर से दुकान पर सामान लेने जा रही थी।

एक नजर

लखनऊ से चोरी हुआ ट्रक संभल से बरामद

संभल, अमृत विचार : लखनऊ निवासी सलमान का दो मार्च को लखनऊ से ही ट्रक चोरी हो गया था। ट्रक की लखनऊ में दो दिन तलाश करने के बाद सलमान बाइक पर सवार होकर आसपास के जिलों में ट्रक को ढूंढने लगा। छह दिन में ट्रक की तलाश करते हुए सलमान बाइक से रविवार को संभल आ गया। यहां सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल चंदौसी मार्ग के किनारे खड़े ट्रक को पहचानकर सलमान ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को बरामद कर लिया। जानकारी के मुताबिक ट्रक को संभल के मुहल्ला पंजू सराय एक व्यक्ति चोरी कर ले आया था।

अवैध शस्त्र फैक्ट्री पकड़ी, दो आरोपी गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : मिलकखानम पुलिस ने तमंचे बनाने की फैक्ट्री का खुलासा करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना मिलकखानम पुलिस को सूचना मिली कि पीपली वन में कुछ लोग अवैध शस्त्र फैक्ट्री चला रहे हैं। इसमें धड़ल्ले से अवैध शस्त्र बनाने का कार्य किया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गुलफाम निवासी ग्राम रतनपुरा थाना स्वार, शाजिद उर्फ पधान निवासी ग्राम रतनपुरा को पीपलीवन में बाबा नक्कारे शाह की मजार के पीछे से गिरफ्तार कर लिया। जबकि उनका साथी रणधीर उर्फ धीर सिंह फरार हो गया। पुलिस को मौके से 315 बोर की रायफल, दो कारतूस, 12 बोर की बंदूक, दो कारतूस, तीन अधबने तमंचे, और एक ड्रिल मशीन मिली।

महिला के यौन उत्पीड़न के आरोप में युवक गिरफ्तार

गाजियाबाद : जिले में एक युवक को महिला का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। सहायक पुलिस आयुक्त सलोनी अग्रवाल ने बताया कि एक महिला ने शनिवार रात को शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उसने मुरादाबाद के रहने वाले तालिब हसन पर नाम बदलकर उसका यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था।

तौकीर की पेशी आज, समन ही नहीं दे पाई पुलिस

बरेली, अमृत विचार : आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां को अदालत ने शहर में हुए 2010 के दंगे का मुख्य अभियुक्त करार देने के बाद 11 मार्च को तलब किया था लेकिन पुलिस तौकीर को अदालत का समन ही नहीं दे पाई। पुलिस ने तौकीर के घर पर समन चस्पा करने का दावा किया था लेकिन रविवार देर शाम तक उनके घर समन चस्पा करने नहीं पहुंची। अदालत ने पांच मार्च को दंगे के केस की सुनवाई के दौरान विवेचक इंस्पेक्टर सुभाषचंद्र यादव की गवाही के बाद तौकीर रजा खां को मुख्य अभियुक्त करार दिया था और 11 मार्च को अगली सुनवाई पर अदालत में पेश होने का आदेश सुनाया था।

मोदी न होते पीएम तो बांग्लादेश बन गया होता पं. बंगाल : प्रमोद

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि पिछले दस साल से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री न होते तो वेस्ट बंगाल अब तक बंगलादेश बन गया होता। वेस्ट बंगाल की जनता टीएमसी के अत्याचारों से त्रस्त है।

कल्कि धाम में आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि यह भारत का सौभाग्य है कि पिछले दस साल से नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री हैं। पश्चिम बंगाल की जनता टीएमसी के अत्याचारों से अब इतनी दुखी हो चुकी है की 2024 में प्रचंड मतों से नरेंद्र मोदी की पार्टी बीजेपी का समर्थन होगा ऐसे हालात साफ नजर आ रहे हैं। लगातार नेताओं के कांग्रेस छोड़ने को लेकर आचार्य प्रमोद ने कहा कि राम विरोधियों के साथ कोई रहना नहीं चाहता। राम मंदिर के निमंत्रण को ठुकरा कर कांग्रेस पार्टी ने यह सिद्ध कर दिया है कि वाकई वह राम विरोधी पार्टी है।

कल्कि धाम में डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक का स्वागत करते आचार्य प्रमोद कृष्णम।

अखिलेश को समझनी चाहिए देश की नब्ज : निशंक

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने संभल जनपद में अपने दौरे के दूसरे दिन संभल में कल्कि मंदिर में दर्शन पूजन के साथ ही ऐंचोड़ा कम्बोह कल्कि धाम में भी शिला दर्शन कर आचार्य प्रमोद कृष्णम के साथ चर्चा की। भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल के आवास पर पत्रकार वार्ता में पूर्व डा. निशंक ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा मोदी सरकार की तुलना हिटलर शासनकाल से करने को लेकर पलटवार करते हुए कहा कि अखिलेश यादव अभी यंग हैं उन्हें देश की नब्ज समझनी चाहिए। यूपी में जनता ने उन्हें उखाड़ कर फेंक दिया है, बचे हुए भी खत्म हो जाएंगे।

शीरे के टैंक में गिरने से मजदूर की मौत

कार्यालय संवददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ भाई के साथ ठेके पर काम करता था युवक

अमृत विचार: कोतवाली धौरहरा क्षेत्र की एक क्रेशर में रविवार को काम करते समय एक ठेका मजदूर गर्म शीरे में के टैंक में गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही झुलसकर मौत हो गई। मजदूर जनपद बदायूं के थाना कादरचौक के गांव मुस्करा का रहने वाला था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बदायूं जिले के थाना कादरचौक के गांव मुस्करा निवासी हसीब (20) पुत्र सफाहित अपने गांव के अन्य मजदूरों के साथ कोतवाली धौरहरा क्षेत्र में निघासन-सिसैया मार्ग किनारे स्थिति शिव-पार्वती शुगर मिल (क्रेशर) पर ठेके पर मजदूरी करता था। रविवार की सुबह हसीब अपने एक साथी के साथ गन्ने का रस पीने टैंक तक गया था। बताते हैं कि वहां रस पीने के बाद दोनों ने डिब्बे में रखने के लिए गन्ने का रस भरा। इसके बाद डिब्बे को बांधने के लिए कोई बोरी तलाश करने के लिए हसीब शीरे के टैंक पर चढ़ गया। वहां पैर फिसलने से वह टैंक में गिर गया। साथी हसीब को जब तक साथी बाहर निकलाते इससे पहले ही उसकी मौत हो गई।

विकास के सपनों को मिली उड़ान : जितिन

हवाई अड्डों का लोकार्पण प्रदेश के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार दोपहर को मुरादाबाद हवाई अड्डे का वर्चुअल लोकार्पण किया। स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि आज मुरादाबाद के विकास के सपनों को उड़ान मिल गई। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व व विकासपरक सकारात्मक सोच का परिणाम है। यह मुरादाबाद के लोगों सहित हम सबका सौभाग्य है।

लोक निर्माण विभाग के मंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में मुरादाबाद सहित पांच हवाई अड्डों का लोकार्पण हुआ है। यह प्रदेश के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। उत्तर प्रदेश आज देश का ग्रोथ इंजन बन गया है। 157.65 एकड़ भूमि पर 28.93 करोड़ रुपये की लागत से यह हवाई अड्डा बना है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में प्रतिदिन सौ यात्रियों के आने की सुविधा मिली है। दूसरे चरण में 1600 यात्रियों के आने-जाने की सुविधा मिलेगी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डा. शेफाली सिंह, नगर विधायक रितेश गुप्ता, विधान परिषद सदस्य सतपाल सैनी, गोपाल अंजान, डा. जयपाल सिंह व्यस्त, डॉ. हरी सिंह ढिल्लो, रामपुर के विधायक आकाश सक्सेना आदि मौजूद रहे।

मुरादाबाद हवाई अड्डे का लोकार्पण करते लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद, साथ में नगर विधायक रितेश गुप्ता व अन्य। : अमृत विचार

▸▸ पहले चरण में प्रतिदिन सौ यात्रियों के आने की, दूसरे में 1600 के आने-जाने की मिलेगी सुविधा

ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई कार, तीन की मौत

संवाददाता, संसारपुर (लखीमपुर खीरी)

लखीमपुर खीरी के मैलानी इलाके में रविवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार एक्सयूवी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में पिथौरागढ़ के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर घायल हो गए। ये सभी लोग रामलला के दर्शन करने अयोध्या जा रहे थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराकर एक्सयूवी एक वैगनआर कार से टकरा गई, जिससे उसमें सवार पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी सातों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ निवासी पांच लोग एक्सयूवी कार यूके 05 डी- 5885 से रामलला के दर्शन करने अयोध्या जा रहे थे। मैलानी क्षेत्र में गोला-खुटार हाईवे पर ग्राम नौवाखेड़ा के समीप एक्सयूवी कार ईंटों भरी ट्रैक्टर ट्राली से जा टकराई। इसके बाद अनियंत्रित हुई एक्सयूवी सामने से आ रही वैगनआर से भिड़ गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि एक्सयूवी के परखच्चे उड़ गए और वैगनआर कार खाई में जा गिरी। संसारपुर चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर ने बताया कि पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी गोला पहुंचाया जहां डॉक्टर ने एक्सयूवी सवार जचल सिंह (30), कुंदन सिंह (35) और प्रतीक शर्मा (30) को मृत घोषित कर दिया। नरेंद्र सिंह पुत्र मोहन सिंह (31) व अनिकेत (30) पुत्र दीपक सिंह गंभीर घायल हैं। जबकि वैगनआर सवार सहकारी गन्ना समिति गोला में लिपिक दिलीप सिंह पलिया दवा लेने जा रहे थे। उनके साथ कार में उनकी पत्नी रंजना, बेटा अनुज के अलावा जीआरपी लखीमपुर चौकी प्रभारी शिवम, उनकी पत्नी पूजा सवार थे। ये लोग भी घायल हुए हैं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसे में क्षतिग्रस्त हुई एक्सयूवी कार। : अमृत विचार

▸▸ अयोध्या जा रहे थे पिथौरागढ़ कार सवार तीनों लोग

पुजारी ने जीभ काटकर मंदिर में चढ़ाई

संवाददाता, निघासन

अमृत विचारः थाना निघासन क्षेत्र की झंडी चौकी के तहत प्रसिद्ध मां राजेश्वरी देवी मंदिर गुलरीपुरवा के मुख्य पुजारी ने रविवार को देवी के सामने खड़े होकर पूजा-अर्चना की। बाद में चाकू से अपनी जीभ काटकर देवी के चरणों में अर्पित कर दी। इससे मंदिर परिसर में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे परिजन पुजारी को लेकर सीएचसी आए, जहां से डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

पुजारी के बड़े बेटे शिवम राजपूत ने बताया कि उनके पिता करीब 15 सालों से राजराजेश्वरी देवी मंदिर में मुख्य पुजारी हैं। जब से पिता देवी की सेवा में लगे हैं तभी से अन्न ग्रहण करना छोड़ दिया था। वह फलाहारी रहकर ही देवी की पूजा-अर्चना करते हैं। करीब 15 दिनों से मंदिर में यज्ञ व मातारानी का पूजन चल रहा था। रविवार को नियमित पूजन व हवन होना शुरू हुआ। इतने में ही पिता हवन समापन के बाद अचानक से उठकर मंदिर के अंदर चले गए। भक्ति में लीन होकर जुबान को चाकू से काट दिया। खून से लथपथ होकर मंदिर में ही गिर गए। तभी छोटे भाई दुर्गेश व ग्रामीण पिता को सीएचसी लेकर पहुंचे। जीभ के आगे का हिस्सा अलग हो गया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। सीएचसी प्रभारी डॉ. पीके रावत ने बताया कि जीभ के आगे का हिस्सा पूरी तरह से पूरी अलग है। बोलने में दिक्कत आ रही थी, इसलिए नाजुक हालत देखकर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

राजराजेश्वरी देवी मंदिर में जांच पड़ताल करती पुलिस।

▸▸ राजेश्वरी मंदिर में 15 वर्षों से कर रहा था पूजा-अर्चना

आगरा : भाजपा नेता की सड़क हादसे में मौत

संवाददाता, आगरा

अमृत विचार : भाजपा की आगरा जिला इकाई के नेता की उज्जैन से लौटते समय पार्वती नदी के समीप सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। पार्टी के एक पदाधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

पदाधिकारी के मुताबिक, आगरा के ब्रज क्षेत्र कार्यालय के प्रभारी संजीव भारद्वाज (40), पार्षद विजय वर्मा समेत सात लोग उज्जैन में महाकाल मंदिर के दर्शन कर एक कार से लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह करीब पांच बजे पार्वती नदी के निकट उनकी कार का पिछला टायर फट गया और कार अनियंत्रित होकर पलट गयी, जिसमें कार में बैठे सभी लोग घायल हो गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां संजीव को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया वहीं ब्रज क्षेत्र कार्यालय में कार्यरत मुकुल की हालत गंभीर बनी हुई है। भाजपा के ब्रज क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्गविजय सिंह ने बताया कि मृतक संजीव भारद्वाज के शव को पहले आगरा ब्रजक्षेत्र कार्यालय से बरेली ले जाया जायेगा।

▸▸ ब्रज क्षेत्र कार्यालय प्रभारी थे संजीव भारद्वाज

सभ्य समाज के लिए शिक्षा जरूरी : फिरंगी महली

जौनपुर, एजेंसी

ऐशबाग ईदगाह लखनऊ के इमाम व मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड के सदस्य मौलाना ख़ालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा कि तालीम के गुणवत्ता के साथ ही नौनिहालों की तरबियत भी जरूरी है। सभ्य समाज का निर्माण तालीम के ही बदौलत हो सकता है।

संविधान और मज़हब किसी भी भाषा को सीखने से नही रोकता है। समाज में बदलाव के लिए शिक्षण संस्थानों का खोला जाना आवश्यक है। महली रविवार को गोरारी खेतासराय स्तिथ आसमा ग्रुप कालेज में वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि के रूप के संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मायूसी से किसी भी समस्या का निदान नही होता है, अशिक्षाए सभी कौमों में है, बच्चों में कम्पटीशन का माहौल उतपन्न करना चाहिए जिससे वह देश की सेवा में अपना अहम योगदान दे सकें। हालांकि फिरंगी महली अपने बीस मिनट के उद्बोधन में एसआईटी के रिपोर्ट पर 13 हज़ार बंद होने जा रहे मदरसे पर कुछ भी बोलने से परहेज़ किया।

विशिष्ट अतिथि विधायक नफ़ीस अहमद ने शिक्षा पर बल देते हए कहा कि समाज मे फैली कुरुतियों को शिक्षा ही बंदिश लगा सकती है। समारोह को पूर्व मंत्री मुईद अहमद, केजीएमयू लखनऊ के प्रोफ़ेसर कौशर उस्मान, आरएलडी नेता वसीम अहमद, वरिष्ठ पत्रकार अशफ़ाक अहमद ने भी सम्बोधित किया। इससे पूर्व छात्रों ने कई संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुति कर सभी को मन्त्र मुग्ध कर दिया। अध्यक्षता मौलाना वहीद क़ासमी ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से मौलाना सुफ़ियान निज़ामी, हम्माम वहीद, अरशद आज़मी, तौक़ीर सिद्दीकी, आदिल प्रधान, अदनान खान, इरफ़ान अहमद पूर्व प्रधानाचार्य, डॉ वकील, बेलाल जावेद समेत अन्य लोग शामिल रहे।

▸▸ संविधान और मज़हब किसी भी भाषा को सीखने से नहीं रोकता

नोएडा में दमाद ने ससुर की हत्या की

नोएडा : एक व्यक्ति को अपने ससुर की कथित तौर पर हत्या के लिए गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, बिसरख थाना क्षेत्र के ऋषिपाल गढ़ी गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने ससुर की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने प्रेम विवाह किया था, जिसको लेकर उसका अपने ससुर से विवाद रहता था। घटना रविवार रात उस समय की है, जब दामाद और ससुर दोनों शराब पी रहे थे, इसी बीच विवाद होने पर आरोपी ने अपने ससुर की हत्या कर दी। पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) ह्रदेश कठेरिया ने बताया कि मृतक की पहचान 65 वर्षीय पूरन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी दामाद नीतू को गिरफ्तार कर लिया है।

वर्ग पहेली-6

बाएं से दाएं

2. (संगीत) मध्य रात्रि में गाई जाने वाली षाड़व जाति की एक रागिनी।
3. 1. रोब, डींग, झूठी शान, अकड़ 2. घमंड, अभिमान।
4. 1. तंत्र-मंत्र या जादुई तरकीबों द्वारा किया जाने वाला कोई काम, जादू करने की कला 2. (अंधविश्वास) टोटका, झाड़-फूंक।
6. 1. देहरहित 2. आकृतिविहीन।
7. 1. तेज़ होने का भाव, गतिशीलता 2. उग्रता, प्रबलता, तीव्रता 3. प्रखरता, तीक्ष्णता, पैनापन 4. शीघ्रता, जल्दी 5. दक्षता, होशियारी 6. अधिक चंचलता या चपलता 7. चलन से अधिक भाव हो जाना, महंगाई, 'मंदी' का विलोम 8. उत्साह; जोश।
8. 1. काजल रखने का डंडीदार लोहे का पात्र 2. गोदने की स्याही रखने का पात्र।

ऊपर से नीचे

1. 1. अनंत 2. पूरा, समूचा, मुकम्मल 3. अपार 4. असंख्य।
2. हर हाल में।
5. 1. किसी पंजी या तालिका आदि में नाम लिखा जाना, (एनरोलमेंट) 2. किसी पंजी या तालिका आदि में नाम लिखने के लिए शुल्क के रूप में लिया जाने वाला धन।
6. 1. आवश्यकता से अधिक होने की अवस्था।



वर्ग पहेली -5 का हल

1 बु	2 स	ना	■	■	3 फ़
■	ह	■	4 सू	बे	दा	री
■	जा	■	बे	■	■	द
■	ति	■	दा	■	5 हि
6 इ	क	रा	र	ना	मा
षु	■	■	■	■	ल
■	■	7 अ	वि	धे	य

सुडोकू -85

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	5		3		4			6
		8		6			3	
			2		1		9	
7		3		9		5		
	9							
		6		2		9		8
	4		5		8			
	7			3		2		
9			7		2		8	

सुडोकू -84 का हल

3	9	1	7	4	5	6	2	8
6	8	4	2	3	1	9	5	7
2	5	7	8	6	9	4	3	1
1	7	3	6	8	2	5	4	9
8	4	5	3	9	7	2	1	6
9	2	6	1	5	4	8	7	3
5	3	9	4	7	6	1	8	2
4	1	8	9	2	3	7	6	5
7	6	2	5	1	8	3	9	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 मार्च, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 10.44 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 23.02 तक तत्पश्चात रेवती।

मेष — आज आर्थिक स्थिति बेहतर होने की संभावना है। यदि आपके बच्चे कॉलेज में पढ़ रहे हैं तो उनको लेकर तनाव हो सकता है। घर के सभी सदस्यों के साथ इसको लेकर चर्चा होगी। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

वृष — आज कारोबार में बड़ी डील हो सकती है। सावधानी के साथ धन का इस्तेमाल करने की आवश्यकता है अन्यथा बड़ा नुकसान होने की प्रबल संभावना है। यदि पैसों को कहीं निवेश किया हुआ है तो वहां से नुकसान झेलना पड़ेगा।

मिथुन — आज दोस्तों से आर्थिक सहायता मिलने की उम्मीद है। पूरा दिन जोश से भरा हुआ होगा तथा जो काम कुछ दिनों से करने का सोच रहे थे वह कर देंगे। ऑफिस में कनिष्ठों का सहयोग प्राप्त होगा। माता के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

कर्क — आज किसी के साथ अनबन होने की संभावना है। ऐसे में पहले से ही किसी प्रकार के वाद-विवाद में पड़ने से बचें। शेयर मार्केट में निवेश करने से बचें। जीनवसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। परिवार में शांति का माहौल रहेगा।

सिंह — आज कुछ बातें अपने दोस्तों के साथ साझा करना चाहेंगे। इसके लिए व्यवहार में परिवर्तन लाने की आवश्यकता है अन्यथा बातों को सही तरीके से समझा नहीं पाएंगे। पुराना डूबा हुआ धन मिलने की प्रबल संभावना है।

कन्या — आज का दिन चुनौतीपूर्ण रहने वाला है तथा कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में पराक्रम में वृद्धि देखने को मिलेगी। घर में सुख-शांति से रहेगी। अविवाहितों का विवाह तय हो सकता है।

तुला — आज व्यवहार में चिड़चिड़ापन देखने को मिलेगा। किसी के साथ कहासुनी भी हो सकती है। ऐसे में यदि आपने गुस्से को नियंत्रण में नहीं रखा तो बात बढ़ भी सकती है। धैर्य का परिचय देंगे तो बेहतर रहेगा।

वृश्चिक — आज आप अपने घर में परिवर्तन संबंधी कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं या फिर कोई नया घर लेने का विचार भी किया जा सकता है। इसको लेकर सभी के बीच गहन चर्चा भी संभव है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

धनु — आज भाग्य आपके साथ हैं। बिगड़े हुए काम भी आसानी से बन जाएंगे। पैसा कहीं अटका हुआ है तो वह भी मिल जाएगा। पुरानी स्मृतियों को सोच मन कुछ व्यथित हो सकता है। एलर्जी की समस्या हो सकती है।

मकर — आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। कुछ बातों को लेकर खुशी मिलेगी तो कुछ में असफलता भी हाथ लग सकती है। ऐसे में बुद्धिमता से काम लेंगे तो बेहतर रहेगा। अपनी जिम्मेदारियों को आप पूरी निष्ठा से निभाएंगे।

कुंभ — आज कई ऐसे अवसर आएंगे जब आपको स्वयं को परखने की आवश्यकता पड़ेगी। इससे मन खट्टा तो होगा, लेकिन मनोबल में वृद्धि देखने को मिलेगी। घर के लोगों का पूरा साथ मिलेगा। संबंधों में नई ताजगी महसूस करेंगे।

मीन — आज मानसिक रूप से दबाव का अनुभव करेंगे तथा काम में मन नहीं लगा पाएंगे। आपको लेकर घर वाले परेशान रह सकते हैं। किसी बात को लेकर ठोस निर्णय ले सकते हैं। भावनाओं के बजाय समझदारी से काम करें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
मजाल — सुबह : 10.49
आज का रावण — रात : 07.10

SONY PIX
स्पाइडर-मैन : होमकमिंग — सुबह : 11.16
सिसु — रात : 07.40

SONY SMAX
1942 : ए लव स्टोरी — सुबह : 10.17
रॉकी हैंडसम — रात : 10.07

ZEE CINEMA
सत्याग्रह — सुबह : 10.30
लॉस्ट — शाम : 04.30

colors CINEPLEX
सनम बेवफा — सुबह : 11.50
अग्निपथ — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात 10.07 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पप्पू - इतना परेशान क्यों है?
गप्पू - अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े-बड़े टेडी बियर गिफ्ट किए थे।
पप्पू - तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
गप्पू - उसकी मम्मी ने दोनों की रुई निकलवाकर दो तकिए भरवा लिए।

भिखारी- कुछ दे दो साहब, लाचार हूं।
सिंटू- हट्टे-कट्टे तो दिख रहे हो। लाचार किस चीज से हो?
भिखारी- अपनी आदत से।

एक नजर

गो फर्स्ट समाधान पेशेवर को कारण बताओ नोटिस जारी

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने वित्तीय संकट से जूझ रही 'गो फर्स्ट' विमानन कंपनी के समाधान पेशेवर (आरपी) को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा है कि पट्टेदारों (किराए पर विमान मुहैया कराने वालों) के विमानों के निरीक्षण और रखरखाव की अनुमति देने संबंधी न्यायिक आदेशों की प्रथम दृष्टया जानबूझकर अवहेलना करने के लिए उसके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही क्यों नहीं शुरू की जानी चाहिए। उच्च न्यायालय ने कहा कि अदालत के आदेशों को लागू करने की मांग करने वाले पट्टेदार द्वारा अवमानना कार्यवाही का अनुरोध किए जाने के बाद आरपी 12 अक्टूबर, 2023 के फैसले के कार्यान्वयन में कठिनाइयों की दलील नहीं दे सकता।

ट्रेन में गोलीबारी करने में दो सिपाही बर्खास्त

मुंबई। पिछले साल जुलाई में मुंबई-जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन में चेतन सिंह चौधरी द्वारा कथित तौर पर की गई गोलीबारी के मामले में राजकीय रेलवे पुलिस (आरपीएफ) के दो सिपाहियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। चौधरी पर आरोप है कि उसने पिछले साल 31 जुलाई को ट्रेन मुंबई के पास पालघर में थी तब अपने वरिष्ठ अधिकारी एएसआई टीकाराम मीणा और तीन अन्य यात्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

चुनावी बॉण्ड मामला: आज सुनवाई करेगी कोर्ट

एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने संबंधी याचिका पर भी होगी सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए समय-सीमा 30 जून तक बढ़ाने का अनुरोध किया गया है।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ एक अलग याचिका पर भी सुनवाई करेगी, जिसमें एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया है। इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि एसबीआई ने चुनावी बॉण्ड के जरिये राजनीतिक दलों को मिले चंदे का विवरण निर्वाचन आयोग को छह मार्च तक सौंपे जाने संबंधी शीर्ष अदालत के निर्देश की ''जानबूझकर'' अवज्ञा की। सोमवार के लिए निर्धारित शीर्ष अदालत की मामलों की सूची के अनुसार, पीठ इन दोनों याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सुबह साढ़े 10 बजे बैठेगी। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय ने गत 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसले में, चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था और इसे असंवैधानिक करार देते हुए निर्वाचन आयोग को चंदा देने वालों, चंदे के रूप में दी गई राशि और प्राप्तकर्ताओं का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था। योजना को तुरंत बंद करने का आदेश देते हुए, अदालत ने योजना के तहत अधिकृत बैंक एसबीआई को 12 अप्रैल 2019 से खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का विवरण 6 मार्च तक निर्वाचन आयोग को सौंपने का निर्देश दिया था।

अपनी गरिमा की रक्षा करना उच्चतम न्यायालय की जिम्मेदारी: कपिल सिब्बल



राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने चुनावी बॉण्ड विवरण का खुलासा करने की अवधि बढ़ाने का अनुरोध करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा बताए गए कारणों को बचकाना करार देते हुए रविवार को कहा कि अपनी गरिमा की रक्षा करना उच्चतम न्यायालय की जिम्मेदारी है और जब संविधान पीठ फैसला सुना चुकी है तो एसबीआई की याचिका को स्वीकार करना ''आसान नहीं होगा''। चुनावी बॉण्ड योजना के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में मामले में याचिकाकर्ताओं के लिए दलीलें सिब्बल के नेतृत्व में पेश की गईं। उन्होंने कहा कि एसबीआई का दावा है कि डेटा को सार्वजनिक करने में कई सप्ताह लगेंगे, जिससे ऐसा लगता है कि कोई किसी को बचाना चाहता है।

अदालत ने शाहजहां शेख की सीबीआई हिरासत 4 दिन बढ़ाई

बशीरहाट(पश्चिम बंगाल)। यहां की एक अदालत ने संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर भीड़ के हमले के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख की सीबीआई हिरासत रविवार को और 4 दिनों के लिए बढ़ा दी। अदालत ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अनुरोध पर यह आदेश जारी किया।

कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक आदेश पर मामले की जांच सीबीआई को हस्तांतरित किये जाने के साथ छह मार्च को उसे शेख की हिरासत सौंपी गई थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर उस वक्त हमला किया गया था, जब वे शेख के संदेशखालि स्थित परिसर में छापा मारने पहुंचे थे। शेख को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से अब निलंबित कर दिया गया है।

क्या गोयल ने सीईसी या मोदी सरकार से मतभेदों के कारण इस्तीफा दिया

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने किया सवाल

कांग्रेस ने अरुण गोयल के निर्वाचन आयुक्त पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद रविवार को पूछा कि क्या उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) या नरेंद्र मोदी सरकार के साथ किसी मतभेद के कारण यह कदम उठाया है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पूछा कि क्या गोयल ने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दिया है, जैसा कि उन्होंने अपने त्याग पत्र में इसका उल्लेख किया है या कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय की तरह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए इस्तीफा दिया है। रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा-कल शाम अरुण गोयल का निर्वाचन आयुक्त पद से इस्तीफा तीन सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा-क्या उन्होंने वास्तव में मुख्य निर्वाचन आयुक्त या मोदी सरकार के साथ मतभेदों के कारण इस्तीफा दिया। या फिर उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दिया? या उन्होंने, कुछ दिन पहले कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की तरह, भाजपा के टिकट पर आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए इस्तीफा दिया है।

संविधान में संशोधन के लिए भाजपा को दो-तिहाई बहुमत दिलाना जरूरी : हेगड़े

करवार (कर्नाटक)। भाजपा सांसद अनंत कुमार हेगड़े ने रविवार को कहा कि प्रस्तावना से 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द को हटाने के लिये भाजपा संविधान में संशोधन करेगी। उन्होंने लोगों से लोकसभा में भाजपा को दो-तिहाई बहुमत देने का आह्वान किया, ताकि देश के संविधान में संशोधन किया जा सके। हेगड़े ने छह साल पहले भी इसी तरह का बयान दिया था। हेगड़े ने कहा कि भाजपा को संविधान में संशोधन करने के लिए और ''कांग्रेस द्वारा इसमें जोड़ी गईं अनावश्यक चीजों को हटाने के लिए'' संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होगी।

कांग्रेस के पूर्व मंत्रियों सहित 1370 नेता भाजपा में शामिल

जयपुर, एजेंसी

आगामी लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की राजस्थान इकाई को करारा झटका देते हुए राज्य की पूर्व सरकार में मंत्री रहे राजेंद्र यादव और लाल चंद कटारिया सहित 1370 नेताओं ने रविवार को भाजपा का दामन थाम लिया।

कांग्रेस के पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा, विजयपाल मिर्धा, खिलाड़ी लाल बैरवा, पूर्व निर्दलीय विधायक और गुजरात की पूर्व राज्यपाल कमला बेनीवाल के बेटे आलोक बेनीवाल, कांग्रेस सेवा दल के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुरेश चौधरी, पार्टी नेता रामपाल शर्मा, रिजु झुनझुनवाला और अन्य नेता भी भाजपा में शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पार्टी छोड़ने वाले इन नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि जो नेता कांग्रेस छोड़कर जा रहे हैं उन्हें पार्टी ने पहचान दी, केन्द्रीय मंत्री, राज्य सरकार में मंत्री बनाया, बड़े पदों पर बैठाया लेकिन वे मुश्किल वक्त में पार्टी छोड़कर भाग रहे हैं।

राजस्थान में कांग्रेस को लगा बड़ा झटका

तेलंगाना में बीआरएस के चार और कांग्रेस का एक नेता भाजपा में शामिल

नई दिल्ली। तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के दो पूर्व सांसद समेत चार नेता और कांग्रेस के एक नेता रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। केंद्र में सत्तारूढ़ दल दक्षिणी राज्य में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश में है। भाजपा में शामिल होने वालों में बीआरएस के पूर्व सांसद जी. नरेश, सीताराम तथा पार्टी के पूर्व विधायक एस. रेड्डी और जलगाम वेंकट राव और कांग्रेस नेता श्रीनिवास गोमसे शामिल हैं। इन नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की। भाजपा नेता और पार्टी संसदीय बोर्ड के सदस्य के. लक्ष्मण ने पार्टी में उनका स्वागत किया।

विदेश मंत्री एस जयशंकर नई दिल्ली के पुराना किला में विकसित भारत के दृष्टिकोण से संचालित कलाकृतियों की एक श्रृंखला बनाने के लिए आयोजित एक दिवसीय शिविर के दौरान कलाकार द्वारा बनाई गई पेंटिंग को देखते हुए। ● एजेंसी

राहुल ने गुजरात में यात्रा के अंतिम दिन सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि

तापी (गुजरात)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के गुजरात चरण के अंतिम दिन रविवार को सूरत में स्वराज आश्रम का दौरा किया और सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने यहां पत्रकारों को बताया कि चार दिन में गुजरात के सात जिलों से गुजरने के बाद यह यात्रा राज्य में समाप्त हो गयी है और यह एक दिन के विराम के बाद मंगलवार को महाराष्ट्र नंदुरबार जिले से फिर से शुरू होगी। राहुल ने सूरत जिले के बारदोली में स्वराज आश्रम का दौरा किया और सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी। रमेश ने कहा-कुछ मिनटों के लिए वह स्वराज निवास में गए जिसे 1922 में सरदार वल्लभभाई पटेल ने बनवाया था।

कांग्रेस के बागी नेता के पिता और निर्दलीय विधायक के खिलाफ मामला दर्ज

हिमाचल प्रदेश का अयोग्यता मामला

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश पुलिस ने हाल के राज्यसभा चुनावों से संबंधित ''चुनावी अपराधों'' और रिश्वत के लिए एक निर्दलीय विधायक और कांग्रेस के बागी नेता के पिता और अन्य के खिलाफ रविवार को मामला दर्ज किया।

राज्यसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस के छह विधायकों ने भाजपा के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान किया था। हमीरपुर के निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा और गगरेट के अब अयोग्य करार दिए जा चुके विधायक चैतन्य शर्मा के पिता और अन्य के खिलाफ मामला कांग्रेस विधायकों संजय अवस्थी और भुवनेश्वर गौड़ की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है। आशीष और चैतन्य उन नौ विधायकों में शामिल हैं, जिन्होंने हाल में हुए राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन के पक्ष में मतदान किया था। इन विधायकों में कांग्रेस के छह बागी और तीन निर्दलीय शामिल थे। चैतन्य के पिता सेवानिवृत्त नौकरशाह की कथित भूमिका अभी तक ज्ञात नहीं है।

6 विधायकों की याचिका पर कल होगी सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय मंगलवार को हिमाचल प्रदेश विधानसभा के लिए 'अयोग्य' ठहराने के फैसले के खिलाफ दायर छह बागी कांग्रेस विधायकों की याचिका पर सुनवाई करने वाला है। इन विधायकों ने हिमाचल प्रदेश में हाल के राज्यसभा चुनाव में 'क्रॉस वोटिंग' करते हुए भाजपा के उम्मीदवार को वोट दिया था। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने पार्टी व्हिप की 'अवहेलना' करने के लिए कांग्रेस की याचिका पर छह विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। पार्टी व्हिप के मुताबिक उन्हें सदन में उपस्थित रहने और बजट के लिए मतदान करने की आवश्यकता थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ विधानसभा अध्यक्ष के 29 फरवरी के फैसले के खिलाफ याचिका पर 12 मार्च को सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत के समक्ष अपनी याचिका में बागी विधायकों ने पठानिया के साथ-साथ राज्य के संसदीय कार्य मंत्री हर्ष वर्धन चौहान को भी पक्षकार बनाया है।

मध्य प्रदेश में गैस टैंकर के गड्ढे में गिरने से लगी आग, दो लोगों की मौत

रायसेन (मप्र)। रायसेन जिले में रविवार को एक गैस टैंकर के गड्ढे में गिरने से वाहन में आग लग गई। इस घटना में टैंकर के चालक और खलासी की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे सुल्तानपुर पुलिस थानाक्षेत्र अंतर्गत भोपाल-जबलपुर राजमार्ग पर हुई। थाना प्रभारी रजत सराठे ने कहा कि एलपीजी ले जा रहे टैंकर के चालक ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन गड्ढे में गिर गया। उन्होंने बताया कि इससे टैंकर में आग लग गई, जिसकी चपेट में आकर चालक और खलासी की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि आग आसपास की कुछ झोपड़ियों तक फैल गई, जिससे चार से पांच मवेशियों की मौत हो गई।

कारोबार/कृषि

एक नजर

विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर बढ़कर 625.6 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण में बढोतरी होने से 01 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6 .6 अरब डॉलर बढ़कर लगातार दूसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 625 .6 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2 .97 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 619 .07 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 01 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6 .04 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 554 .2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 56 .9 करोड़ डॉलर बढ़कर 48 .42 अरब डॉलर हो गया।

इंडियन बैंक के नए कार्यकारी निदेशक बने ब्रजेश कुमार सिंह

चेन्नई। केंद्र सरकार ने ब्रजेश कुमार सिंह को सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है। बैंक ने रविवार को यह जानकारी दी। सिंह इससे पहले बैंक ऑफ बड़ौदा में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) के तौर पर सेवाएं दे रहे थे। इंडियन बैंक ने रविवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा गया कि केंद्र सरकार ने नौ मार्च, 2024 की अधिसूचना संख्या 4/1(8) के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य महाप्रबंधक ब्रजेश कुमार सिंह को तीन साल के लिए इंडियन बैंक का कार्यकारी निदेशक बनाया है।" इलाहाबाद कृषि संस्थान से कृषि स्नातक सिंह के पास बैंकिंग क्षेत्र में 28 वर्ष से अधिक का अनुभव है।

अगले 15 साल में मिलेगा 100 अरब डॉलर का निवेश

भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए ने मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए ने निवेश और वस्तुओं एवं सेवाओं के दोतरफा व्यापार को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। एफटीए के तहत ईएफटीए ने अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एफटीए पर हस्ताक्षर को 'ऐतिहासिक पल' करार देते हुए कहा कि यह भारत का ऐसे समूह के साथ पहला आधुनिक व्यापार करार है, जिसमें विकसित देश शामिल हैं। उन्होंने कहा कि किसी व्यापार करार में यह पहला मौका है, जब ईएफटीए ने अगले 15 साल में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य देशों में आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं।

समझौते में 14 अध्याय हैं। इनमें माल में व्यापार, उत्पत्ति के नियम, बौद्धिक संपदा अधिकार, सेवाओं में व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, सरकारी खरीद, व्यापार में तकनीकी बाधाएं और व्यापार सुविधा शामिल है।

ईएफटीए सदस्यों की ओर से संघीय काउंसलर गाई पार्मेलिन ने कहा-एफटीए देशों को वृद्धि के एक प्रमुख बाजार तक पहुंच मिली है। हमारी कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक जुझारू बनाते हुए उनमें विविधता लाने का प्रयास करेंगी। इसके एवज में भारत को ईएफटीए से अधिक विदेशी निवेश मिलेगा। इससे अंततः अच्छी नौकरियों में वृद्धि होगी... कुल मिलाकर टीईपीए से हमें अपनी आर्थिक क्षमता का बेहतर इस्तेमाल करने और अतिरिक्त अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी।

करार निष्पक्ष व्यापार के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र ने रविवार को भारत-ईएफटीए व्यापार समझौते को एक ऐतिहासिक पल बताते हुए कहा कि यह एक मुक्त, निष्पक्ष और समानता वाले व्यापार के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल व्यापार, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं तथा फार्मा जैसे क्षेत्रों में नवोन्मेषण को लेकर ईएफटीए देशों की वैश्विक स्तर पर अग्रणी स्थिति से सहयोग के नए द्वार खुलेंगे। मोदी ने एक लिखित संदेश में कहा कि भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर करने में शामिल वार्ताकारों और हस्ताक्षरकर्ताओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

समझौते से भारतीय बाजार में सस्ती होंगी स्विस घड़ियां, चॉकलेट

भारत ईएफटीए ब्लॉक के साथ अपने व्यापार समझौते के तहत कलाई घड़ियों, चॉकलेट, बिस्किट और दीवार घड़ियों जैसे उच्च गुणवत्ता वाले स्विस उत्पादों पर क्रमिक रूप से सीमा शुल्क को समाप्त कर देगा। इससे घरेलू ग्राहकों को कम कीमत पर इन उत्पादों तक पहुंच मिलेगी। भारत और चार-यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए ने आपसी व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। विभिन्न देशों में इस समझौते को मंजूरी देने की विस्तृत प्रक्रिया के कारण इसे लागू होने में एक साल तक का समय लगेगा।

भारत अपनी नीतियों को टेस्ला के हिसाब से नहीं बनाएगा: गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

- वाणिज्य मंत्री बोले-सभी वैश्विक ईवी कंपनियों का स्वागत

भारत अपनी नीतियों को अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी टेस्ला के हिसाब से नहीं बनाएगा। देश के कानून और शुल्क संबंधी नियम सभी इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं को आकर्षित करने के लिए तैयार किए जाएंगे। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह बात कही है।

टेस्ला भारत में आने से पहले एक शुरुआती शुल्क रियायत मांग रही है। इससे उसे 40,000 अमेरिकी डॉलर से कम कीमत वाली कारों के लिए 70 प्रतिशत सीमा शुल्क और अधिक मूल्य की कारों के लिए 100 प्रतिशत सीमा शुल्क की 'भरपाई' करने में मदद मिलेगी। गोयल ने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि सरकार एक मजबूत ईवी पारिस्थितिकी तंत्र की जरूरत को समझती है, क्योंकि बैटरी से चलने वाले वाहनों के अधिक उपयोग से कार्बन उत्सर्जन के साथ-साथ कच्चे तेल के आयात बिल में भी कटौती होगी। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि इसके लिए सरकार ऐसी नीतियां नहीं बनाएगी, जो किसी एक कंपनी के लिए फायदेमंद हों, बल्कि ऐसी नीतियां तैयार की जाएंगी, जो दुनिया के सभी इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं को भारत में आने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई पहल पर काम जारी है।

कोयला नीलामी के नौवें दौर के नतीजे दो सप्ताह के भीतर

नई दिल्ली। कोयला मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि कोयला नीलामी के नौवें दौर के नतीजे दो सप्ताह के भीतर घोषित होने की संभावना है। वाणिज्यिक कोयला खान नीलामी का ताजा दौर कोयला मंत्रालय के नामांकित प्राधिकारी द्वारा 20 दिसंबर, 2023 को शुरू किया गया था। नौवें दौर में 32 कोयला खदानों को नीलामी पर रखा गया। अधिकारी ने कहा-नौवें चरण के नतीजे घोषित होने में अभी दो हफ्ते और लगेंगे। इसके अंदर ही इसकी घोषणा कर दी जाएगी। आधिकारिक सूचना के अनुसार, ऑफलाइन रूप में कुल 40 बोलियां प्राप्त हुई हैं।

शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 71,301 करोड़ रुपये बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 71,301.34 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई।

कम कारोबारी सत्रों के सप्ताह के दौरान सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही। पिछले सप्ताह रिकॉर्ड बनाने के सिलसिले के बीच बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 374.04 अंक या 0.50 प्रतिशत चढ़ गया। शुक्रवार को 'महाशिवरात्रि' के अवसर पर शेयर बाजार बंद थे। सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 74,119.39 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। उसी दिन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 22,493.55 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत घट गई।

एफपीआई ने मार्च में 6,100 करोड़ रुपये का किया निवेश

नई दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (मार्च में) अबतक भारतीय शेयर बाजारों में 6,139 करोड़ रुपये डाले हैं। मजबूत आर्थिक वृद्धि, बाजार की मजबूती तथा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट के चलते एफपीआई के बीच भारतीय शेयरों का आकर्षण बना हुआ है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले फरवरी में उन्होंने शेयरों में 1,539 करोड़ रुपये डाले थे। वहीं जनवरी में उन्होंने 25,743 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। वहीं चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत पर रही है।

मोबाइल विनिर्माण 10 साल में 21 गुना हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईसीईए के मुताबिक, बढ़कर 4.1 लाख करोड़ रुपये हुआ

भारत में मोबाइल फोन विनिर्माण मूल्य के लिहाज से पिछले 10 साल में 21 गुना होकर 4.1 लाख करोड़ रुपये हो गया है। उद्योग निकाय आईसीईए ने बयान में कहा कि सरकार के पीएलआई जैसे नीतिगत उपायों ने स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) ने कहा कि भारत अब अपनी कुल मोबाइल फोन मांग का 97 प्रतिशत स्थानीय स्तर पर उत्पादित करता है और चालू वित्त वर्ष (2023-24) में कुल उत्पादन का 30 प्रतिशत निर्यात के लिए है। आईसीईए ने कहा-मोबाइल फोन का उत्पादन 2014-15 के 18,900 करोड़ रुपये से बढ़कर चालू वित्त वर्ष में अनुमानित 4,10,000 करोड़ रुपये हो गया, जो 2,000 प्रतिशत की वृद्धि है। वित्त वर्ष 2014-15 में भारत से मोबाइल फोन का निर्यात महज 1,556 करोड़ रुपये था। उद्योग को वित्त वर्ष 2023-24 के अंत तक 1,20,000 करोड़ रुपये के अनुमानित निर्यात की उम्मीद है। इसका मतलब होगा कि एक दशक में निर्यात में 7,500 प्रतिशत की वृद्धि होगी। विनिर्माण पर एक नोट के अनुसार, स्मार्टफोन के क्षेत्र में एप्पल और सैमसंग ने देश से मोबाइल फोन निर्यात को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत निर्मित उपकरणों को बड़ी मात्रा में ब्रिटेन, नीदरलैंड, ऑस्ट्रिया और इटली अमेरिकी बाजारों में निर्यात किया जा रहा है।

खेल डायरी

डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए एक्लेस्टोन, नवगिरे पर लगा जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी। यूपी वारियर्स की सोफी एक्लेस्टोन और किरण नवगिरे पर यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए रविवार को मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। दोनों पर शुक्रवार को हुए मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया गया। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के बयान के अनुसार, सोफी और किरण दोनों ने अनुच्छेद 2.2 के अंतर्गत लेवल एक का उल्लंघन स्वीकार कर लिया है जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, मैदानी उपकरण के दुरुपयोग से संबंधित है। इसके अनुसार, आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का फैसला अंतिम और मान्य होता है।

एनसीएए चैंपियनशिप में सातवें स्थान पर परवेज

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता भारतीय एथलीट परवेज खान बोस्टन में अमेरिका की एनसीएए चैंपियनशिप में एक मील ट्रैक स्पर्धा के फाइनल में सातवें स्थान पर रहे। परवेज एनसीएए चैंपियनशिप की ट्रैक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। फाइनल में उन्होंने 4 मिनट 03.05 सेकेंड का समय लिया और उन्हें सातवें स्थान पर रहकर संतोष करना पड़ा। इस एथलीट ने इससे पहले प्रारंभिक दौड़ में 3 मिनट 57.126 सेकेंड में तीसरा स्थान पाया था। परवेज इस प्रतियोगिता में फ्लोरिडा विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। हरियाणा के परवेज ने 2022 के राष्ट्रीय खेलों में 1500 मीटर में स्वर्ण जीता था।

नीरज चोपड़ा ने किया प्रतिभा पहचान कार्यक्रम का समर्थन

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने सरकार के राष्ट्रीय स्तर के खेल विकास कार्यक्रम कीर्ति का समर्थन करते हुए कहा कि इसमें देश के शैक्षणिक तंत्र में बड़े बदलाव लाने की क्षमता है। खेल मंत्रालय ने स्कूली बच्चों को ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर के प्रतिभा पहचान कार्यक्रम कीर्ति को शुरू किया है। इसके तहत प्रतिभा की पहचान करके उनके कौशल को निखारा जाएगा। साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) मीडिया के वीडियो में चोपड़ा ने कहा कि हमें 13-14 आयु वर्ग के बच्चों को यह बताना होगा कि उन्हें खेल और शिक्षा दोनों पर ध्यान देने की जरूरत है। अगर स्कूल भी उनका समर्थन करके चीजों को संतुलित कर सकते हैं, तो यह बहुत अच्छा होगा।

सात्विक और चिराग की जोड़ी ने फ्रेंच ओपन का युगल खिताब किया अपने नाम

पेरिस, एजेंसी। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने रविवार को यहां फ्रेंच ओपन में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चीनी ताइपे के ली झे-ह्यूई और यांग पो-हुआन की जोड़ी पर सीधे गेम में जीत के साथ दूसरी बार फ्रेंच ओपन बैडमिंटन पुरुष युगल का खिताब जीता। दुनिया की नंबर एक भारतीय जोड़ी ने इससे पहले 2022 में इस खिताब को जीता था। यह जोड़ी 2019 में फ्रेंच ओपन में उपविजेता थी। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग ने ली और यांग को 37 मिनट तक चले मुकाबले में 21-11, 21-17 से हराकर सत्र का पहला खिताब जीता। भारतीय जोड़ी इस साल मलेशिया सुपर 1000, इंडिया सुपर 750 में दूसरे स्थान पर रही थी जबकि पिछले साल चाइना मास्टर्स सुपर 750 में भी उपविजेता रही थी।

टेस्ट रैंकिंग में भारत नंबर 1, तीनों प्रारूप में शीर्ष पर

भारत ने 5 मैच की श्रृंखला 4-1 से जीतकर आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की जगह शीर्ष स्थान किया हासिल

दुबई, एजेंसी

भारत ने धर्मशाला में इंग्लैंड को करारी शिकस्त देकर 5 मैच की श्रृंखला 4-1 से जीतकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया की जगह शीर्ष स्थान पर अब भारत है। इस तरह से भारतीय टीम खेल के तीनों प्रारूप की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज हो गई है। भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में पहले ही शीर्ष पर है।

न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच क्राइस्टचर्च में चल रहे दूसरे टेस्ट मैच का परिणाम कुछ भी रहे रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम शीर्ष पर रहेगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा विजेता ऑस्ट्रेलिया ने वेलिंगटन में पहला टेस्ट मैच 172 रन से जीता था और वह अभी श्रृंखला में 1-0 से आगे है। भारत के टेस्ट रैंकिंग में अब 122 रेटिंग अंक हो गए हैं जो ऑस्ट्रेलिया से 5 अधिक हैं। इंग्लैंड की टीम 111 रेटिंग अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। वनडे में भारत के 121 रेटिंग अंक हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया 118 रेटिंग अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में भारत के 266 अंक हैं। इंग्लैंड इस प्रारूप में 256 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। भारत सितंबर 2023 से जनवरी 2024 के बीच टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर रहा था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला बराबरी पर छूटने के कारण भारत दूसरे नंबर पर खिसक गया था।

ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप करके भारत की जगह पहला स्थान हासिल किया था। इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैच की श्रृंखला में भारत हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच में 28 रन से हार गया था लेकिन इसके बाद उसने अगले चार टेस्ट मैच जीतकर शानदार वापसी करके आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान हासिल किया।

टेस्ट		वन-डे		टी-20	
टीम	रेटिंग	टीम	रेटिंग	टीम	रेटिंग
भारत	122	भारत	121	भारत	266
ऑस्ट्रेलिया	117	ऑस्ट्रेलिया	118	इंग्लैंड	256
इंग्लैंड	111	दक्षिण अफ्रीका	110	ऑस्ट्रेलिया	255
न्यूजीलैंड	101	पाकिस्तान	109	न्यूजीलैंड	254
दक्षिण अफ्रीका	99	न्यूजीलैंड	102	पाकिस्तान	249
पाकिस्तान	89	इंग्लैंड	96	दक्षिण अफ्रीका	249
वेस्ट इंडीज	81	श्रीलंका	91	वेस्ट इंडीज	245
श्रीलंका	79	बांग्लादेश	87	श्रीलंका	233
बांग्लादेश	51	अफ़ग़ानिस्तान	81	बांग्लादेश	228
ज़िम्बाब्वे	32	वेस्ट इंडीज	71	अफ़ग़ानिस्तान	218

हमें इस शब्द 'बैजबॉल' ने भ्रमित कर दिया: नासिर हुसैन

धर्मशाला। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में हार पर निराशा व्यक्त करते हुए टीम के बल्लेबाजों को व्यक्तिगत प्रदर्शन पर काम करने और 'बैजबॉल' के प्रति जुनून छोड़ने की सलाह दी। इंग्लैंड ने टेस्ट क्रिकेट में बैजबॉल शैली को अपनाया लेकिन भारत के खिलाफ यह रणनीति नहीं चली और उसे हार मिली। बैजबॉल शब्द इंग्लैंड के टेस्ट कोच ब्रैंडन मैकुलम के उपनाम 'बैज' से लिया गया है। हुसैन ने कहा कि हम इस शब्द बैजबॉल से भ्रमित हो गए। टीम और टीम प्रबंधन को बैजबॉल रास नहीं आ रहा है। उन्हें अपने व्यक्तिगत प्रदर्शन पर ध्यान देने की जरूरत है। विपक्षी टीम को देखिए। उन्होंने जिंदगी के हर पहलू की तरह प्रयास किया और उनसे सीख ली। फिर हमारा पतन क्यों हुआ। जैक क्रॉली अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में क्यों नहीं बदल पाए। बेन डकेट ने तब आक्रामक रवैया अपनाया जब गेंद काफी नई थी। बेन स्टोक्स पूरी श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए।

जिस दिन लगेगा अच्छा नहीं खेल पा रहा हूं, संन्यास ले लूंगा : रोहित

धर्मशाला, एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि वह इस समय अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल रहे हैं लेकिन जिस दिन उन्हें लगेगा कि वह अच्छा नहीं खेल पा रहे, वह तुरंत खेल को अलविदा कह देंगे। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम ने पांचवें और आखिरी टेस्ट में इंग्लैंड को एक पारी और 64 रन से हराकर श्रृंखला 4-1 से जीत ली। रोहित ने मैच के बाद जियो सिनेमा से कहा कि एक दिन जब मैं सुबह उठूंगा और मुझे लगेगा कि मैं अब अच्छा नहीं खेल सकता तो मैं तुरंत रिटायर हो जाऊंगा, लेकिन पिछले कुछ साल से मैं अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल रहा हूं। रोहित ने 2019 के बाद से टेस्ट क्रिकेट में नौ शतक लगाए हैं। बीसीसीआई ने पुष्टि की है कि रोहित इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप में भारत की कप्तानी करेंगे। श्रृंखला जीतने का श्रेय टीम को देते हुए उन्होंने कहा कि जब आप इस तरह टेस्ट जीतते हैं तो सब कुछ सही हो जाता है। एक समय पर लोग जाएंगे और आएंगे, यह हम जानते हैं। इन युवा खिलाड़ियों के पास भले ही अनुभव नहीं है लेकिन उन्होंने काफी क्रिकेट खेला है और मैंने देखा है कि दबाव का बखूबी सामना किया है। जीत का श्रेय पूरी टीम को जाता है।

मुझे नहीं लगता रोहित बेहतर कप्तान थे, उनके गेंदबाजों ने कमाल किया: स्वान

इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर ग्रीम स्वान का मानना है कि टेस्ट श्रृंखला में रोहित शर्मा की कप्तानी बेन स्टोक्स से बेहतर नहीं थी, लेकिन उनके गेंदबाजों ने कमाल किया जिससे भारत ने जीत दर्ज की। शुरू से लेकर अंत तक स्टोक्स की नेतृत्व शैली ने सभी का ध्यान खींचा, लेकिन रोहित की अगुवाई वाली टीम 4 मैच जीतकर बड़े अंतर से श्रृंखला नाम की। स्वान ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि एक कप्तान के रूप में वह बेहतर थे क्योंकि उनके गेंदबाजों ने कमाल किया। उनके पास अच्छी मारक क्षमता थी। मुझे गलत मत समझो, रोहित अच्छा कप्तान है लेकिन मेरा मानना है कि अगर आप इस संदर्भ में कहते हैं कि स्टोक्स ने खराब कप्तानी की तो मुझे लगता है कि आप गलत कह रहे हैं। पहले मैच में वे नहीं चल पाए लेकिन अंतिम 4 मैच में उन्होंने शानदार गेंदबाजी करके कप्तान का काम आसान किया।

बजरंग, रवि ओलंपिक क्वालीफिकेशन दौड़ से बाहर

सोनीपत (हरियाणा), एजेंसी

ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और रवि दहिया रविवार को यहां अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए चयन ट्रायल में अपने मुकाबले हारने के बाद पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो गए। पूनिया को पुरुषों के फ्रीस्टाइल 65 किग्रा सेमीफाइनल में रोहित से 1-9 से हार मिली। इससे पहले वह रविंदर से मुश्किल से जीत पाए थे। अगर रविंदर ने चेतावनी से अंक नहीं गंवाया होता तो पूनिया पहले ही बाहर हो गए होते। हारने के बाद पूनिया गुस्से में तुरंत भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) से चले गए। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अधिकारियों ने पूनिया के डोप नमूने लेने की कोशिश की लेकिन वह नहीं रूके। पूनिया ने ट्रायल्स के लिए रूस में ट्रेनिंग ली थी। ये ट्रायल्स भारतीय ओलंपिक संघ के तदर्थ पैनल द्वारा कराए जा रहे हैं। पूनिया ने हालांकि दिल्ली हाईकोर्ट में यह कहते हुए मुकदमा जीता था कि निलंबित डब्ल्यूएफआई के पास ट्रायल्स का अधिकार नहीं है। पुरुष 57 किग्रा (नोर्डिक प्रारूप में) हमेशा मुश्किल वर्ग रहा है जिसमें तोक्यो के रजत पदक विजेता रवि दहिया और अमन सेहरावत दौड़ में थे। चोट से वापसी कर रहे दहिया बड़े स्कोर वाले पहले मुकाबले में अमन से 13-14 से और अगले मुकाबले में उदित से हार गए।

रोमांचक मैच में आरसीबी को एक रन से हराकर दिल्ली प्लेऑफ में

जेमिमा ने अर्धशतक बनाकर एलिस के साथ 97 रन की साझेदारी की

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स ने जेमिमा रोड्रिग्स (58) के 26 गेंद में बनाए अर्धशतक और एलिस कैप्से (48) के साथ तीसरे विकेट के लिए 97 रन की साझेदारी से रविवार को डब्ल्यूपीएल के रोमांचक मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को एक रन से मात देकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया।

दिल्ली की यह पांचवीं जीत थी, जिससे टीम 10 अंक से शीर्ष पर है। दिल्ली ने 5 विकेट पर 181 रन का स्कोर बनाया और आरसीबी ने 7 विकेट गंवाकर 180 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने आरसीबी को जीत के करीब पहुंचा था लेकिन भाग्य ने साथ नहीं दिया और वह अंतिम गेंद पर रन आउट हो गई जब एक गेंद में दो रन की जरूरत थी। अंतिम गेंद पर रन आउट होने से पहले ऋचा ने 29 गेंद में 4 चौके और 3 छक्कों से 51 रन बनाए। आरसीबी के लिए एलिस पैरी ने 49, सोफी मोलिनेक्स ने 33 और सोफी डेविने ने 26 रन बनाए। कप्तान स्मृति मंधाना (5) का विकेट दूसरे ओवर में गिरा, लेकिन सोफी और एलिस ने दूसरे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी की। पैरी के बाद मोलिनेक्स भी आउट हो गई। सोफी डेविने (26) और ऋचा ने चौथे विकेट के लिए 32 गेंद में 49 रन बनाकर टीम की उम्मीद कायम रखी। डेविन के आउट होने से सभी की निगाहें ऋचा पर थीं। जेस जोनासेन के अंतिम ओवर में आरसीबी को 17 रन बनाने थे। ऋचा ने पहली गेंद पर छक्का जड़ा, अगली गेंद पर कोई रन नहीं बना। तीसरी गेंद पर दिशा कसात रन आउट हुईं। चौथी गेंद पर ऋचा ने 2 रन लिए और अगली गेंद को डीप मिडविकेट पर गगनचुंबी छक्का जड़कर अर्धशतक पूरा किया।

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

दिल्ली कैपिटल्स : 181/5, मेग लानिंग 29 (26 गेंद), शेफ़ाली 23 (18 गेंद), जेमिमा रॉड्रिग्स 58 (36 गेंद), ऐलिस कैप्सी 48 (32 गेंद), मरीज़ान काप नाबाद 12* (6 गेंद)। **विकेट :** श्रेयंका पाटिल 4, सोभना आशा 1।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : 180/7 सोफ़ी मोलिन्यू 33 (30 गेंद), एलिस पेरी 49 (32 गेंद), सोफ़ी डिवाइन 26 (16 गेंद), ऋचा घोष 51 (29 गेंद), जॉर्जिया वेयरहम 12 (6 गेंद), । **विकेट :** मरीज़ान काप 1, ऐलिस कैप्सी 1, शिखा पांडे 1, अरुंधति रेड्डी 1

शार्दुल के खेल से विदर्भ के खिलाफ मुंबई का पलटवार

रणजी फाइनल



मुंबई, एजेंसी

श्रेयस अय्यर और अजिंक्य रहाणे का रणजी में खराब प्रदर्शन जारी रहा लेकिन शार्दुल ठाकुर के खेल के दम पर मुंबई फाइनल के शुरुआती दिन विदर्भ के खिलाफ वापसी में सफल रहा। शार्दुल ने 69 गेंद में 5 चौके और 3 छक्के की मदद से 75 रन बनाए, जिससे 111 रन पर 6 विकेट गंवाने वाली मुंबई ने 224 रन बनाए।

शार्दुल ने गेंदबाजी कर विदर्भ के ध्रुव शोरे को पगबाधा किया। दिन का खेल खत्म होने तक विदर्भ ने 3 विकेट पर 31 रन बनाए। टीम मुंबई से 193 रन पीछे है। स्टंप्स के समय अथर्व तायडे (21) और रात्रि प्रहरी आदित्य ठाकरे क्रीज पर थे। तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी ने अमन मोखाडे (8) और करुण नायर (0) को विकेटकीपर हार्दिक तामोरे के हाथों कैच कराकर मुंबई का दबदबा बनाया। मुंबई ने बिना नुकसान के 81 रन बना लिए थे, लेकिन लंच के पहले और बाद में टीम 111 रन तक 6 विकेट गंवा दिए। राहणे और अय्यर ने 7-7 रन बनाए। दिन के पहले सत्र में उमेश यादव (43 रन पर 2 विकेट) की गेंदबाजी के खिलाफ मुंबई के पृथ्वी साव (46) और भूपेन लालवानी (37) ने रन बनाए। इस गेंदबाज ने लंच के बाद अय्यर का विकेट लिया। 20वें ओवर में तेज गेंदबाज यश ठाकुर (54 रन पर 3 विकेट) ने लालवानी को आउट कर पहले विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी को तोड़ा। कप्तान अक्षय वाखरे ने स्लिप में उनका शानदार कैच लपका। साव वामहस्त स्पिनर हर्ष दुबे (62 रन पर 3 विकेट) की गेंद पर बोल्ड होकर अर्धशतक से चूक गए। मुशीर खान (6) हर्ष की फिरकी से पगबाधा हो गए। महज 30 रन के अंदर 6 विकेट मुंबई ने गवां दिए। क्रीज पर आए शार्दुल ने कुछ चौके लगाकर विदर्भ के गेंदबाजों पर दबाव बनाया। एक छोर से वह तेजी से रन बना रहे थे तो वही दूसरे छोर से पुछल्ले बल्लेबाजों का विकेट गिर रहा था। वह आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज रहे।



पृथ्वीराज की 'द गोट लाइफ' का ट्रेलर जारी

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म 'द गोट लाइफ' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पृथ्वीराज सुकुमारन इन दिनों इस फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन बेहतर जीवन के तलाश में जुटे हुए हैं, लेकिन उनके सामने जीवन की कई मुश्किलें सामने आ रही हैं और वे खुद भी कष्टों में जूझ रहे हैं। फिल्म लोकप्रिय बेस्टसेलर उपन्यास 'आदु जीविथम' पर आधारित है। मशहूर लेखक बेन्यामिन द्वारा लिखित यह उपन्यास एक युवक नजीब के जीवन की सच्ची कहानी है, जो 90 के दशक की शुरुआत में विदेश में भाग्य की तलाश में केरल के हरे-भरे तटों से पलायन करता है। पृथ्वीराज ने कहा कि यह एक लंबी यात्रा रही है और आसान नहीं है। एक दशक के लंबे इंतजार के बाद दर्शकों को हमारी कड़ी मेहनत और उथल-पुथल का फल देखने को मिलता है। कोविड के दिनों से लेकर आज तक 'द गोट लाइफ' अप्रत्याशित और अविस्मरणीय यात्रा रही है। एआर रहमान जैसे उस्ताद को संगीत को जीवंत करते देखना सम्मान की बात है।

ऐश्वर्या, प्रियंका और दीपिका से मिलती है आलिया भट्ट को प्रेरणा

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री आलिया भट्ट को ऐश्वर्या राय, प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण से प्रेरणा मिलती है। आलिया भट्ट ने बताया कि भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्रियों ने बेहतरीन काम किया है और वो मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत रही हैं। ऐश्वर्या राय, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण, ऐसी कलाकार हैं जो मेरी दोस्त भी हैं। मैं भी उनकी तारीफ करती हूं इसलिए मुझे उन्हें बहुत अधिक श्रेय देना होगा क्योंकि उन्होंने एक तरह से रास्ता बनाया है। आलिया ने कहा कि मुझे यह भी लगता है कि हम ऐसे समय में रह रहे हैं जहां विविधता समय की मांग है। आप दुनिया के विभिन्न हिस्सों से अलग-अलग चेहरों को अलग-अलग लहजे में बोलते हुए देखना चाहते हैं। लेकिन सभी एक ही का हिस्सा हैं।

फिल्म बड़े घर की बेटी में अंजना और यामिनी

मुंबई, एजेंसी। बी4यू मोशन पिक्चर्स प्रस्तुत नीलम तिवारी फिल्म प्राइवेट लिमिटेड (ओपीसी) के बैनर से बनने वाली भोजपुरी फिल्म बड़े घर की बेटी की शूटिंग शुरू हो गई है। बड़े घर की बेटी में अंजना सिंह और यामिनी सिंह मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। इस फिल्म के निर्माता संदीप सिंह, अंजनी तिवारी और नीलाभ तिवारी हैं, जबकि निर्देशक संजीव बोहरपी हैं। फिल्म के निर्देशक संजीव बोहरपी ने बताया कि फिल्म की शूटिंग चल रही है। बचपन में मुंशी प्रेमचंद की कहानी बड़े घर की बेटी पढ़ा था, फिर इस टाइटल से हिंदी सिनेमा में फिल्म भी बनी थी। लेकिन हमारी यह फिल्म इन दोनों से अलग है और फ्रेश कहानी के साथ हम दर्शकों के सामने आएंगे। फिल्म की कास्टिंग भी कहानी के हिसाब से ही की गई है इसलिए हमें लगता है कि यह फिल्म दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स को भी पसंद आएगी। वहीं फिल्म को लेकर अंजना सिंह ने कहा कि कथ्य प्रधान फिल्मों में काम करने का अपना ही अंदाज होता है। मैंने भोजपुरी में बहुत सारी फिल्में की हैं, लेकिन यह फिल्म उन सभी से अलग है और मैं उम्मीद करती हूं कि जब भी रिलीज होगी, दर्शक इसे जरूर सिनेमाघर में जाकर देखेंगे। यामिनी सिंह ने कहा कि अलग-अलग तरह की कहानी के किरदार को जीना मेरी प्राथमिकता रही है। उम्मीद है यह फिल्म भी दर्शकों को बेहद पसंद आए। फिल्म बड़े घर की बेटी का कथा संवाद अरविंद तिवारी ने लिखा है और कला अंजनी तिवारी का है। डीओपी विजय मंडल का है। नृत्य कानू मुखर्जी, सोनू प्रीतम, संगीत साजन मिश्रा और गीत प्यारेलाल यादव, अरबिंद तिवारी का है। फिल्म के कार्यकारी निर्माता-अभिषेक त्रिपाठी हैं इस फिल्म में अंजना सिंह, यामिनी सिंह, अविनाश साही राकेश बाबू, संतोष श्रीवास्तव, प्रेम दुबे, कंचन मिश्रा, सोनाली मि मिश्रा मिश्रा, भूपेंद्र सिंह बीना पांडे मुख्य भूमिका में हैं।

भोजपुरी फिल्म रंग दे बसंती के टाइटल पर सेंसर बोर्ड का एतराज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार खेसारी लाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती के टाइटल पर सेंसर बोर्ड ने एतराज जताया है। निर्माता रोशन सिंह, सह निर्माता शर्मिला आर सिंह, निर्देशक प्रेमांशु सिंह और खेसारीलाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती 22 मार्च को पैन इंडिया रिलीज होनी है, लेकिन उससे पहले फिल्म के टाइटल पर सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी ने एतराज जता दिया है। फिल्म के निर्माता रोशन सिंह ने बताया कि उन्हें न्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से एक कॉल आया था, जिसमें पहले लीज हुई हिंदी फिल्म के समान शीर्षक होने से फिल्म के शीर्षक में बदलाव का अनुरोध किया गया। उन्होंने कहा कि मुझसे रवि नाम के किसी व्यक्ति ने संपर्क किया था, जिसने मेरी फिल्म के शीर्षक में बदलाव का अनुरोध किया था। रोशन सिंह ने बताया कि फिल्म रंग दे बसंती की स्क्रीनिंग हो चुकी है, और हमें यूए प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए आवश्यक कुछ कट्स के बारे में सूचित किया गया। जो बोर्ड के ऑफिसियल वेबसाइट पर भी दर्ज है। उन्होंने कहा कि जब हमने इस बाबत जानकारी के लिए सेंसर बोर्ड कार्यालय में संपर्क किया तो बताया गया कि आपका मामला सेंसर बोर्ड अध्यक्ष के कार्यालय से लंबित है। जो ऑफिसियल वेबसाइट पर भी दर्ज है। मैंने 5 मार्च को एक पत्र के माध्यम से इसकी जानकारी चाही मगर कारण क्या है अभी तक बताया नही जा रहा है और 8 मार्च को मुझे फोन कर फिल्म का शिर्षक बदलने का अनुरोध किया गया।

अंकुश राजा का होली गाना रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायक अंकुश राजा का गाना देवरे से डलवाईब रिलीज हो गया है। गाना देवरे से डलवाईब का थीम होली के दौरान भाभी के साथ देवर की ठिठोली का है, जिसे अंकुश राजा ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गाया है। गाना देवरे से डलवाईब वाई आर म्यूजिक फैक्ट्री के ऑफिशियल ट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। अंकुश राजा ने कहा कि होली के गानों की अपनी विधा है, जो हमारे यहां लोक संस्कृति में व्याप्त है। इस गाने में भी हुआ ऑडियंस को देखने को मिल रहा है और लोग इसे कनेक्ट भी कर पा रहे हैं तभी इस गाने को लाखों व्यूज मिल चुके हैं और यह गाना तेजी से आगे बढ़ रहा है। देवरे से डलवाईब गाना के म्यूजिक वीडियो में अंकुश राजा, रक्षा गुप्ता के नजर आए हैं। देवरे से डलवाईब के गीतकार छोटू यादव हैं और संगीतकार विकी बॉक्स हैं। डायरेक्टर संदीप राज हैं और कोरियोग्राफर योगेश हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

कतर में दुनिया की पहली एआई एयर होस्टेस लॉन्च

दोहा। दुनिया की पहली एआई एयर होस्टेस कतर एयरवेज ने लॉन्च कर दी है। कंपनी ने दुनिया की पहली डिजिटल ह्यूमन केबिन क्रू आईटीबी बर्लिन 2024 के दौरान पेश की है। इसका नाम समा है।

कंपनी ने एआई बेस्ड एयर होस्टेस का डेमो कतर वेब समिट के दौरान दिया था। ये केबिन क्रू ह्यूमन एयर होस्टेस को रिप्लेस नहीं करेगा। इसे बतौर फ्लाइट अटेंडेंट ट्रेनिंग दी गई है। यह खुद को अपडेट करती रहती है।

लापता मछुआरों की खोज के लिए पाकिस्तान भारत से मांगेगा मदद

इस्लामाबाद, एजेंसी

- **पांच मार्च को हिजामक्रो क्रीक में नाव पलटने से हुआ था हादसा अब तक 31 लोगों के शव बरामद**

पाकिस्तान सरकार 14 मछुआरों के शव बरामद करने के लिए भारत से मदद मांग सकती है, जो नाव पलटने के बाद से लापता हैं। सिंध के गांव इब्राहिम हैदर के 45 मछुआरे मछली पकड़ने गए थे, लेकिन पांच मार्च को थट्टा में केटी बंदर के पास हिजामक्रो क्रीक में नाव पलट गई। 31 मछुआरों को बचा लिया गया, जबकि 14 लापता हैं।

अधिकारियों ने कहा कि लापता लोगों को ढूंढने के लिए पाकिस्तानी नौसेना, समुद्री सुरक्षा एजेंसियों के गोताखोरों द्वारा अभियान चलाया गया, लेकिन 14 लापता मछुआरों का पता नहीं चल सका। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के विधायक आगा रफीउल्ला ने कहा कि शनिवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह से बात की थी और उनसे भारतीय अधिकारियों से संपर्क करने और लापता मछुआरों का पता लगाने के लिए उनकी मदद लेने को कहा था।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शरीफ ने उन्हें आश्वासन दिया है कि सरकार मामले को भारतीय अधिकारियों के साथ उठाएगी, क्योंकि ऐसी आशंका है कि ज्वार की लहरें मछुआरों को भारत की क्षेत्रीय सीमा तक ले गई होंगी। रफीउल्ला ने कहा कि लापता मछुआरे के रिश्तेदारों के संपर्क में हैं।

अमेरिकाः एडल्ट स्टार सोफिया लियोन का निधन

वाशिंगटन। एडल्ट फिल्म स्टार सोफिया लियोन का निधन हो गया है। 26 साल की सोफिया इस महीने की शुरुआत में अपने अपार्टमेंट में बेहोश मिली थीं। सौतेले पिता माइक रोमेरो ने उनके निधन की पुष्टि की है। फिलहाल मौत का कारण सामने नहीं आया है। सोफिया की मौत के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। पिछले तीन महीने में ये तीसरा मामला है जब किसी एडल्ट स्टार की मौत हुई है। सौतेले पिता ने गोफंडमी पर उनके मेमोरियल के लिए पैसे की मांग की है। उन्होंने कहा कि सोफिया एक मार्च को अपने अपार्टमेंट में बेहोश मिली थीं। फिर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच कर रही है।

स्मिशिंग से यूजर्स को फांस रहे साइबर ठग, संदिग्ध लिंक से बचें

भारत समेत दुनिया में एसएमएस धोखाधड़ी बढ़ रही है। इसे 'स्मिशिंग' कहा जाता है। साइबर सुरक्षा कंपनी प्रूफपॉइंट के अनुसार, दुनिया में रोज 4 लाख एसएमएस हमले होते हैं। साइबर लुटेरों के फैलाए इस जाल में फंसकर लोग अपने बैंक खातों से पैसा गंवा रहे हैं। जानते हैं 'स्मिशिंग' क्या है और इससे कैसे बचें...

4 लाख एसएमएस हमले करके दुनिया में रोज साइबर लुटेरों लोगों को फंसा रहे

स्मिशिंग, ईमेल ठगी से भी ज्यादा खतरनाक

स्मिशिंग ईमेल ठगी से अधिक खतरनाक मानी जाती है, क्योंकि ऐसे साइबर अपराधियों की पहचान करना मुश्किल होती है। जबकि, पीड़ितों को लगता है कि उनके नंबर का उपयोग केवल ज्ञात लोग ही कर सकते हैं।

क्या है स्मिशिंग ठगी

स्मिशिंग साइबर हमला है, जो मोबाइल टेक्स्ट मैसेज भेजकर किया जाता है। इसे एसएमएस फिशिंग भी कहते हैं। इससे लोगों और कंपनियों दोनों को निशाना बनाया जाता है। ठग लोगों को भ्रामक संदेश भेजता है, जिसे पढ़कर लगता है कि किसी भरोसेमंद स्रोत से भेजा गया है। इनमें अक्सर एक लिंक होता है, जो यूजर को फर्जी वेबसाइट पर ले जाता है। जब यूजर अपनी जानकारी (पासवर्ड, क्रेडिट कार्ड डिटेल आदि) डालता है, तो ठग इसे चुरा लेता है। कुछ मामलों में मैसेज में मैलवेयर भेजा जाता है। पिछले साल 39% यूजर को कम से कम ठगी का एक मैसेज आया है।

ठगी से कैसे बचें

अनचाहे संदेशों से सावधान रहें। संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। बैंक से जुड़ा संदिग्ध मैसेज मिले तो बैंक से संपर्क करें। निजी लेनदेन के लिए अलग ईमेल का इस्तेमाल करें। ऑपरेटिंग सिस्टम, सॉफ्टवेयर को अपडेट रखें, ताकि संबंधित मामले में बचा जा सके।

ऑनलाइन शिकायत दर्ज कैसे करें

चक्षु पोर्टल का लिंक sancharsaathi.gov.in पर उपलब्ध है। सरकार चक्षु के लिए एक एप बनाने पर काम कर रही है। अगर आपके पास धोखाधड़ी के इरादे से कोई कॉल, एसएमएस या व्हाट्सएप मैसेज आता है तो पोर्टल पर उसकी रिपोर्ट दर्ज करा सकते हैं। शिकायत में कॉल या एसएमएस आने का समय, तारीख और इससे जुड़ी सभी जानकारियां देनी होती हैं। रिकॉर्ड के तौर पर ऐसे कॉल या मैसेज का स्क्रीनशॉट भी देना होगा। अगर साइबर ठगी का शिकार हो चुका है तो उसे 'चक्षु' पोर्टल की बजाय भारत सरकार के साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट दर्ज करवानी चाहिए।

एक नजर

घाटी में बर्फ से तराशा ताजमहल

सोनमर्ग। धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले जम्मू कश्मीर की खूबसूरत वादियां पर्यटकों को मोह रहीं हैं। यहां की बर्फबारी का लुत्फ उठाने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंच रहे हैं। कुदरत भी इस बार पर्यटकों पर मेहरबान है इसीलिए घाटी में जमकर बर्फबारी हो रही है। बर्फ की सफेद चादर से ढका हुआ कश्मीर का नजारा अद्भुत है। फिलहाल सोनमर्ग में यह ताजमहल पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। कलाकारों ने बर्फ की चट्टानों से हुबहू तालमहल को ऐसे बनाया, जैसे कुदरत ने खुद बर्फ को तराश कर ताजमहल बना दिया हो। कलाकारों ने पर्यटकों के लिए अधिक आकर्षक और यादगार बनाने के उद्देश्य से बनाया है।

पाकिस्तान में अलग-अलग स्थानों पर 10 आतंकवादी ढेर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में दो अलग-अलग अभियानों में 10 आतंकवादी मारे गए हैं, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पाकिस्तानी सेना ने कहा, पहले खुफिया ऑपरेशन में आतंकवादियों के बीच झड़प में चार आतंकवादी मारे गए, जबकि अनुवर्ती सफाया अभियान के दौरान चार और आतंकवादी ढेर किया। एक अलग ऑपरेशन में सेना ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर घुसपैठ करने की कोशिश में दो की मौत हुई है, जबकि पांच को गिरफ्तार किया है।

नरसंहार से नेतन्याहू इजराइल को नुकसान पहुंचा रहेः बाइडन

विलमिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शनिवार को कहा कि उन्हें लगता है कि इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा में हमास के खिलाफ अपने युद्ध के तरीके से इजराइल की मदद करने के बजाय उसे नुकसान पहुंचा रहे हैं। बाइडन ने कहा- इजराइल गाजा में बड़ी संख्या में आम नागरिकों की मौत होने के कारण अंतर्राष्ट्रीय सहयोग खो सकता है। उनकी ताजा टिप्पणी दोनों नेताओं के बीच तनावपूर्ण होते संबंधों की ओर इशारा करती है। बाइडन ने गाजा में लोगों के बड़ी संख्या में मारे जाने पर बात की।

पश्चिम बंगाल में पहली बार राम नवमी पर सार्वजनिक अवकाश

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने आगामी 17 अप्रैल को राम नवमी के अवसर पर पहली बार सार्वजनिक छुट्टी की घोषणा की है। शनिवार को जारी अधिसूचना में कहा गया कि 17 अप्रैल को राम नवमी के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने 'एक्स' पर कहा कि ममता ने ऐसा अपनी हिंदू विरोधी छवि को भुनाने के लिए किया है, लेकिन अब बहुत देर हो गई है। बंगाल में हमेशा से दुर्गा पूजा, काली पूजा और सरस्वती पूजा बड़े त्योहार के रूप में मनाए जाते हैं।

टिकटॉक से प्रचार कर रहे बाइडन ट्रंप महिलाओं की आजादी के विरोधी

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावः ट्रंप विरोधी नारों के बीच युवाओं को लुभाने में जुटे राष्ट्रपति

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव लगभग तय हो गया है कि जो बाइडन का मुकाबला पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से होगा। भले ही हाल के कई सर्वे में बाइडन की उम्र (81 वर्ष) को लोगों ने बड़ा मुद्दा माना हो, लेकिन बाइडन ने जेन-जी युवाओं को लुभाने में ताकत लगा दी है। इसके लिए बाइडन अपने प्रचार में ट्रंप के भूलने की समस्या का जिक्र करते हैं।

ट्रंप को महिलाओं की आजादी का विरोधी बताते हैं। गर्भपात कानून का जिक्र करते हैं। इजराइल-फिलीस्तीन मुद्दे पर युद्ध- विराम के अपने प्रशासन के प्रयासों को बताते हैं। बॉर्डर पर दीवार का विरोध करते रहे हैं। युवाओं तक पहुंच बनाने के लिए टिकटोंक पर भी प्रचार अभियान शुरू किया है। वहीं, डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति जो बाइडन को बहस की चुनौती दी है। ट्रंप ने कहा कि यह हमारे देश और लोगों के लिए अच्छा रहेगा कि बाइडन और मैं अमेरिका के लिए अहम मुद्दों पर बहस करें। मैं कहीं भी, कभी भी डिबेट के लिए तैयार हूं।

अमेरिका में 20 फीसदी युवा मतदाता चुनाव में करेंगे खेला

20 साल से कम के 20% वोटर जो बाइडन को दोबारा राष्ट्रपति बनने के लिए युवा मतदाताओं का समर्थन जरूरी है। कुल अमेरिकी वोटरों में 18 से 19 साल तक युवा मतदाता करीब 20 फीसदी हैं। ये चुनाव के नतीजे को बना या बिगाड़ सकते हैं। वहीं, युवाओं के संगठन सनराइज मूवमेंट ने बाइडन लिए एक रोडमैप पेश किया है। इसमें 2035 तक ग्रीन एनर्जी अपनाने, आपदा प्रभावित त लोगों को मुफ्त इलाज और सस्ता आवास देने की मांग की गई है। गाजा-वेस्ट बैंक में स्थायी और तुरंत युद्धविराम तथा इजराइल को सैन्य और हथियार मदद रोकने की मांग शामिल है।

बाइडन-ट्रंप में आरोप-प्रत्यारोप

राष्ट्रपति पद के प्रबल दावेदारों में 81 वर्षीय बाइडन और 77 वर्षीय ट्रंप आरोप-प्रत्यारोप से खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। लोकप्रियता में कमी के बावजूद पार्टियों पर पकड़ बनाए हुए हैं। ट्रंप ने आरोप लगाया कि हमें बाइडन को हराना ही होगा। वह (बाइडन) इतिहास के सबसे खराब राष्ट्रपति हैं। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा, यदि हम ये चुनाव हारते हैं तो आपको एक फिर डोनाल्ड ट्रंप के शासनकाल के साथ जाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

किसी भी उम्मीदवार को पैसे दान नहीं करूंगाः एलन

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कहा है कि राष्ट्रपति पद के किसी उम्मीदवार को पैसा दान करने की उनकी कोई योजना नहीं है। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा, बस पूरी तरह से स्पष्ट होने के लिए आपको बता रहा हूं कि मैं अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में किसी भी उम्मीदवार को पैसा दान नहीं कर रहा हूं। दो दिन पहले ट्रंप से मिले थे।

चीनी एप पर अमेरिका लगाएगा पाबंदी, पेश किया विधेयक

वाशिंगटन। अमेरिका में 2016 के राष्ट्रपति चुनाव में रूस ने सोशल मीडिया के माध्यम से दखल दिया था। स्पेशल काउंसिल रॉबर्ट मुलर ने 2018 में पेश आरोप पत्र में बताया कि किस तरह रूसियों ने सोशल मीडिया पर हिलेरी क्लिंटन के खिलाफ और डोनाल्ड ट्रंप के पक्ष में प्रचार किया था।

अब 2024 के राष्ट्रपति चुनाव पर ऐसा ही खतरा मंडरा रहा है। कई विशेषज्ञ चीनी कंपनी बाइटडांस के एप टिकटॉक को गंभीरता से लेने की सलाह दे रहे हैं। अमेरिका में टिकटॉक के लगभग 17 करोड़ मासिक यूजर्स हैं। यह युवाओं में ज्यादा पॉपुलर है। खासकर कॉलेजों में इसके जरिये राजनीतिक प्रचार हुआ है। इसे ध्यान में रखकर 5 मार्च को रिपब्लिकन पार्टी के माइक गैलागर और डेमोक्रेटिक पार्टी के राजा कृष्णमूर्ति सहित 18 अन्य सांसदों ने बाइटडांस से संबंध नहीं तोड़ने की स्थिति में टिकटॉक पर पाबंदी लगाने का विधेयक प्रतिनिधि सदन में पेश किया है। विधेयक पास होने पर टिकटॉक बैन हो जाएगा। भारत ने 2020 में टिकटोंक पर प्रतिबंध लगाया था, अब अमेरिका तैयारी कर रहा है।

रूस-यूक्रेन परमाणु युद्ध मोदी के कारण टला, रिपोर्ट में दावा

वाशिंगटन, एजेंसी

- **दो शीर्ष अमेरिकी अधिकारियों ने रिपोर्ट में कहा-2022 में विश्व के कई नेताओं ने टाला परमाणु युद्ध**

रूस की ओर से वर्ष 2022 के अंत में संभावित परमाणु हमले को टालने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बेहतर संबंध काम आए। इस बात का सीएनएन की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि रूस ने यूक्रेन के खिलाफ परमाणु हमले की तैयारी शुरू कर दी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत संघर्ष टालने में दुनिया के शीर्ष नेताओं ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई। दो वरिष्ठ अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि बाइडन प्रशासन विशेष रूप से चिंतित था कि रूस परमाणु हथियार का उपयोग कर सकता है। विशेष रूप से 2022 के अंत में यूक्रेन में

रूसी सेना के लिए विनाशकारी समय साबित हो रही थी। यूक्रेनी सेनाएं दक्षिण में रूस के कब्जे वाले खेरसान पर आगे बढ़ रही थीं। जैसे ही ये सेनाएं आगे बढ़ीं, पूरी रूसी इकाइयां घिर जाने के खतरे में पड़ गईं। प्रशासन के अंदर विचार यह था कि इस तरह की विनाशकारी क्षति परमाणु हथियारों के उपयोग के लिए संभावित ट्रिगर हो सकती है। इस दौरान अमेरिका ने भारत सहित अन्य देशों की मदद ली।

वर्जीनिया की सीनेट में भारतवंशी पत्रकार सम्मानित

वाशिंगटन। भारतीय-अमेरिकी पत्रकार टी विष्णुदत्त जयरामन एक बार फिर सुर्खियों में हैं। दरअसल, वर्जीनिया के सदन ने जयरामन के पत्रकारिता और विदेश नीति के प्रति समर्पण के लिए उनके काम की सराहना करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है। यह प्रस्ताव भारतीय अमेरिकी सांसद सुहास सुब्रमण्यम ने चार मार्च को पेश किया था। बता दें, सुब्रमण्यम वर्जीनिया के 10वें कांग्रेस निर्वाचन क्षेत्र से अमेरिकी कांग्रेस के डेमोक्रेटिक उम्मीदवार भी हैं। बाद में आठ मार्च को सदन ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर दिया। सीनेट में जयरामन का परिचय देते हुए सुब्रमण्यम ने पत्रकारिता और विदेश नीति के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। साथ ही उन्हें सामाजिक परिवर्तन के लिए प्रतिष्ठित अशोक पुरस्कार प्राप्त करने वाले पत्रकार के रूप में संदर्भित किया।

उग्र छात्रों ने घेरा संसद...

एथेंसः ग्रीस के छात्रों ने निजी विश्वविद्यालयों की योजनाबद्ध शुरुआत के खिलाफ एथेंस में प्रदर्शन किया। करीब 20 हजार छात्रों ने संसद का घेराव करने का प्रयास किया। पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागकर उन्हें रोकने की कोशिश। इससे छात्र हिंसा पर उतर आए। उन्होंने पुलिस पर पेट्रोल बम, पटाखे फेंके और जवानों से भिड़ गए। जनवरी से ही सरकार के निजी विश्वविद्यालयों को खोलने की मंजूरी से जुड़ा प्रस्ताव आने के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। ● एजेंसी

पाकिस्तान में जरदारी ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान में रविवार को आसिफ अली जरदारी ने 14वें राष्ट्रपति पद की शपथ ली। देश के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने उन्हें इस्लामाबाद में मौजूद राष्ट्रपति भवन में ऐवान-ए-सद्र में शपथ दिलाई। इस दौरान प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी भी मंच पर मौजूद रहे।

वहीं चारों प्रांतों के राज्यपाल, हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों समेत कई राजदूत भी कार्यक्रम में शामिल हुए। बता दें, तख्तापलट के जोखिम का सामना कर रहे पाकिस्तान में दूसरी बार इस पद के लिए चुने गए पहले असैन्य व्यक्ति हैं। जरदारी, डॉ. आरिफ अल्वी की जगह लेंगे जो सितंबर 2023 में अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करने के बावजूद पांच महीने तक पद पर बने रहे। वहीं चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भी जरदारी को राष्ट्रपति बनने की बधाई दी।

ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थकों के 300 खाते सीज, 100 करोड़ जब्त

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन की ऋषि सुनक सरकार ने भारत विरोधी खालिस्तान समर्थकों पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। खालिस्तानी फंडिंग नेटवर्क की कमर तोड़ने के लिए बनाई विशेष टास्क फोर्स ने खालिस्तान समर्थकों के 300 से ज्यादा बैंक खाते सीज कर लगभग सौ करोड़ रुपये की रकम जब्त की है। टास्क फोर्स ने इन सभी बैंक खाते से कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड को हुए संदिग्ध ट्रांजेक्शन को ट्रैक किया था।

टास्क फोर्स के अनुसार, पिछले साल गठित टीम की वॉच लिस्ट में पांच हजार से ज्यादा बैंक खाता हैं। टास्क फोर्स ने इन खातों को दो तरह से बांटा है। पहला- वो खाता जो सीधे तौर पर घोषित खालिस्तानी नेताओं के हैं और दूसरा- वे खाते जो खालिस्तान समर्थकों के हैं। बैंक अकाउंट से एक बार

- **सुनक सरकार का एक्शन कनाडा सहित कई देशों में ट्रांजेक्शन ट्रैक**

में 50 हजार रुपए से ज्यादा का लेनदेन होने पर जानकारी निकलवाई जाती है।

टास्क फोर्स ने खालिस्तान समर्थकों के अमेरिका में नेटवर्क के भंडाफोड़ के लिए जांच एजेंसी एफबीआई से भी संपर्क साधा है। टास्क फोर्स के एक अफसर ने बताया कि भारत में प्रतिबंधित संगठनों के अमेरिका में बसे नेताओं की फंडिंग को रोकने के लिए एक दल अगले महीने अमेरिका जाएगा। बैंक अकाउंट सीज होने की कार्रवाई तेज होने पर आशंका है कि हवाला के जरिए फंडिंग हो सकती है।

एक साल के भीतर तीसरी बार विश्वासमत हासिल करेंगे दहल

काठमांडू, एजेंसी

- **मंत्रिमंडल का किया विस्तार, 13 को सभी सांसदों की उपस्थिति अनिवार्य का लिया फैसला**

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड इस बार सत्ता में आने के बाद 15 महीने के भीतर तीसरी बार 13 मार्च को संसद में विश्वासमत हासिल करने की योजना बना रहे हैं। 25 दिसंबर 2022 को तीसरी बार प्रधानमंत्री बने प्रचंड ने हाल ही में नेपाली कांग्रेस से नाता तोड़ पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अगुआई वाली सीपीएन-यूएमएल के साथ गठबंधन कर लिया।

प्रचंड की पार्टी सीपीएन-माओवादी सेंटर की संसदीय दल की बैठक में 13 मार्च को अपने सभी सांसदों की उपस्थिति अनिवार्य करने के लिए व्हिप जारी करने का फैसला लिया गया। संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा की 13 मार्च के सत्र की बैठक बुलाई गई है। नेपाली

मीडिया के अनुसार, नए गठबंधन के पास संसद में 275 सदस्य हैं।

प्रधानमंत्री प्रचंड ने रविवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। वरिष्ठ मधेसी नेता और जनता समाजवादी पार्टी के चेयरमैन उपेंद्र यादव को जनसंख्या एवं स्वास्थ्य और उन्हीं की पार्टी के किशोर शाह को वन मंत्री बनाया है। इसके साथ ही प्रचंड मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या 22 हो गई है।

अध्ययन हालिया सर्वे में सामने आए आंकड़े, इसकी बड़ी वजह बाकी कर्मीयों के मुकाबले अधिक कामगर होना

विश्व में मैनेजर लेवल जॉब के लिए भारतीय पहली पसंद

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय कामगार न केवल भारत में बल्कि देश के बाहर भी परचम लहरा रहे हैं। इनकी मांग अब देश के बाहर भी बड़े पैमाने पर हो रही है। हालिया एक सर्वे में सामने आया है कि दुनियाभर की कंपनियों में मैनेजर स्तर की जॉब के लिए भारतीय पहली पसंद हैं।

इसके पीछे की बड़ी वजह इन्हें बाकियों के मुकाबले अधिक कामगर होना है। इसके अलावा भारतीय कर्मचारी का कल्चरली सेंसेटिव होना है, जिस वजह से यह ऑफिस में कल्चरली आसानी से घुल-मिल जाते हैं। इसके साथ ही भारतीय कर्मचारी काफी विनम्र होते हैं और काम करने के लिए कहीं भी जाने को तैयार रहते हैं। पिडिलाइट के डायरेक्टर भरत पुरी,जो पहले कैडबरी और मॉडेलेज के साथ काम कर चुके हैं। वे कहते हैं, पिडिलाइट के एशिया-पैसिफिक के तमाम रिजनल ऑफिस में एक-तिहाई मैनेजर भारतीय हैं। वो कहते हैं कि भारतीय मैनेजर यूरोपीय समकक्षों की तुलना में विदेश में नौकरी के लिए जल्दी और अच्छी तरह से तैयार होते हैं।

पूरी कहते हैं कि 20 साल पहले किसी मल्टीनेशनल कंपनी में भारतीयों की संख्या एक या दो होती थी, लेकिन यह संख्या अब 60-70 हो चुकी है। लग्जरियस फैशन ब्रांड शनैल की सीईओ लीना नायर कहती हैं कि हालिया दौर में जहां कॉम्पिटिशन बहुत ज्यादा है उस दौर में भारतीय अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। भारतीय मैनेजर्स की विविधता और कौशल को देखकर मैं भी प्रभावित होती हूं। बता दें कि बाहर नौकरी पाने के लिए सबसे बढ़िया सोर्स उस देश की एंबेसी की वेबसाइट खोज कर ज्यादातर भारतीय है।

वहां से पता किस तरह की जॉब मिल सकती हैं, वीजा के लिए कैसे अप्लाई करना है, बगैर-बगैरा जानकारी आसानी से मिल जाती है। इनके अलावा ईमेल आईडी पर कम्यूनिकेशन कर लेते हैं। देशों की वेबसाइट्स और वहां मौजूद जॉब जब आप किसी भी देश की वेबसाइट पर जाएंगे तो वहां ऊपर ही वीजा के लिए आवेदन करने जैसे ऑप्शन होते हैं।

सीईओ में भी भारतीय पहली पसंद बन रहे

न केवल मैनेजर लेवल की जॉब के लिए भारतीय पहली पसंद हैं बल्कि सीईओ के रूप में भी दुनियाभर की कंपनियों के लिए भारतीय पहली पसंद हैं। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला, गूगल के सुंदर पिचई, यूट्यूब के नील मोहन, एडोब के शांतनू नारायण, स्टारबक्स के लक्ष्मण नरसिम्हन और आइबीएम के अरविंद कृष्णा सभी भारतीय मूल के हैं।

लेह में 'सरगर्मी' तेज, माइनस 15 डिग्री में उपवास पर बैठे वांगचुक

लेह, एजेंसी

- **लद्दाख को मिले राज्य का दर्जा केंद्र सरकार को दी चेतावनी अनिश्चितकालीन चलेगा आंदोलन**

लद्दाख को पूर्ण राज्य बनाने की मांग तेज हो गई है। इसको लेकर मशहूर इनोवेटर सोनम वांगचुक लेह में माइनस 15 डिग्री की हाड़ कंपाने वाली सर्दी में खुले आसमान के नीचे 21 दिनों के उपवास पर बैठ गए हैं।

वांगचुक की मांग है कि केंद्र जल्द से जल्द लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दे या इसे विधानसभा के साथ केंद्रशासित प्रदेश बनाए। इसके अलावा छठी अनुसूची लागू करने की भी मांग हो रही है। उन्होंने ने चेताया कि यदि केंद्र सरकार लद्दाख के लोगों से किए गए वादे पूरे नहीं करती तो आंदोलन अनिश्चितकालीन चलेगा। बता दें कि लद्दाख, पहले जम्मू-कश्मीर राज्य का हिस्सा था, अब इसको अलग केंद्रशासित प्रदेश का दर्ज दे दिया गया है।